

युद्धविराम को लेकर संशय सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का निफ्टी भी गिरा - 12



अमेरिका के साथ रक्षा उद्योग प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला संबंध गहरा करने के प्रयास - 13




ईरान युद्ध के कारण वैश्विक खाद्य कीमतों में वृद्धि का खतरा - 13



आरसीबी रॉयल्स मैच में नजरें शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर - 14

आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
20.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.51
सूर्यास्त 06.30

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष अष्टमी 11:15 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 229, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये

# ईरान ने होर्मुज में बिछाईं बारूदी सुरंगें

## संकट में युद्धविराम...तेहरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसियों ने जारी किया होर्मुज का नक्शा | अमेरिका और ईरान के बीच समझौतों पर वार्ता आज, जेडी वेंस इस्लामाबाद पहुंचे

- ईरान ने कहा- लेबनान में हिजबुल्ला पर इजराइल के हमलों का कड़ा जवाब देंगे

दुबई/इस्लामाबाद, एजेंसी

ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर कालिबाफ ने गुरुवार को चेतावनी दी कि यदि लेबनान में हिजबुल्ला पर इजराइल के हमले जारी रहे तो इसके स्पष्ट नतीजे सामने आएंगे और कड़ा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने अन्य ईरानी अधिकारियों की तरह इस बात पर जोर दिया कि दो सप्ताह का युद्धविराम लेबनान में भी लागू होता है, जिसे इजराइल और अमेरिका दोनों ने नकार दिया है। कालिबाफ के नाम पर संभावित वार्ताकार के रूप में चर्चा हो रही है, जो इस्लामाबाद में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात कर सकते हैं।

वहीं, ईरान की अर्धसरकारी समाचार एजेंसियों ने एक चार्ट प्रकाशित किया जिससे संकेत मिला कि देश के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने युद्ध के दौरान होर्मुज में समुद्री सुरंगें बिछाई हैं। इसे ऐसे संदेश के तौर पर देखा जा रहा है जिसका मकसद अमेरिका पर दबाव बनाना है। यह चार्ट ऐसे समय में प्रकाशित हुआ है जब अमेरिका और इजराइल के साथ हुए दो सप्ताह के युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। पाकिस्तान शुक्रवार को अमेरिका और ईरान के बीच उच्च-स्तरीय वार्ता की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोघादम ने तेहरान के प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी की पुष्टि करते हुए इस बात पर जोर दिया कि इजराइल द्वारा युद्धविराम के उल्लंघन के कारण उनके देश में शांति वार्ता को लेकर संदेह बना हुआ है। सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है 30 सदस्यीय अमेरिकी टीम के बाद उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस्लामाबाद पहुंच चुके हैं।

वहीं, होर्मुज में समुद्री सुरंगें बिछाने का चार्ट आईएसएनए और तस्नीम समाचार एजेंसी ने जारी किया है जिसे रिवोल्यूशनरी गार्ड का करीबी माना जाता है। चार्ट में पोतों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मार्ग ट्रैफिक सेपरेशन स्कीम पर फारसी भाषा में खतरे का क्षेत्र अंकित करते हुए एक बड़ा घेरा दिखाया गया है। इसी क्षेत्र में रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा बारूदी सुरंगें बिछाई गईं।



लेबनान के बेरूत शहर में बचाव अभियान के दौरान महिला को बचाते दमकलकर्मी।

### यूरेनियम संवर्धन नहीं रोकेगा तेहरान

**दुबई।** ईरान की परमाणु एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने कहा कि यूरेनियम संवर्धन के तेहरान के अधिकार की रक्षा करना अमेरिका से किसी भी युद्धविराम वार्ता के लिए आवश्यक है। ऊर्जा संगठन के प्रमुख ने ये टिप्पणियां दिवंगत अयातुल्ला अली खामेनेई की स्मृति में तेहरान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कीं। इस्लामी ने कहा, यह उन आवश्यक चीजों में से एक है जिनके बारे में कोई बात नहीं करता।

### लेबनान युद्ध-विराम समझौते में शामिल नहीं : ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हिजबुल्ला की वजह से लेबनान को युद्ध-विराम समझौते में शामिल नहीं किया गया गया है। उन्होंने लेबनान पर इजराइल के हालिया हमलों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह एक अलग लड़ाई है। इस बीच, ईरान ने लेबनान पर हमलों को युद्धविराम का उल्लंघन बताया है। उसने इजराइल द्वारा लेबनान में हमले तेज किए जाने के जवाब में होर्मुज को फिर बंद कर दिया जिससे हाल में हुआ युद्धविराम खतरे में पड़ गया है।

### ईरान होर्मुज में वसूलेगा 1 डालर प्रति बैरल टोल



ईरान ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सभी टैंकरों पर 1 डॉलर प्रति बैरल का टोल लगाने की योजना है। वह यह टोल क्रिप्टोकरेंसी में तय करेगा और निरीक्षण पूरा होने के कुछ ही सेकंड के भीतर बिटक्वाइन में भुगतान की मांग करेगा। फाइनेंशियल टाइम्स ने ईरान के तेल, गैस और पेट्रोकेमिकल उत्पाद निर्यातकों के संघ के आधिकारिक प्रवक्ता हामिद होसैनी के हवाले से बताया कि ईरान तेल टैंकरों को प्रति बैरल एक डॉलर के शुल्क पर होर्मुज से गुजरने की अनुमति देने के लिए तैयार है।

# बुनकरों के हित में तैयार करें क्लस्टर आधारित नई कार्य योजना : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



एमएसएमई मंत्री और उच्चाधिकारियों संग बैठक करते सीएम।

- उच्चस्तरीय समीक्षा में तय हुई बुनकरों की आय, सम्मान और स्थायित्व को लेकर प्राथमिकताएं
- क्लस्टर आधारित विकास के जरिए बुनकरों को बाजार डिजाइन, तकनीक से जोड़ने का निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने बुनकरों के लिए परिणामोन्मुख क्लस्टर आधारित नई कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बुनकर केवल परंपरा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

योगी ने गुरुवार को हथकरघा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि वर्तमान में बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर ही संभव है। बैठक में क्लस्टर चयन, बेसलाइन सर्वे, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, प्रभावी क्रियान्वयन तथा सतत अनुश्रवण जैसे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक क्लस्टर में सीमित संख्या में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित किया जाए, जिससे सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा मिले। साथ ही, इन क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हो। डिजाइन और विपणन को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद की सफलता बाजार की मांग के अनुरूप होने पर ही संभव है। उन्होंने 'डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव' तथा 'डिजाइन हाउस/सोर्सिंग-बाइंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस' जैसे संस्थागत तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। इससे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, बड़े बाजारों तक पहुंच और बुनकरों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स और ब्रांडिंग के विस्तार पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ा जा सके।

### बिजली बिल में राहत की तैयारी

पॉवरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए हथकरघा विभाग और पावर कॉर्पोरेशन संयुक्त कार्य योजना तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे बुनकरों की लागत घटेगी और उन्हें दीर्घकालिक राहत मिलेगी।

### वैल्यू चेन मॉडल पर होगा विकास

सरकार हथकरघा क्षेत्र को वैल्यू चेन मॉडल पर विकसित करेगी। क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहेंगे। बल्कि डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच को एकीकृत कर बुनकरों को बेहतर मूल्य और स्थायी बाजार उपलब्ध कराया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### निवेश के नाम 74 लाख रुपये की ठगी के दो मामलों में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर 74 लाख रुपये की ठगी करने के दो अलग अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में, ग्रेटर नोएडा निवासी राहुल त्यागी नामक व्यक्ति को 27.82 लाख रुपये की धोखाधड़ी में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता को एक सोशल मीडिया ग्रुप में जोड़ा गया और उसे शेयर बाजार और आईपीओ मंचों में निवेश करने का लालच दिया गया। एक अन्य मामले में, पुलिस ने ग्रेटर नोएडा निवासी रिंकू (36) को 47 लाख रुपये की निवेश धोखाधड़ी में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया।

### नीतीश कुमार शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। उनके राज्यसभा जाने के साथ बिहार में नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त होगा। कुमार गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे और हवाई अड्डे पर जद(यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा सहित पार्टी के नेताओं ने उनका स्वागत किया। कुमार ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा, मैं यहां शपथ लेने आया हूं। उन्हें राज्यसभा सभापति सी पी राधाकृष्णन के कक्ष में उच्च सदन के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई जाएगी।

# बाल तस्करी के मामलों को गंभीरता से लें राज्य, समन्वित कार्रवाई करें

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई, कहा- गिरोह देशभर में सक्रिय
- कहा- तत्काल कदम नहीं उठाए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी

उच्चतम न्यायालय ने बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि ऐसा करने वाले गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और यदि राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों ने तत्काल कदम नहीं उठाए तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी। कोर्ट ने कहा कि इस संबंध में केवल राज्य सरकार और उसका गृह विभाग ही सतर्कता के साथ कार्रवाई कर सकता है।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, एक न्यायालय के रूप में हम निगरानी कर सकते हैं, लेकिन कार्रवाई अंततः राज्य सरकार, पुलिस और अन्य एजेंसियों को ही करनी है इसलिए यह हमारा विनम्र अनुरोध है। पीठ ने संगठित तस्करी गिरोह को ध्वस्त करने के उद्देश्य से 2025 में सुनाए गए एक फैसले को लागू करने के मामले में कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ढुलमुल रवैये पर नाराजगी जताई।

न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि कुछ मामलों में बच्चों को बरामद किया जाना इस बात का प्रमाण है कि इस समस्या से निपटा जा सकता है लेकिन इसके लिए जिस स्तर की राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छाशक्ति चाहिए उसका फिलहाल अभाव है। पिछले साल 15 अप्रैल को दिए गए फैसले में कई संस्थागत सुधारों का निर्देश दिया गया था। इनमें तस्करी के मामलों में मुकदमों का निपटारा रोजाना सुनवाई के आधार पर छह महीने के भीतर पूरा करने का निर्देश भी शामिल था।

### कई राज्यों ने निर्धारित प्रारूप में नहीं भेजी रिपोर्ट

पीठ ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश, गोवा, हरियाणा, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा और पंजाब ने अब भी निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट दाखिल नहीं की। जब मध्य प्रदेश के गृह सचिव ने इस चूक के लिए माफी मांगी तो पीठ ने 'अंतिम अवसर' दिया और चेतावनी भी दी कि बार-बार विफल रहने पर राज्यों को आधिकारिक रूप से 'आदेश का पालन नहीं करने वाला' घोषित कर दिया जाएगा। पीठ ने कहा कि कम से कम 15 राज्य ऐसे हैं जिन्होंने मानव तस्करी की आशंका वाले क्षेत्रों की पहचान और निगरानी के लिए अनिवार्य समीक्षा समितियों का गठन अभी तक नहीं किया है। इस मामले में आगे की सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

### जांच के मानकों में सुधार करने का भी निर्देश

फैसले में मानव तस्करी निरोधक इकाइयों (एएचटीयू) को मजबूत करने और जांच के मानकों में सुधार करने का भी निर्देश दिया गया था। इससे पहले पीठ ने कुछ राज्यों की ओर से दाखिल अनुपालन रिपोर्ट को महज आंखों में धूल झोंकना करार दिया था।

# असम ने रचा इतिहास, केरलम-पुडुचेरी में रिकॉर्ड मतदान

गुवाहाटी/ तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी, एजेंसी

**85.38%** वोटिंग असम के इतिहास में सबसे ज्यादा

**89.81%** मत पड़े पुडुचेरी में 50 साल बाद

**78.01%** केरलम में 49 साल में दूसरी बार बना रिकॉर्ड

देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले गए। चुनाव आयोग के अनुसार रात 8 बजे तक असम में 85.38% मतदान हुआ। असम के इतिहास में यह सबसे ज्यादा वोटिंग का आंकड़ा है। वहीं, केरलम में पिछले 49 सालों में दूसरी सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, यहां 78.01% वोट डाले गए। 1977 में रिकॉर्ड 79.2% मतदान हुआ था। वहीं पुडुचेरी में 50 साल बाद 89.81% मतदान हुआ।

असम में चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हो गए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है।

असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुनेंगे। यहां 140 सीटें हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों के लिए वोटिंग हुई।



केरलम में विधानसभा चुनाव के दौरान कतार में खड़े लोग।

# अमेरिका-ईरान जंग ने ले ली बरेली के होनहार की जान



जीशान (फाइल)

- मिसाइल हमले से सड़क पर हुए गड्ढे में कार गिरने से जीशान अजहरी की हुई मौत

**बरेली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की विभीषिका में अरब देशों में काम करने वाले भारतीय भी झुलस रहे हैं। बरेली के रहने वाले जीशान अजहरी भी जंग की भेंट चढ़ गए। दुबई में ईरान के मिसाइल हमले में खाई बनी सड़क में कार गिरने से उनके साथ पाकिस्तानी ड्राइवर की भी जान चली गई। 16 दिन बाद दुबई से शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।

विदेश में जान गंवाने वाले जीशान (29) बरेली के बिहारीपुर निवासी बिस्कुट व्यापारी जान मोहम्मद उर्फ लल्ला के तीन पुत्रों में सबसे छोटे थे। वह 2020 से दुबई में नौकरी कर रहा था। जीशान अपने क्लाइंट से मिलकर लौट रहे थे। रास्ते में मिसाइट अटैक की वजह से हुए पानी से भरे गढ्डे में कार गिर गई ओर उनकी मौत हो गई।

# किडनी कांडः फरार आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम

**कानपुर।** किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट में फरार चल रहे डॉ. रोहित, उसके साथी अली व अफजाल पर पुलिस ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस इस प्रकरण में अब तक डॉ. दंपती समेत नौ लोगों को जेल भेज चुकी है, जबकि 12 की तलाश की जा रही है। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि बाकी आरोपियों के खिलाफ भी इनाम घोषित करने की प्रक्रिया शुरू है। डॉ. रोहित एनसीआर का रहने वाला है। अफजाल मेरठ के अल्फा अस्पताल में काम करता था। किडनी डोनर व रिसीवर की तलाश की जिम्मेदारी उसी पर होती है। अली ओटी टेक्नीशियन है। पुलिस के अनुसार डॉ. अफजाल व प्रयागराज का दलाल नवीन पांडेय ठिकाना बदल रहे हैं। अफजाल ने एक से संपर्क किया, जिससे जल्द पूछताछ की जाएगी। अगर उस व्यक्ति की किडनी कांड में संलिप्तता मिली तो कार्रवाई होगी। वहीं सिंडिकेट में अहम एंबुलेंस चालक दलाल शिवम अग्रवाल उर्फ शिवम काणा के मोबाइल में कई राज बंद हैं। किडनी ट्रांसप्लांट के मुख्य आरोपी डॉ. प्रीति आहूजा हैं। आहूजा हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट होता था। डॉ. प्रीति हॉस्पिटल की मालकिन है।

# महिला आरक्षण : प्रस्तावित संशोधन करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



- सभी सांसदों से इस महत्वपूर्ण संशोधन का समर्थन करने के लिए एकजुट होने का किया आग्रह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह देश भर की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। मोदी ने सभी सांसदों से इस महत्वपूर्ण संशोधन का समर्थन करने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया।

मोदी ने अपनी वेबसाइट 'नरेन्द्र मोदी डॉट इन' पर प्रकाशित एक लेख में यह भी कहा कि यह पहल उस सिद्धांत की पुष्टि है जिसने लंबे समय से भारत के इस सभ्यतागत लोकाचार का मार्गदर्शन किया है कि समाज तभी प्रगति करता है जब महिलाएं प्रगति करती हैं। कहा कि अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं।

कहा कि देश ऐतिहासिक अवसर की दहलीज पर खड़ा है और यह इसके लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने और समानता एवं समावेशन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का अवसर है। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी तथा विशेष सत्र महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए बुलाया गया है। प्रधानमंत्री ने बाद में पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में, महिलाओं से उनके लेख को पढ़ने और अन्य को भी इसे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। लोगों को राजनीतिक दलों को इस बात के लिए प्रोत्साहित व प्रेरित करना चाहिए कि 16, 17 और 18 अप्रैल को जब संसद की बैठक होगी तो वे इसे पारित करें। कहा, 'इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।'

**उपलब्धि** | उप्र ने की 22,337 करोड़ की खरीद, केंद्र सरकार ने सराहा, 3606 करोड़ की खरीद से नगर विकास विभाग सबसे आगे

# जेम पोर्टल पर यूपी प्रथम, बना देश का रोल मॉडल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने सरकारी खरीद में पारदर्शिता का नया मानक स्थापित किया है। वित्त वर्ष 2025-26 में जेम के माध्यम से 22,337 करोड़ रुपये की खरीद कर यूपी देश में शीर्ष स्थान पर रहा है। भारत सरकार ने भी यूपी की इस पारदर्शी खरीद प्रणाली की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल बताया है।

खास बात यह है कि प्रदेश के अधिकांश विभागों ने अपनी खरीद जेम पोर्टल के जरिए सुनिश्चित की, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बनी। प्रदेश में नगर विकास विभाग ने सबसे अधिक 3606 करोड़ रुपये की खरीद कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा (2973 करोड़), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (2498 करोड़) और गृह विभाग (1852 करोड़) प्रमुख रहे। राष्ट्रीय स्तर पर भी यूपी ने गुजरात (14,009 करोड़), महाराष्ट्र (6113 करोड़), दिल्ली (4278 करोड़) और छत्तीसगढ़ (3935 करोड़) जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया। जेम पोर्टल के माध्यम से खरीद ने केवल पारदर्शिता ही नहीं बढ़ाई, बल्कि छोटे उद्यमियों, स्टार्टअप और वंचित वर्गों को भी बाजार से जोड़ने का काम किया है। महिला उद्यमियों से खरीद 467 करोड़ (2020-21) से बढ़कर 4755 करोड़ (वर्ष 2025-26) तक पहुंच गई। वहीं एससी/एसटी उद्यमियों से खरीद 54 करोड़ से बढ़कर 752 करोड़ हो गई। स्टार्टअप से खरीद भी 261 करोड़ से बढ़कर 3203 करोड़ तक पहुंची, जबकि एमएसएमई से खरीद 3978 करोड़ से बढ़कर 27,235 करोड़ रुपये हो गई। इससे प्रदेश में स्थानीय उद्यमों को बड़ा प्रोत्साहन मिला है।

### जेम खरीद में टॉप-10 राज्य

- उत्तर प्रदेश – 22,337 करोड़
- गुजरात – 14,009 करोड़
- महाराष्ट्र – 6113 करोड़
- दिल्ली – 4278 करोड़
- छत्तीसगढ़ – 3935 करोड़
- बिहार – 3611 करोड़
- मध्य प्रदेश – 2900 करोड़
- जम्मू-कश्मीर – 2653 करोड़
- झारखंड – 2647 करोड़
- असम – 2494 करोड़

### विक्रेताओं के कारोबार में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी

जेम पोर्टल के जरिए यूपी के विक्रेताओं का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2020-21 में 5770 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में यह 42,654 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रति बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेम, कृष्ण मुरारी के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप सभी विभागों को जेम पोर्टल से खरीद के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

# आईवीएफ फेल हुआ तो होम्योपैथी ने दिया मां बनने का सुख

## विश्व होम्योपैथी दिवस पर विशेष : बांझपन के इलाज में होम्योपैथी बनी उम्मीद की किरण, आईवीएफ के महंगे विकल्प से राहत

पंकज द्विवेदी, लखनऊ

- लखनऊ स्थित केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान में संचालित हो रही विशेष इनफर्टिलिटी क्लीनिक, एक साल में 11 महिलाएं बनी मां

**अमृत विचार :** अनियमित जीवनशैली, बढ़ता मोटापा, देर से शादी और हार्मोनल असंतुलन जैसी समस्याओं के कारण आज की युवतियां शादी के कई वर्षों बाद भी सामान्य रूप से गर्भधारण नहीं कर पा रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में जहां एक ओर महंगा आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) कई दंपतियों की पहुंच से बाहर है, वहीं होम्योपैथी पद्धति अब एक सस्ती और प्रभावी विकल्प के रूप में उभर रही है।

लखनऊ के जानकीपुरम स्थित केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान में हर शनिवार को विशेष इनफर्टिलिटी क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। संस्थान की प्रभारी निदेशक डॉ. लिपि पुष्पा की देखरेख में चल रही इस क्लीनिक में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्या वर्मा के अनुसार, प्रत्येक ओपीडी में करीब 50 महिलाएं गर्भधारण और अन्य समस्याओं को लेकर पहुंच रही हैं। पिछले एक वर्ष में यहां इलाज से 11 महिलाओं को मातृत्व का सुख मिल चुका है, जिससे लोगों का होम्योपैथी पर विश्वास भी बढ़ा है।


प्रभारी निदेशक डॉ. लिपि पुष्पा व डॉ. दिव्या वर्मा

### केस-1
#### आठ साल बाद जगी उम्मीद, पांच महीने में मिली खुशखबरी

अलीगंज की एक युवती शादी के आठ साल बाद भी गर्भधारण नहीं कर सकी। आईवीएफ पर लाखों खर्च करने के बाद भी असफलता हाथ लगी, जिससे दंपति मानसिक रूप से टूट चुके थे। बाद में संस्थान में परामर्श लेने पर काउंसलिंग और होम्योपैथिक उपचार शुरू किया गया। महज पांच महीने में युवती गर्भवती हो गई। जांच में सामने आया कि उसके अंडाशय छोटे थे, जिसका सफल उपचार किया गया।

### केस-2
#### हार्मोनल असंतुलन दूर तीन महीने में गर्भधारण

एक अन्य मामले में बेटे की मृत्यु के बाद दंपति गहरे सदमे में चला गया। कई वर्षों तक गर्भधारण न होने पर उन्होंने संस्थान का रुख किया। जांच में हार्मोनल असंतुलन सामने आया। इलाज शुरू होने के मात्र तीन महीने के भीतर ही युवती ने गर्भधारण कर लिया।

### केस-3
#### बार-बार गर्भपात से मिली राहत

लखनऊ की ही एक महिला को शादी के सात साल बाद भी बार-बार गर्भपात की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। आर्थिक तंगी के कारण वह आईवीएफ नहीं करा सकी। होम्योपैथिक इलाज शुरू करने के कुछ ही समय में वह गर्भवती हुई और जांच में गर्भस्थ शिशु स्वस्थ पाया गया।

#### महिलाओं के साथ पुरुषों का भी होता है इलाज

प्रभारी निदेशक डॉ. लिपि पुष्पा बताती हैं कि बांझपन के मामलों में महिला और पुरुष दोनों की जांच बेहद जरूरी होती है। कई मामलों में समस्या पुरुषों में पाई जाती है, जिसके इलाज से महिला आसानी से गर्भधारण कर सकती है।

# शिक्षामित्रों-अनुदेशकों को मिलेगा बढ़ा मानदेय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कैबिनेट के फैसले के बाद बेसिक शिक्षा विभाग से शासनादेश जारी



**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा से जुड़े शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों को बड़ा तोहफा दिया है। गुरुवार को जारी शासनादेश के अनुसार दोनों वर्गों के मानदेय में 8 हजार रुपये प्रति माह की बढ़ोतरी कर दी गई है। अब प्रदेश के 1,42,929 शिक्षामित्रों को 10 हजार रुपये के स्थान पर 18 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इसी तरह, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार रुपये से बढ़ाकर 17 हजार रुपये प्रति माह कर दिया गया है। अंशकालिक अनुदेशकों को यह मानदेय वर्ष में 11 महीने दिया जाएगा। यह बढ़ा हुआ मानदेय इसी माह से लागू होगा, जिससे बड़ी संख्या में शिक्षाकर्मियों को राहत मिलेगी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में स्वीकृत प्रस्ताव के अनुरूप लिया गया है।

### न्यूज ब्रीफ


स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में निदेशक का कार्यभार ग्रहण करतीं गुंजन द्विवेदी।

#### मिशन निदेशक गुंजन द्विवेदी ने संभाला कार्यभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में बुधवार को गुंजन द्विवेदी ने मिशन निदेशक का पदभार संभाल लिया। अलीगंज स्थित पंचायती राज निदेशालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की। बैठक में ग्रामीण स्वच्छता अभियान, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शौचालय, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और ग्राम पंचायतों में चल रहे स्वच्छता कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मिशन निदेशक ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता को केवल अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा स्थायी व्यवहार परिवर्तन बनाया जाना चाहिए। गुंजन द्विवेदी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम भावना के साथ काम करने का आह्वान किया।

#### इस्लामनगर के बीडीओ निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने बदायूं के इस्लामनगर विकास खंड के खंड विकास अधिकारी मुनब्बर खां को निलंबित कर दिया है। प्रथम दृष्टया अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही और शिथिलता बरतने के आरोप में गुरुवार को यह कार्रवाई की गई है। यह निर्णय उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर लिया गया है। साथ ही, उनके विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियमावली के तहत विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही शुरू करने के भी आदेश दिए गए हैं। मालूम हो कि सरकार की इस कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर रुख अपनाने के संकेत दिए गए हैं।

#### लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 9 मई (शनिवार) को लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन जनपद न्यायालय, कलेक्ट्रेट परिसर और सभी तहसीलों में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश मलखान सिंह के निर्देशन में होने वाली इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निस्तारण का मंच है, जहां निर्णय सिविल कोर्ट की डिक्री के समान बाध्यकारी होता है और इसके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे लोक अदालत में पहुंचकर सुलभ, शीघ्र और कम खर्च में न्याय का लाभ उठाएं।

#### रेतेश्वर महादेव धाम का कायाकल्प तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के सरोजनी नगर क्षेत्र में सई नदी तट स्थित रेतेश्वर महादेव धाम का कायाकल्प तेजी से जारी है। पर्यटन विभाग की करीब 93.43 लाख रुपये की परियोजना के तहत अब तक लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। योजना का उद्देश्य मंदिर के पारंपरिक स्वरूप को संरक्षित रखते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'विकास भी, विरासत भी' की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है।

# स्मार्ट मीटर शिकायतों की जांच करेगी विशेषज्ञ समिति

## मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश, बिना गलती न कटे कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- ऊर्जा मंत्री और एमडी फील्ड में उतरें, करें समाधान
- गर्मी में बिजली आपूर्ति बाधित न हो, हेल्पलाइन रहे सक्रिय

**अमृत विचारः** स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ती शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेषज्ञ समिति गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने साफ कहा कि आम उपभोक्ता ईमानदार होता है और यदि बिल सही हो तो वह भुगतान से पीछे नहीं हटता। ऐसे में ओवरबिलिंग या तकनीकी खामियों की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को देर शाम उर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी उपभोक्ता की गलती नहीं है तो उसका बिजली कनेक्शन किसी भी स्थिति में नहीं काटा जाए। उन्होंने ऊर्जा मंत्री और पावर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक को खुद फील्ड में जाकर व्यवस्था देखने और शिकायतों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी बिजली आपूर्ति सरकार की प्राथमिकता है। स्मार्ट मीटरिंग, बिलिंग प्रणाली और उपभोक्ता सेवाओं को भरोसेमंद बनाना होगा। सभी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर पूरी तरह सक्रिय रहें और शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जाए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या 2017 के 1.65 करोड़ से बढ़कर 2026 में 3.71 करोड़ हो गई है। इस दौरान बिजली भार में 80 प्रतिशत और ऊर्जा बिक्री में 63 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में कुल ऊर्जा बिक्री 1.27 लाख मिलियन यूनिट से अधिक है। मुख्यमंत्री ने ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया को तेज करने, बिजली लाइनों के आधुनिकीकरण और भूमिगत केबलिंग को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। न्यूनतम पांच घरों वाले मजरों तक विद्युतीकरण सुनिश्चित करने, कृषि फीडरों के पृथक्करण और ओवरलोडिंग की समस्या दूर करने पर जोर दिया गया।

# आपदा प्रभावित जिलों का किया हवाई सर्वे

## उप मुख्यमंत्री पाठक और कृषि मंत्री शाही ने किसानों को जल्द राहत के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में हालिया असामयिक वर्षा, तेज हवाओं और चक्रवात से फसलों को हुए नुकसान के बीच सरकार ने राहत कार्य तेज कर दिए हैं। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री ब्जेरश पाठक और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को प्रभावित जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया।

दोनों मंत्रियों ने बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, फतेहपुर, उन्नाव और लखनऊ सहित कई जनपदों का दौरा कर फसल क्षति का आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण कार्य तेजी से पूरा कर प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराई जाए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार किसानों के साथ खड़ी है और हर संभव आर्थिक सहायता दी जाएगी।

हवाई सर्वेक्षण के बाद आजमगढ़ और फतेहपुर में समीक्षा बैठकें भी आयोजित की गईं, जिनमें जिलाधिकारियों व कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि फसल नुकसान का सही आकलन कर जल्द रिपोर्ट शासन को भेजी जाए, ताकि राहत वितरण में देरी न हो।


उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

#### फसलों की सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बेमौसम बारिश और कुछ जिलों में आगजनी की घटनाओं के बीच कृषि विभाग ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने खेत-खलिहानों में फसल की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने और विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। कृषि विभाग ने निर्देश दिया है कि खलिहानों में सिगरेट, बीड़ी या अन्य ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग न करें, क्योंकि इससे आग लगने की घटनाएं बढ़ सकती हैं। विभाग ने जनपदों में तैनात कृषि अधिकारियों को भी किसानों से लगातार संपर्क में रहकर उन्हें जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि कटाई और मड़ाई के दौरान विशेष सतर्कता जरूरी है। किसानों को सलाह दी गई है कि यदि खड़ी फसल भीग गई है तो उसे एक-दो दिन सूखने दें। कटाई के बाद खेत में पड़ी फसल में पानी न ठहरने दें और बोझ बांधकर खड़ा करें। खलिहान में भीगी फसल को खोलकर धूप और हवा लगने दें, ताकि वह जल्दी सूख सके। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि अनाज के दाने भीग गए हैं तो उन्हें तभी भंडारित करें, जब उनमें नमी 10 प्रतिशत तक रह जाए। साथ ही भंडारण से पहले गोदाम, बखारी, बोरे और दीवारों का धूम्रीकरण (फ्यूमिगेशन) कर लेना चाहिए, ताकि अनाज सुरक्षित और कीटमुक्त रह सके।

# डॉ. केके सिंह प्रकरण की होगी हाई-लेवल जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में सर्जरी विभाग के प्रोफेसर और डीन फैकल्टी प्रवक्ता डॉ. केके सिंह को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। उनके पूरे चिकित्सकीय कार्यकाल में नियुक्ति, बर्खास्तगी और पुनः बहाली मामलों की अब व्यापक जांच होगी। अतीत के पन्ने खुलेंगे। इस मामले में मौजूदा कुलपति की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। राज्य सरकार ने केजीएमयू प्रशासन से विस्तृत आख्या तलब की है, जिससे यह स्पष्ट है कि मामला अब उच्च स्तर पर गंभीरता से लिया जा रहा है।

भाजपा विधायक रमा निरंजन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि केजीएमयू में नियुक्तियां, खरीद और निर्माण जैसे बड़े फैसले डॉ. सिंह के प्रभाव में होते हैं। इससे राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इतना ही नहीं कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद के पति शरद मिश्र की भूमिका भी संदिग्ध बताई गई है। भाजपा विधायक रमा निरंजन ने केके हॉस्पिटल और डिग्री कॉलेज सहित अरबों की अकूत संपत्ति की जांच राष्ट्रीय एजेंसी से कराने की मांग की है और कहा है कि उन्हें सभी पदों से हटाया जाए।

# 12 आईपीएस और 35 पीपीएस अधिकारियों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नोएडा कमिश्नरेट की ट्विंकल जैन लखनऊ की एडीसीपी बनीं
- लखनऊ के ऋषभ रुनवाल को एएसपी नक्सल सोनभद्र बनाया गया

**अमृत विचारः** शासन ने गुरुवार देर शाम को 12 आईपीएस और 35 पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। जारी सूची में नोएडा कमिश्नरेट में एडीसीपी रही ट्विंकल जैन को लखनऊ और लखनऊ उत्तरी में एडीसीपी रहे ऋषभ रुनवाल को एएसपी नक्सल सोनभद्र बनाया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, सागर जैन एएसपी ग्रामीण सहारनपुर से एडीसीपी प्रयागराज, मनोज कुमार रावत एएसपी पूर्वी गोंडा को संभल दक्षिणी, आयुष विक्रम सिंह को एएसपी सिटी मेरठ से बहराइच, विनायक गोपाल भोंसले को सीतापुर से मेरठ, अंतरिक्ष जैन को मेरठ से बुलंदशहर, लिपि नागयाच को गाजियाबाद कमिश्नरेट से वाराणसी का एडीसीपी, राजकुमार मीणा को प्रयागराज से मीरजापुर नक्सल एएसपी, अलोक कुमार को संभल से प्रतापगढ़, एडीसीपी वाराणसी डॉ. ईशान सोनी को एएसपी जालौन और एएसपी अलीगढ़ मयंक पाठक को सहारनपुर का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है।

वहीं 35 पीपीएस अधिकारियों में आलोक कुमार सिंह को बहराइच से एसडीआरएफ मुख्यालय लखनऊ का उपसेनानायक, संजीव कुमार सिन्हा एएसपी रायबरेली को पुलिस मुख्यालय, आलोक सिंह-3 को एसीपी प्रयागराज से एएसपी रायबरेली, अजीत कुमार रजक को जौनपुर से एएसपी गोंडा, डॉ. तेजवीर सिंह को बुलंदशहर से अंबेडकरनगर, श्याम देव को एएसपी अंबेडकरनगर से 12वीं वाहिनी पीएसी उपसेनानायक फतेहपुर, मनीष कुमार मिश्र को मीरजापुर से अलीगढ़, शैलेंद्र लाल को प्रतापगढ़ से उन्नाव, एडीसीपी लखनऊ जया शांडिल्य को एएसपी अभिसूचना मेरठ, कृष्ण कांत सरोज को एएसपी अभिसूचना मेरठ से एएसपी विशेष जांच शाखा लखनऊ, प्रदीप कुमार वर्मा को जालौन से उपसेनानायक 2वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, राजेश कुमार पांडेय-2 को कानपुर देहात से एडीसीपी गाजियाबाद कमिश्नरेट, अवनीश कुमार मिश्र को मथुरा से पीएसी मुख्यालय लखनऊ, श्वेता कुमारी यादव को एडीसीपी गाजियाबाद से एएसपी मथुरा, कृपा शंकर को बलिया से एएसपी कानून-व्यवस्था शाखा डीजीपी मुख्यालय, स्नेहा तिवारी चंदौली से एएसपी बलिया, राघवेंद्र कुमार मिश्रा को मेरठ से उपसेनानायक 2वीं वाहहिनी एसएसएफ गोरखपुर, राजेश कुमार श्रीवास्तव एएसपी केंद्रीय भंडारण सीतापुर से एएसपी यातायात मेरठ, विवेक त्रिपाठी एएसपी यातायात आजमगढ़ से केंद्रीय भंडारण सीतापुर, अभिषेक कुमार सिंह को एटीएस लखनऊ से एएसपी बदायूं, शंकर प्रसाद को बुलंदशहर से पुलिस अकादमी मुरादाबाद, पियूष कांत राय को एडीसीपी आगरा से एएसपी चित्रकूट, सत्यपाल सिंह को चित्रकूट से एएसपी पीटीसी मुरादाबाद, आलोक प्रसाद को एएसपी सीतापुर से कानपुर देहात, अरुण कुमार सिंह-2 को फतेहगढ़ से एएसपी यातायात निदेशालय लखनऊ, गिरीश कुमार सिंह को एडीसीपी आगरा से एएसपी फतेहगढ़, राहुल मिठास को मैनपुरी से एएसपी तकनीकी सेवाएं लखनऊ, अभिषेक तिवारी को मेरठ से एएसपी मैनपुरी, महेंद्र पाल सिंह को फतेहपुर से सीआईडी सेक्टर लखनऊ का सेक्टर ऑफिसर बनाया गया है। इसी तरह ज्ञान प्रकाश राय को एडीसीपी गाजियाबाद से एएसपी फतेहपुर, सतीश चंद्र शुक्ला एएसपी भदोही को एएसपी आपरेशन चंदौली, प्रेमचंद एएसपी उन्नाव को एएसपी राज्य मानवाधिकार आयोग लखनऊ और अभिषेक प्रताप अजेय को एएसपी कन्नौज से बुलंदशहर का एएसपी नगर बनाया गया है।

# कृषि विज्ञान कांग्रेस में नई चुनौतियों पर मंथन, आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी खेती पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि वैज्ञानिकों ने गन्ना आधारित फसल प्रणाली में हल्दी, मूंग, काली मिर्च और अजवाइन जैसी अंतः फसलों को शामिल करने को लाभकारी बताया। मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए जैव-उर्वरक आधारित पोषक तत्व प्रबंधन और कार्बनिक कार्बन बढ़ाने पर बल दिया गया।

कृषि वैज्ञानिक, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित छठवीं उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस के दूसरे दिन गुरुवार को सात तकनीकी सत्रों में खेती की नई चुनौतियों पर व्यापक मंथन कर रहे थे। "विकसित कृषि विकसित भारत @2047" विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी खेती पर जोर दिया।

तकनीकी सत्रों में प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य, जलवायु सहिष्णु फसल किस्मों के विकास, जैविक तनाव प्रबंधन और फार्म मशीनीकरण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कृषि को केवल उत्पादन तक सीमित न रखकर उसे व्यवसाय के रूप में विकसित करने, मार्केटिंग, वैल्यू एडीशन और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। "खेत एक फसल अनेक" की अवधारणा को अपनाने की भी संस्तुति की गई। इसके साथ ही पोषण सुरक्षा पर जोर देते हुए बेबी फूड में गाजर, आम और अमरूद पाउडर के उपयोग तथा आंवला, जामुन जैसे उत्पादों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने की सलाह दी गई। विशेषज्ञों ने जलवायु अनुकूल खेती और नई तकनीकों के जरिए कृषि को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और लाभकारी बनाने पर बल दिया।

# विवाद के बाद यूपी लौटे आईएएस अनुराग यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को भेजा पत्र, कार्रवाई संभव
- वर्चुअल बैठक में सीईसी से बहस के बाद पर्यवेक्षक पद से हटाए गए

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान विवादों में आए यूपी कैडर के वरिष्ठ आईएएस अनुराग यादव को चुनाव आयोग ने वापस बुला लिया है। वह लखनऊ लौट आए हैं और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।


अनुराग यादव

सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग ने इस मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजा है, जिसमें आगे की कार्रवाई का संकेत दिया गया है। हालांकि, इस पर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि अनुराग यादव को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया था। चुनाव तैयारियों को लेकर आयोजित एक उच्चस्तरीय वर्चुअल बैठक के दौरान उनसे क्षेत्र के पोलिंग बूथ की संख्या पूछी गई, जिसका वह तुरंत सटीक जवाब नहीं दे पाए।

इसी दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त से उनकी तीखी बहस हो गई। बताया जाता है कि उन्होंने बैठक में आपत्ति जताते हुए कहा कि "आप इस तरह बात नहीं कर सकते", जिसके बाद मामला और बढ़ गया। घटना के बाद चुनाव आयोग ने उन्हें पर्यवेक्षक पद से हटाते हुए तत्काल वापस लौटने के निर्देश दिए। अनुराग यादव प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी हैं और वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अहम जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इस घटनाक्रम के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में इस मामले की व्यापक चर्चा है।

### बढ़ते कदम

'सीएम युवा' योजना बनी गेमचेंजर

# नवाचार से प्रदेश के हजारों युवा बने उद्यमी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 हजार से अधिक स्टार्टअप नए सत्र में ढाई गुना लक्ष्य
- फूड, डिजिटल, ट्रेनिंग और सर्विस सेक्टर में युवाओं का रुझान

**अमृत विचारः** योगी आदित्यनाथ सरकार की 'सीएम युवा' पहल ने प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को जमीनी स्तर पर मजबूत करते हुए इनोवेशन यानी नवाचार आधारित कारोबार को नई गति दी है। अब युवा नौकरी तलाशने के बजाय खुद रोजगार सृजित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

प्रदेश में अब तक 10 हजार से अधिक इनोवेटिव उद्यम स्थापित हो चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, कुल स्थापित उद्यमों में करीब 10 प्रतिशत इनोवेटिव मॉडल पर आधारित हैं, जिसे चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 25 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। 'सीएम युवा' योजना के तहत युवाओं को न केवल वित्तीय सहायता मिल रही है, बल्कि उन्हें बाजार, तकनीक और बिजनेस मॉडल की समझ भी दी जा रही है।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने 2133 इनोवेटिव उद्यमों को वित्तपोषित कर सबसे आगे स्थान बनाया है। इसके अलावा एसबीआई (1549), बीओबी (1170), पीएनबी (1018) समेत अन्य बैंकों ने भी बड़े पैमाने पर ऋण देकर युवाओं के सपनों को हकीकत में बदलने में मदद की है।

#### नए सेक्टरों में बढ़ा भरोसा, बदल रही सोच

प्रदेश में स्टार्टअप का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। फूड और रेस्टोरेंट सेक्टर में सर्वाधिक 763 उद्यम स्थापित होना इस बदलाव का बड़ा संकेत है। इसके अलावा कंप्यूटर ट्रेनिंग (370), पैथोलॉजी सैंपलिंग (260), फास्ट फूड (253), फ्रेंचाइजी मॉडल (253) और ऑनलाइन टीचिंग (189) में भी तेजी देखी जा रही है। जिम, मोबाइल आईटी प्लेटफॉर्म, ट्रैवल एंड टूरिज्म और क्लाउड किचन जैसे उभरते क्षेत्रों में भी युवाओं की सक्रियता बढ़ी है।

#### जिलों में प्रतिस्पर्धा, लखनऊ सबसे आगे

जनपदवार आंकड़ों में राजधानी लखनऊ 287 इनोवेटिव उद्यमों के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद आजमगढ़ (286) और हरदोई (262) दूसरे व तीसरे स्थान पर हैं। जौनपुर, अंबेडकर नगर, कानपुर, वाराणसी और रायबरेली जैसे जिले भी तेजी से इस दौड़ में आगे बढ़ रहे हैं।

#### सेवानिवृत्त इंजीनियरों को समयबद्ध पेंशन देने की नई व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त इंजीनियरों को समय पर पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। शासन स्तर पर स्पष्ट किया गया है कि पेंशन मामलों में देरी या त्रुटि किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी और सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। सरकार का फोकस इस बात पर है कि रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों को अपने ही हक के लिए भटकना न पड़े। इसके लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि पेंशन स्वीकृति, भुगतान और अन्य देयकों की प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी बनाया जाए।

न्यूज ब्रीफ

## पत्रकार को पितृशोक


वीरेंद्र नाथ बाजपेयी।

शिवराजपुर। शिवराजपुर क्षेत्र के काकूपुर रब्बन निवासी पत्रकार सुनील बाजपेयी के पिता वीरेंद्र नाथ बाजपेयी का गुरुवार दोपहर निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे । उनका उपचार एक प्राइवेट अस्पताल से चल रहा था। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई सामाजिक कार्य और क्षेत्र के दूधेश्वर मंदिर से जुड़े होने के चलते क्षेत्र के पत्रकार और बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने उनके घर पहुंच कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। वहां पहुंचे लोगों ने परिजनों को ढांढस बंधाया। उनका अंतिम संस्कार शिवराजपुर के सरैया घाट पर आज किया जाएगा।

# जांच की खबर लगते ही दुकान में ताला लगाकर भागा कोटेदार

## आपूर्ति अधिकारी ने की कार्रवाई की तैयारी, अनियमितताओं की मिल रही थीं शिकायतें

संवाददाता बिल्हौर / शिवराजपुर


राशन दुकान की जांच करने पहुंचे अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सरकारी राशन के वितरण में अनियमितता और उपभोक्ताओं के हक पर डाका डालने वाले कोटेदारों के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। तहसील बिल्हौर के अंतर्गत नगर पंचायत शिवराजपुर से राशन वितरण में घपलेबाजी की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां के कोटेदार योगेंद्र यादव के खिलाफ लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद जब प्रशासनिक टीम जांच के लिए पहुंची, तो कोटेदार दुकान में ताला लगाकर रफूचक्कर हो गया।

कोटेदार योगेंद्र यादव के विरुद्ध राशन वितरण में धांधली, कम राशन देने और स्टॉक में हेरफेर करने की कई गंभीर शिकायतें क्षेत्रीय खाद्य विभाग को मिल रही थीं। इन शिकायतों की सत्यता परखने के लिए गुरुवार को क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति अधिकारी ओ.पी. राणा दलबल के साथ मौके पर जांच करने पहुंचे थे।

जैसे ही कोटेदार योगेंद्र यादव को विभागीय जांच की भनक लगी, दुकान पर हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के अनुसार, दुकान में पर्याप्त स्टॉक न होने और पकड़े जाने के डर से कोटेदार और उनके परिजन आनन-फानन में दुकान बंद कर मौके से गायब हो गए। आपूर्ति अधिकारी जब दुकान पर पहुंचे तो वहां ताला लटका मिला और विक्रेता का कहीं पता नहीं चला।

मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं ने आपूर्ति अधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति अधिकारी ओपी. राणा ने बताया कि दुकान बंद कर भागना इस बात की ओर इशारा करता है कि स्टॉक और वितरण में गड़बड़ी है। उन्होंने कहा कि इस मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है और सरकारी नियमों के उल्लंघन के मामले में कोटेदार के विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पति ने गिरवी रखा सिलेंडर, पुलिस ने भरवा कर दिया

**बिल्हौर।** मकनपुर कस्बे की रहने वाली शबीना नाम की महिला का पति शराब का आदी है। शराब की इसी बुरी लत के चलते उसने घर का गैस सिलेंडर किसी के पास गिरवी रख दिया। सिलेंडर न होने से घर में खाना बनना बंद हो गया। इससे परेशान होकर शबीना मकनपुर पुलिस चौकी पहुंची। वहां उसने चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा को अपनी बात बताई । शबीना की परेशानी सुनकर विशाल ने उस व्यक्ति का पता लगाया जिसके पास सिलेंडर रखा गया था। उन्होंने मानवता की मिशाल पेश करते हुए न सिर्फ उस गिरवी रखे सिलेंडर को छुड़वाया, बल्कि अपनी ओर से उस सिलेंडर में गैस भी भरवाई। इसके बाद उन्होंने गैस सिलेंडर को शबीना के घर भिजवाया । मकनपुर चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा के इस सराहनीय कार्य की पूरे मकनपुर में प्रशंसा हो रही है।

# नाबालिग बच्ची से मकान मालिक ने किया दुराचार

संवाददाता, चौबेपुर

- आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल, पुलिस कर रही जांच
- घटना के समय बच्ची की मां दवा लेने कस्बा चौबेपुर गई हुई थी

**अमृत विचार।** मां के साथ किराए के मकान में रह रही नाबालिग बच्ची को अकेला पाकर मकान मालिक ने अपनी हवस का शिकार बना लिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के पश्चात गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

शिवराजपुर थाना क्षेत्र के दहेलिया गांव निवासी अरुण पुत्र राजकुमार शादीशुदा है और कुछ समय पहले क्षेत्र में नया मकान बनवाया है। मकान के एक हिस्से को उसने किराए पर उठा रखा है। जिसमें एक महिला अपनी दो बेटियों के साथ रहती है। महिला का पति दूसरे शहर में नौकरी करता है। बताया गया है कि मंगलवार दोपहर जब महिला दवा लेने के लिए कस्बा चौबेपुर गई थी और बड़ी बेटी पढ़ने के लिए कोचिंग गई थी। तभी अरुण ने किराएदार महिला की छोटी व नाबालिग बेटी को जान से मारने की धमकी दे उसके साथ दुराचार किया। मां के घर वापस लौटने पर पीड़ित बेटी ने रोते हुए सारी घटना बताई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित किशोरी का मेडिकल कराया गया है। गुरुवार सुबह आरोपी को बंदी माता हाईवे अंडरपास के समीप से गिरफ्तार कर लिया गया।

# एडीसीपी ने बताये आग से बचाव के गुर

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार ।** वीरपुर स्थित फायर स्टेशन में गुरुवार को जन जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान यहां पर पहुंचे एडिशनल कमिश्नर डॉ. विपिन ताडा और मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम में ग्रामीणों, अग्नि सचेतकों और संभ्रांत नागरिकों को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया है।

कानपुर मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशिष्ट अग्नि सुरक्षा उपायों की जानकारी दी और लोगों से सतर्क रहने को कहा।

वहीं कानपुर एडिशनल कमिश्नर डॉ. विपिन ताडा ने ग्रामीण क्षेत्रों में सिगरेट या बीड़ी जलती हुई अवस्था में खेतों के पास फेंकने से होने वाली आग की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने लोगों को ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी। एडिशनल कमिश्नर डॉ. विपिन टाडा ने बताया कि इस समय खेतों में गेहूं की पकी हुई फसल खड़ी है, जिससे आग लगने का खतरा अधिक है। साथ ही उन्होंने घरेलू सुरक्षा के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अधिकारियों ने रसोई में काम करते समय सावधानी बरतने, गैस सिलेंडर का रेगुलेटर बंद करने की बात कही।

## नियुक्ति पत्र पाकर खिले चेहरे

**बिल्हौर ।** गुरुवार को विकासखंड बिल्हौर में नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं के लिए 'नियुक्ति पत्र वितरण समारोह' का आयोजन किया गया। चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुनी गई सहायिकाओं को उनके नियुक्ति पत्र सौंपे गए, जिसे पाकर अभ्यर्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मनोरमा और बीडीओ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

# नवनियुक्त सहायिकाओं को दिये नियुक्ति पत्र

संवाददाता, कल्याणपुर

**अमृत विचार ।** गुरुवार को बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में विकासखंड कल्याणपुर में नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं के लिए 'नियुक्ति पत्र वितरण समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुराधा अवस्थी ब्लॉक प्रमुख कल्याणपुर द्वारा तथा जिला उद्यान अधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी उमेश उत्तम द्वारा किया गया।

दीप प्रज्ज्वलन के बाद दीपू सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी, कल्याणपुर द्वारा सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। वहीं अपने संबोधन में अनुराधा अवस्थी ने सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ सभी नवनियुक्त सहायिकाओं को शुभकामनाएं दीं।


दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत करतीं ब्लाक प्रमुख अनुराधा अवस्थी।




डॉ. सुनील शिवमंगल पाण्डेय
एम.डी.
होमियोपैथिक फिजीशियन व सलाहकार
भू0पू0 मेडिकल ऑफीसर, पं0 दीनदयाल उपाध्याय स0्हे0 विद्यालय
ए0एम0शेख होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, बेलगाम, कर्नाटक
भू0पू0 विभागाध्यक्ष, रामकृष्ण मिशन अस्पताल, कानपुर
भूतपूर्व विजिटिंग रीडर– होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, उदयपुर (राजस्थान)

विश्व होम्योपैथिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

1. गुर्दे की पथरी व मूत्र जनित रोग व क्रियेटिनीन सम्बन्धित समस्याएं ।
2. गर्दन, कमर, गठिया वात सम्बन्धित रोग।
3. वालों का झड़ना, असमय सफेद बाल, गंजापन ।
4. बच्चेदानी, अण्डाशय व स्तन की गाँठ बिना आपरेशन इलाज।
5. माईग्रेन, चक्कर, नसों से सम्बन्धित रोग।
6. लिवर, पित्त रोग, मियादी बुखार प्लेटलेट्स सम्बन्धित समस्याएं।
7. त्वचा सम्बन्धित रोग, सोराइसिस, पित्ती, खुजली व अन्य त्वचा सम्बन्धित समस्याएं व अन्य सभी असाध्य रोग विशेषज्ञ ।

आर. के. देवी हॉस्पिटल के सामने स्वरूप नगर कानपुर
दिन सोमवार से शुक्रवार 12 से 4 बजे तक
रविवार 01 से 4.00 बजे (शनिवार अवकाश)
दिन शनिवार समय सुबह 10 से 4 बजे तक
पॉलीवाल विल्डिंग के ठीक सामने, स्टेशन रोड बाँदा (बाटा बाबू का घर)
मो. 8318613599, 9838722648

## विश्व होम्योपैथी दिवस की शुभकामनाएं

# स्वास्थ्य जीवन के लिए होम्योपैथी अपनाये

हर वर्ष 10 अप्रैल को विश्वभर में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। यह दिन होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की जयंती के रूप में समर्पित है। इस अवसर पर होम्योपैथी के महत्व, इसकी उपयोगिता और लोगों के जीवन में इसके सकारात्मक प्रभावों को याद किया जाता है।

होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जो शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर बीमारियों का इलाज करती है। इसमें



दवाएं अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में दी जाती हैं, जिससे कोई साइड इफेक्ट नहीं होता और रोग जड़ से समाप्त करने पर जोर दिया जाता है। प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. मधूलिका शुक्ला के अनुसार, "होम्योपैथी केवल बीमारी का इलाज नहीं करती, बल्कि पूरे व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन को सुधारती है।" वे बताती हैं कि आज के समय में जहां लोग लंबे समय तक चलने वाली बीमारियों जैसे थायरॉयड, पीसीओडी, एलर्जी, माइग्रेन और त्वचा रोगों से परेशान हैं, वहां होम्योपैथी एक सुरक्षित और प्रभावी विकल्प बनकर सामने आई है। डॉ. शुक्ला ने अपने अनुभव में पाया है कि सही समय पर और सही मार्गदर्शन में लिया गया होम्योपैथिक उपचार मरीजों को स्थायी राहत देता है। खासकर महिलाओं से जुड़ी समस्याओं—जैसे गर्भाशय की गांठ (फाइब्रॉइड), ओवरी सिस्ट और हार्मोनल असंतुलन—में होम्योपैथी के उत्कृष्ट परिणाम देखने को मिलते हैं। विश्व होम्योपैथी दिवस का उद्देश्य लोगों को इस प्राकृतिक और सुरक्षित चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक करना है। आज जरूरत है कि हम आधुनिक जीवनशैली के बीच एक ऐसे इलाज को अपनाएं, जो बिना नुकसान के हमें स्वस्थ जीवन प्रदान करे।

■ डॉ. मधुलिका शुक्ला


विश्व होम्योपैथिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. A.L. Nishad
B.Sc. B.H.M.S. (Agra University)
Homeopathic Physician, Regd. No. H-22978, Member of HMAI
पेशाब नली का सकरा होना, Striture of urinary passage, Kidney Stone, Sciatica, Hemogenia, Vasucos, Vein
1. 72/8, VIJAY NAGAR, GALLAMANDI KANPUR,
Timing: Morning: 11.00 A.M. to 2.00 P.M.
Evening: 6.00 P.M. to 9.30 P.M.
2. P-32 TATYA TOPE NAGAR, KANPUR
Timing: Evening: 5.00P.M. to 6.30 P.M.
Residence: E-260, Jarauli, F-2, Kanpur
Mob. No.: 9839149174




होम्योपैथी द्वारा हर बीमारी का किफायती व प्रभावी इलाज किया जा सकता है आजकल खराब जीवन शैली व अनियमित खान-पान के कारण लोगों को बहुत से विकार हो रहें है ऐसे में होम्योपैथी दवायें उपचार के लिये एक बेहतर विकल्प है आज बच्चे भी बहुत सी समस्याओं का शिकार हो रहे है। यदि बच्चों को शुरुआत से ही होम्योपैथी दवायें दी जायें तो उनको भविष्य में गम्भीर बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। यहाँ के प्रमुख डॉ. शिवमंगल पाण्डेय कई सालों से मरीजों के उत्तम इलाज के लिये समर्पित है। डॉ. शिवमंगल पाण्डेय के अनुसार उन्होंने कई जटिल व आसाध्य रोगों को बहुत कम समय में पूर्णतया ठीक किया है डॉ. पांडेय का कहना है कि यदि मरीज सही दवा को सुझाये गये समय के अनुसार लें तो बड़ी से बड़ी बीमारी को निर्धारित समय में जड़ से खत्म किया जा सकता है। इस क्लीनिक में आपको रुमटॉइड आर्थराइटिस, सोरायसिस, ट्यूमर, किड्नी स्टोन, गालब्लैडर स्टोन, सफेद दाग, थायराइड, पी.सी.ओ.डी. पार्किंसन, त्वचा सम्बन्धित, लीवर रोग तथा न्यूरो आदि की अन्य समस्याओं का इलाज बहुत किफायती दामों में उपलब्ध है। ■ डॉ. शिवमंगल पाण्डे


मानसिक रोगों के लिये होम्योपैथी
SR होम्योपैथी

हम सभी जानते है की मानसिक रोग मस्तिष्क में पाए जाने वाले न्यूरो केमिकल्स का विकार है। सामान्यतः केमिकल्स का सही मात्रा में ना निकालना व हमारा व्यवहारिक बदलाव और अन्य सामाजिक कारण इसके लिए मूलतः उत्तरदाई होते हैं। होम्योपैथिक दवाओं का आधार हम कैसा सोचते हैं, कैसा महसूस करते हैं व कैसा व्यवहार करते हैं पर ही केंद्रित होता है, इसीलिए होम्योपैथिक दवाएं मानसिक रोगों को बिना किसी साइड इफेक्ट के पूर्ण रूप से सही करने में सक्षम होती हैं। डॉ. अवशेष गुप्ता विगत कई वर्षों से Sr होम्योपैथी में लगभग सभी मानसिक रोग जैसे उलझन, घबराहट डर, ओसीडी, डिप्रेशन अत्यधिक क्रोध, ऑटिज्म A.D.H.D. एवं अन्य मानसिक व शारीरिक असाध्य रोगों का इलाज सफलतापूर्वक कर रहे हैं।

उनके 21 वर्षों का अनुभव व मानसिक रोगों में विशेषज्ञता के कारण, मरीजों को मानसिक स्वास्थ्य में सुधार और बेहतर जीवन जीने का मौका मिला है। होम्योपैथी की प्रभावशीलता और सुरक्षा इसे मानसिक रोगों के इलाज के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाती है।

Dr. AVASHESH GUPTA
M.D. (होम्योपैथी) Psychiatry, P.G.D.P.
मानसिक व असाध्य रोग विशेषज्ञ
Anxiety (Panic Attack)
Fear
Depression, O.C.D.
A.D.H.D.
Autism
practo
: 8799551232 बसंत विहार व केशव पुरम्
Google

निःसंतानता के लिये होम्योपैथी
Dr. POOJA GUPTA
M.D. (होम्योपैथी) C.G.O.
स्त्री रोग एवं असाध्य रोग विशेषज्ञ
OVUM (अण्डे) का पूर्ण विकसित न होना।
P.C.O.S. व हार्मोनल समस्या होना।
अन्य सभी जाँचों का Normal आना।
यशोदा नगर
: 9169325393 www.srhomoeopathy.com


होम्योपैथी डा सैमुअल हैनिमेन द्वारा आविष्कृत . सम : समे समयति के सिद्धांत पर वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति है एक जहां समरूपता के आधार पर विभिन्न रोगों का





इलाज, प्राकृतिक पदार्थों से निर्मित दवाओं के द्वारा किया जाता है। आयुर्वेद के सिद्धांत 'वायु पित्त और कफ की भाति होम्योपैथी में भी बीमारी को मूल कारण सोरा साइकोसिस सिफिलिस' माना जाता है। होम्योपैथी में दवाओं का चुनाव मरीज के रोग लक्षणों के अलावा सम्पूर्ण व्यक्तित्व, मानसिक व शारीरिक स्थिति को ध्यान में रख कर करते हैं। होम्योपैथी के आमजन में सर्वाधिक लोकप्रिय होने की वजह क्या है? होम्योपैथी सभी चिकित्सा विधाओं में सर्वाधिक लोकप्रिय है, क्योंकि सबसे सस्ती होने के कारण पुरानी से पुरानी जीर्ण-शीर्ण बीमारियों को जड़ से समाप्त करती है और इसका कोई साइड-इफेक्ट भी नहीं होता है, जो अन्यत्र संभव नहीं है और यही होम्योपैथी की सबसे बड़ी खासियत है।

■ ऊषा होम्योपैथी

होम्योपैथी डा सैमुअल हैनिमेन द्वारा आविष्कृत . सम : समे समयति के सिद्धांत पर वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति है एक जहां समरूपता के आधार पर विभिन्न रोगों का इलाज, प्राकृतिक पदार्थों से निर्मित दवाओं के द्वारा किया जाता है। आयुर्वेद के सिद्धांत 'वायु पित्त और कफ की भाति होम्योपैथी में भी बीमारी को मूल कारण सोरा साइकोसिस सिफिलिस' माना जाता है। दवाओं का चुनाव मरीज के रोग लक्षणों के अलावा सम्पूर्ण व्यक्तित्व, मानसिक व शारीरिक स्थिति को ध्यान में रख कर करते हैं। आमजन में सर्वाधिक लोकप्रिय होने की वजह क्या है? होम्योपैथी सभी चिकित्सा विधाओं में लोकप्रिय है, क्योंकि सबसे सस्ती होने के कारण पुरानी से पुरानी जीर्ण-शीर्ण बीमारियों को जड़ से समाप्त करती है। ■ डॉ. ए.एल.निषाद


WORLD HOMOEOPATHY DAY
होम्योपैथी
में है आपकी संपूर्ण स्वास्थ्य की सुरक्षा
विश्व होम्योपैथिक दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

स्व0 डॉ. राधेश्याम श्रीवास्तव की प्रेरणा से



स्व0 डॉ. राधेश्याम श्रीवास्तव
वरिष्ठ होम्योपैथ

डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव
होम्योपैथ

डॉ. संजय श्रीवास्तव
बी.एस.सी., बी.एच.एम.एस., एम.डी. (होम्यो)

डॉ. अनुराग श्रीवास्तव
बी. एच. एम. एस. ऑनर्स (आगरा)

चंद्रा होम्योपैथिक दवाखाना
128/53, बी-ब्लॉक, किदवई नगर कानपुर- 208011, मो. 8604214460

जनहित होम्योपैथिक दवाखाना
सान्या विला-फ्लैट नं. जी-133/62-63 एम. ब्लॉक जंगली देवी मन्दिर के पास जैन मंदिर के बगल में किदवई नगर, कानपुर मो. 8009347017

ऊषा होम्यो क्योर सेन्टर
ऊषा होम्योपैथी
स्त्री रोग, चर्म रोग, बाल रोग, असाध्य रोग
• गुर्दे की पथरी • मस्से • लिवर के रोग • मोटापा • प्रोस्टेट के रोग • पेट संबंधी विकार
• जोड़ो संबंधी रोग • श्वास संबंधी रोग • बवासीर • गुर्दे की खराबी • चर्म रोग
• महावारी की अनियमितता • सफेद दाग • रसौली • बालों की समस्या • गाँठ • मुँहासे • स्तन गाँठ
समय- प्रातः 9 से 4 बजे तक
मो: 9956424117
पता - 125/84, के-ब्लाक, गोविन्द नगर, (10-ब्लाक सब्जी मंडी वाली गली में, त्रिपाठी मसाले के सामने अपार्टमेन्ट के नीचे) कानपुर

## न्यूज ब्रीफ

### आलोक प्रसाद बने नए अपर पुलिस अधीक्षक

**कानपुर देहात।** एएसपी राजेश पांडेय का तबादला हो गया। वह गाजियाबाद कमिश्नरेट भेजे गए हैं। उनकी जगह आलोक प्रसाद को यहां का नया अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वह 2012 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं। कानपुर देहात में एएसपी के पद पर तैनाती से पहले वह सीतापुर जनपद में पुलिस उपाधीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे।



आलोक प्रसाद।

### दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की सजा 20 हजार जुर्माना

**कानपुर देहात।** 4 वर्ष पूर्व भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ दुष्कर्म की घटना में गुरूवार को कोर्ट का फैसला आ गया। अदालत ने दोषसिद्ध आरोपी को दस साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया। घटना एक जनवरी 2022 की है। गांव निवासी महिला के साथ छोटे पुत्र बालकराम निषाद निवासी करियापुर थाना भोगनीपुर नामक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया। घटना के संबन्ध में थाना भोगनीपुर में धारा 376 के अंतर्गत छोटे के खिलाफ मुकदमा कायम कराया गया। जांच के बाद पुलिस ने 28 फरवरी को न्यायालय में चार्ज शीट दाखिल कर दी। एडीजे की कोर्ट ने गुरुवार को सजा सुना दी।

### महिलाओं, बालिकाओं को किया जागरूक

**कानपुर देहात।** गुरुवार को मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण में महिला पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूक किया गया। इस अभियान के माध्यम से महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण, कानूनी अधिकारों तथा अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 महिला शक्ति लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 इमरजेंसी हेल्पलाइन, 1076 पुलिस कंट्रोल रूम आदि की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, यूपी कॉप एप के माध्यम से पुलिस सेवाओं का त्वरित लाभ उठाने तथा सोशल मीडिया पर व्याप्त साइबर अपराधों से बचाव के व्यावहारिक जानकारी दी गई।

### कलेक्ट्रेट सभागार में हुई आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी

**कानपुर देहात।** डीएम कपिल सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आबकारी विभाग की दुकानों के द्वितीय चरण की ई–लॉटरी हुई। लॉटरी प्रक्रिया के अंतर्गत जनपद में संचालित नौ देशी मदिरा एवं चार कंपोजिट शॉप की दुकानों का आवंटन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की मंशानुरूप आबकारी दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जा रहा है, जिससे सभी प्रतिभागियों को समान अवसर प्राप्त हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगे की समस्त प्रक्रियाएं भी नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय सहित आबकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### घरेलू कलह को लेकर खाया जहर

**रसूलाबाद।** बहादुरपुर निवासी एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया, हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए वहां इलाज किया गया। बहादुरपुर गांव निवासी निशा 20वर्ष पत्नी पंकज ने आए दिन होने वाले घरेलू विवाद से दुखी होकर जहरीला पदार्थ खा लिया।

### घोटाले के मामले में संपत्ति की होगी नीलामी

**रसूलाबाद।** लाखों के घोटाला के मामले में आरोपित नौहा नौगांव के ग्राम प्रधान की कुर्क की गई संपत्ति की नीलामी आगामी 15 अप्रैल को तहसील परिसर में होगी। नीलामी में दो भैंस दूध देने वाली, चार पड़िया व एक भैंस का बच्चा नीलाम किया जाएगा। मवेशियों की अनुमानित धनराशि 1.5 लाख रुपये है।

# वाहन की टक्कर से गई युवक की जान, परिजनों में कोहराम

## ढाबे पर खाना लेने गया था, कल्याणपुर-शिवली रोड पर हुआ हादसा

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** ढाबा से खाना लेकर पैदल वापस घर जा रहे युवक को बुधवार की देर शाम कल्याणपुर शिवली मार्ग पर तालाब के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस घायल युवक को शिवली अस्पताल लेकर पहुंची जहां पर मौजूद डॉक्टर ने उसकी मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर लगते ही उसके परिजनों के बीच कोहराम मच गया। पुलिस ने घटना की सूचना दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा।



कुलदीप गौतम।



घटना के बाद गमगीन बैठी महिलाएं। अमृत विचार

नगर पंचायत शिवली के शिवाजी नगर मोहल्ला निवासी कुलदीप गौतम 25 वर्ष बुधवार की देर शाम कस्बे से बाहर शिवली कल्याणपुर मार्ग पर स्थित दिल्ली ढाबा से खाना लेने गया था। घर वापस जा रहा था तभी रास्ते में तालाब के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस एवं परिजन उसकी गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर मौजूद डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। कुलदीप की मौत की खबर लगते ही उसके परिजनों के बीच कोहराम मच गया। कुछ ही देर में परिजन एवं कस्बा वासी मौके पर पहुंच गए। मृतक के पिता सुखदीन भाई प्रदीप कुमार मां उषा बहन विनीता एवं प्रीति का रो रो कर बुरा हाल था। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दीवार में सेंध लगा गोदाम से पार किया हजारों का माल

**राजपुरः** कस्बा राजपुर के मुगल मार्ग स्थित मार्केट में बुधवार की रात चोर ने दीवार में सेंध कर किराना व्यापारी के गोदाम से हजारों रुपये का माल पार कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर वापस लौट आई। व्यापारी को सुराग लगते ही नामजद तहरीर दी। पुलिस ने छापा मारकर चोर को गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया। कस्बा व क्षेत्र में इन दिनों चोरों के गिरोह सक्रिय होकर रात दुकानों व घरों में हाथ साफ कर रहे हैं। कस्बा निवासी किराना व्यापारी दिनेश गुप्ता ने बताया कि उसकी दुकान मुगल मार्ग मार्केट में है। बुधवार की देर शाम वह दुकान व गोदाम में ताला डालकर घर आ गया। आरोप है कि कस्बा राजपुर निवासी अरुण पुत्र रामकिशन ने गोदाम की दीवार में सेंध लगाकर करीब 35 हजार रुपये से अधिक का माल पार कर दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया।

राजपुर थानाध्यक्ष सनत कुमार ने बताया कि चोर के विरुद्ध कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।



नहरपुल के निर्माण के लिए पूजन करतीं विधायक पूनम संखवार। अमृत विचार

# भूमि पूजन के साथ शहबाजपुर में नहर पुल का शिलान्यास

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** भाजपा विधायक पूनम संखवार ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर तहसील क्षेत्र के शहबाजपुर में नहर पुल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

विधायक ने बताया कि शहबाजपुर मार्ग पर स्थित पुराना पुल संकरा होने के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती थीं। स्थानीय ग्रामीण व किसान लंबे समय से पुल के चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। परियोजना को क्षेत्र के विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विमल मिश्रा ने बताया कि पुल का निर्माण लगभग 34 मीटर लंबाई और 12 मीटर चौड़ाई में किया जाएगा। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता राधेश्याम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल यादव, श्याम सुंदर कश्यप, नारायण तिवारी, विजयपाल, विजय तिवारी आदि रहे।

### विवाहिता की मौत पर दहेज हत्या का मुकदमा कायम

**मंगलपुर।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के नकटवापुर गांव निवासी महेंद्र पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी 22 वर्षीय पुत्री रंजना पाल की शादी 21 फरवरी 2026 को खम्हैला गांव निवासी कृष्ण कुमार के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति कृष्ण कुमार, देवर अंशुल, ननद और सास-ससुर अतिरिक्त दहेज के लिए रंजना को प्रताड़ित करते थे।

मायके पक्ष द्वारा असमर्थता जताने के बावजूद ससुराल पक्ष का उत्पीड़न जारी रहा। परिजनों के मुताबिक, 8 अप्रैल की सुबह रंजना के देवर ने फोन कर रंजना की मौत की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां रंजना का शव फंदे से लटका मिला। इसके बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। मामले में मंगलपुर थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना को लेकर डीएम ने की बैठक

**कानपुर देहात।** गुरुवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता एवं सीडीओ विधान जायसवाल की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजनाः 2026 के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम एवं सुदृढ़ परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने योजना के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सहूलियत मिलने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी रहे।







पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी। चोरों के पास से बरामद की गई कारें। अमृत विचार

# ठेके में चोरी के 5 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

संवाददाता, शिवली

- एक सप्ताह पहले शराब ठेके का शटर तोड़कर हुई थी चोरी

**अमृत विचारः** कोतवाली शिवली पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी। पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व कोतवाली क्षेत्र के भेवान गांव में स्थित कंपोजिट शराब ठेके में हुई चोरी के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई शराब व दो कारों को कब्जे में ले लिया है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के भेवान बस अड्डे पर स्थित कंपोजिट शराब ठेका से एक सप्ताह पूर्व देर रात अज्ञात चोरों ने शराब ठेके का शटर तोड़कर उसके अंदर रखी 28 पेटी अंग्रेजी शराब, बियर व नकदी चोरी कर ली। साथ ही चोरों ने शराब ठेके में लगे सीसीटीवी कैमरे के तार भी तोड़ दिए। शराब ठेके में चोरी की घटना की जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की थी। मैनेजर सुशील द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि बुधवार रात उपनिरीक्षक अजय कुमार व लोकेश सैनी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था हेतु गस्त कर रहे थे। तभी आरोपियों की जानकारी मिली। इस पर पुलिस टीम ने केसरीनिवादा व भेवान गांव के बीच रामगंगा नहर पटरी पर घेराबंदी कर भेवान गांव की ओर से आ रही दो कारों होंडा सिटी तथा हुंडई को रोक लिया। इसके बाद कार सवार ग्राम सजाबारपुर थाना रसूलाबाद निवासी अजीत सिंह उर्फ छोटू, ग्राम बिलहा थाना रसूलाबाद निवासी नीतू, ग्राम जोत थाना रसूलाबाद निवासी नूर आलम उर्फ ढुनकू, ग्राम सिठऊमताना थाना रसूलाबाद निवासी समीर खान तथा ग्राम जोत थाना रसूलाबाद निवासी अभिषेक को गिरफ्तार किया। दोनों कारों में रखी 17 पेटी अंग्रेजी शराब तथा पांच मोबाइल बरामद कर लिए। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर रामगंगा शराब ठेके से चोरी की शराब। डीबीआर व एलईडी बरामद कर ली। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों को जेल भेजा।

# पंचायत भवन में शिविर लगा कर की गई फार्मर रजिस्ट्री

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के भाल गांव में गुरुवार को कृषि विभाग के अधिकारियों ने पंचायत भवन में किसान फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया। इसमें किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने पर जोर दिया गया।

कृषि विभाग के उप निदेशक हरिशंकर भार्गव ने किसानों को बताया कि अगर आपने फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई तो उन्हें कई सरकारी लाभों से वांछित होना पड़ सकता है। जैसे पीएम सम्मान निधी, धान गेहूं चना या दाल की न्यूनतम मूल्य पर बिक्री, सरकारी समितियों से मिलने वाली सब्सिडी वाली खाद और बीज तथा जमीन के बैनामे जैसे राजस्व कार्य शामिल है। शासन के निर्देशन पर अब बिना फार्मर रजिस्ट्री के बिना लाभ मिलना बंद किया जा रहा है। इस लिए समय पर किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री करा ले। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी डॉ उमेश कुमार गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी कृषि सत्यप्रकाश शर्मा, कृषि बीज प्रभारी विनय कटियार, ग्राम प्रधान अरविंद दीक्षित सहित लोग मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने मनाई पूर्व जिला अध्यक्ष की पुण्यतिथि

**रसूलाबाद।** गुरुवार को भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष स्व राम विलास त्रिपाठी की पुण्यतिथि स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं में मनाई और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि स्व त्रिपाठी पार्टी के आदर्शों से सदैव ओत प्रोत रहे। भाजपा के अस्तित्व के पूर्व जनसंघ पार्टी से उन्होंने डेरापुर से चुनाव भी लड़ा। इसके साथ ही कानपुर देहात के जिला अध्यक्ष पद पर भी उन्होंने पार्टी की सेवा की और पार्टी के मूल्यों को सदैव स्थापित किया। इस अवसर पर अन्य उपस्थित जनों में जीतेंद्र द्विवेदी, जीतू त्रिपाठी, सूर्यभान सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम शंकर सिंह रहे।

# डॉ. आंबेडकर जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** डॉ. आंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को अकबरपुर के मंडी समिति मैदान पर मेले का आयोजन होगा। इसके पहले शहर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें भव्य झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों के लिए आयोजक दिन-रात लगे हैं। जन संपर्क कर लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की जा रही।

आयोजकों ने बताया कि अकबरपुर में मेला समारोह का कार्यक्रम लगातार 32 वर्षों से जारी है। इस बार बाबा साहेब के 135वें जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन की तैयारी की गई है। लखनउ के पूर्व संयुक्त विकास आयुक्त मदन वर्मा और डिप्टभ् कमिश्नर हरिश्चंद्र समारोह के मुख्य अतिथि होंगे जब कि शाक्यकेतु, जिनवीर, अंशुलसिद्धि, अमर पाल सिंह विशिष्ट अतिथि रहेंगे। कई भिक्षुगण भी उपस्थित रहेंगे। समिति के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम ने बताया कि कार्यक्रम सुबह दस बजे प्रारंभ हो जाएगा। शुरूआत बौद्ध वंदना के साथ होगी। इसके बाद डा आंबेडकर सहित अन्य महापुरूषों के जीवन वृत्त पर आधारित कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए जाएंगे। इसके बाद दोपहर दो बजे से शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। तथागत गौतम बुद्ध और डा आंबेडकर की भव्य झांकियां शोभायात्रा का आकर्षण रहेंगी। शाम को विद्वानों के प्रवचन और रात को डा आंबेडकर के जीवन दर्शन पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। रात को होने वाला कार्यक्रम विनयशील बौद्धाचार्य रसूलाबाद द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

### भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष के साथ मारपीट

**रसूलाबाद।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट की, मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। गंभीरा गांव निवासी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमशंकर सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि गंभीरा गांव निवासी सगे भाई रामकुमार, कुलदीप, महेश व पुष्पेंद्र ने मंगलवार शाम को घर जाते समय रास्ते में घेरकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामले में दी गई तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

# बच्चों ने रैली निकाल किया जागरूक

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रनियां कस्बे के बाजार रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों व शिक्षकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

स्कूल की प्रधानाचार्या आराधना द्विवेदी के नेतृत्व में गुरुवार की सुबह निकली रैली के दौरान हाथों में बैनर व तख्तियां थीं, जिनमें आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरुर जाएंगे जैसे स्लोगन लिखे गए थे। शिक्षकों ने इस दौरान घर-घर जाकर अभिभावकों को स्कूल में मिलने वाली निशुल्क यूनिफार्म, पाठ्य-पुस्तकें, और मध्यान्ह भोजन जैसी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसलिए अपने-अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें।





बच्चों के साथ रैली में शामिल टीचर। अमृत विचार

विशेष रूप से उन अभिभावकों से आग्रह किया जिनके बच्चों की उम्र 6 वर्ष से 14 वर्ष के बीच है। उन्होंने कहा कि बच्चों का नामांकन स्कूल में कराएं ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका आरती यादव, राजकुमारी, प्रगति दीक्षित, प्रतिमा यादव, आशीष गुप्ता सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# धर्म की हानि होने पर प्रभु लेते हैं अवतार

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** क्षेत्र के नुनारी बहादुरपुर औनहां स्थित त्यागी आश्रम हनुमान गढ़ी पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा वाचिका साध्वी राज किशोरी शुक्ला ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम व लीलावतार श्री कृष्ण जन्म की कथा का रसपान करवाया जिसे सुन श्रोता गण गदगद हो उठे।

नुनारी बहादुरपुर औनहां स्थित त्यागी आश्रम हनुमान गढ़ी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कथा वाचिका साध्वी राज किशोरी शुक्ला ने कहा कि जब जब इस धरा धाम पर अधर्म का बोलबाला हो जाता है। पापाचारियों का पाप चरम सीमा तक पहुंच जाता है तब ईश्वर विविध रूपों में अवतार लेकर सभी के कष्टों का समन करते हैं। जब जब होई धरम कै हानी, बाढहि असुर अधम अभिमानी तब तब धरि प्रभु विविध शरीरा, हरहिं सकल सज्जन भव पीरा। इस प्रकार रावण के बढ़ते अत्याचार से सभी भक्तों की करुण पुकार सुनकर प्रभु ने चैत्र शुक्ल पक्ष नौमी तिथि को जन्म लेकर दुष्टों के हृदय में हलचल पैदा कर दी।

राजा दशरथ के खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा 'दशरथ पुत्र जन्म सुनि काना, मानहुं ब्रह्मानंद समाना' इस प्रकार जिनका नाम सुनने से ही कल्यान हो जाता है। ऐसे भक्त वत्सल भगवान श्री राम के अवतरण की खुशियां अयोध्या में देखने लायक थी। 'भये प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी' सभी माताओं को पुत्रों का परम सुख प्राप्त हो रहा है।

### ताजपुर के विद्यालय में हुआ प्रवेशोत्सव

**रसूलाबाद।** गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय ताजपुर में नवीन छात्रों का प्रवेश उत्सव एवं कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्रों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आए खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह ने उत्तीर्ण छात्रों को पुरस्कृत कर नए 2026-27 सत्र में प्रवेश लेने वाले बच्चों को ड्रेस, बैग एवं पुस्तकें वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उन्होंने इस अवसर पर आए हुए अभिभावकों से अपने बच्चों को कोशिश करके विद्यालय भेजने की अपील की और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर क्षेत्रीय ग्रामीण महिलाओं को के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी दिव्या शाक्य, रोहित कुमार, आकांक्षा गुप्ता, रामचंद्र, रिचा मिश्रा, कुलदीप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

**प्रशिक्षण** | माती स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में हुआ आयोजन

# जीएसटी चोरी रोकने के बताए गए तरीके

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- संयुक्त निदेशक अभियोजन अजय कुमार ने दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचारः** गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइंस में जीएसटी चोरी की विवेचना हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संयुक्त निदेशक अभियोजन अजय कुमार श्रीवास्तव एवं ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अविनाश चतुर्वेदी रहे। इसमें जीएसटी से जुड़ी कई अहम जानकारियां प्रदान की गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जीएसटी चोरी से संबंधित मामलों की विवेचना को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाना था। कार्यक्रम में विवेचकों को गिरफ्तारी मेमो, व्यक्तिगत मेमो तथा जमानत प्रार्थना पत्रों के 19 बिंदुओं के मानक प्रारूपों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, इन प्रारूपों को उच्च न्यायालय इलाहाबाद को प्रेषित किए जाने वाले संपूर्ण अभिलेख, सूचना एवं आख्या तैयार करने की प्रक्रिया पर भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में जीएसटी से जुड़े जटिल आर्थिक अपराधों की जांच, सबूत संकलन, दस्तावेजीकरण तथा न्यायालय में प्रभावी प्रस्तुतीकरण की तकनीकों पर जोर दिया गया।



संयुक्त निदेशक अभियोजन ने बताई विवेचना की बारीकियां। अमृत विचार

कहा गया कि मामलों के बारे में तकनीकी और व्यवहारिक जानकारी हो जाने के बाद विवेचक और अधिकारी भविष्य में जीएसटी चोरी के प्रकरणों में अधिक सटीक, समयबद्ध एवं कानूनसम्मत विवेचना करने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक अभियोजन एवं ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी द्वारा व्याख्यान एवं इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए गए, जिसमें वास्तविक मामलों के उदाहरणों के माध्यम से प्रारूपों का उपयोग समझाया गया।

बताया गया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद पुलिस की क्षमता वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आर्थिक अपराधों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति को मजबूत करेगा। कार्यक्रम में जनपद के समस्त थाना व शाखा प्रभारी तथा विवेचक उपस्थित रहे।

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर महानगर

कानपुर, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

सुविचार



जब तुम दुःखों का सामना करने से डर जाते हो और रोने लगते हो, तो मुसीबतों का ढेर लग जाता है। लेकिन जब तुम मुस्कराने लगते हो, तो मुसीबतें सिकुड़ जाती हैं। -सुधांशु महाराज

## कानपुर के प्रमुख समाचार


- नशे में दौड़ाई कार, बोनट में फंसा युवक 50 मीटर घिसटा-II
- पांच दिन बाद भी नगर आयुक्त को सड़कों पर गिरे पड़े मिले पेड़ -III
- नानाराव पार्क में गूंजा नवकार मंत्र -IV


अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# चौराहों पर एआई आधारित सी-आरटीसी योजना लागू

## व्यस्त समय में ट्रैफिक जाम और यात्रा सुगम करने के लिए 16 रूट मार्शल की तैनाती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**14** व्यस्ततम चौराहों पर लागू की गई व्यवस्था | **20** शहरों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू हुई

**अमृत विचार।** शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या कम करने तथा प्रमुख मार्गों पर औसत ट्रेवल टाइम घटाने के लिए 14 अति व्यस्तम चौराहों पर पुलिस विभाग ने रिड्यूसिंग ट्रैफिक कंजेशन स्कीम (सी-आरटीसी) लागू की गई है। इस योजना में सुगम यातायात के लिए प्रवर्तन, इंजीनियरिंग एवं तकनीकी मदद लेने के साथ अतिक्रमण हटाकर ई-रिक्शा और ऑटो की बेढंगी चाल दुरुस्त की जाएगी। डीजीपी के निर्देश पर लागू की गई इस योजना की एक माह बाद समीक्षा करके जमीन पर आया प्रभाव देखा जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहरी क्षेत्र में यातायात की बाधाएं दूर कर लोगों की दैनिक आवाजाही सरल एवं समयबद्ध बनाने के लिए निर्देशित किया है। इसी के बाद यातायात निदेशालय ने प्रदेश के सात कमिश्नरेट समेत 20 शहरों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तकनीक आधारित कार्ययोजना सी-आरटीसी को धरातल पर उतारा है। इसमें चिह्नित मार्गों पर सुगम यातायात के लिए मार्ग प्रभारी (रूट मार्शल) की तैनाती होनी है। रूट मार्शल योग्य यातायात निरीक्षक या उप निरीक्षक होंगे। इनकी नियुक्ति जिला पुलिस प्रमुख करेंगे। रूट मार्शल का काम चिह्नित चौराहे या मार्ग पर पीक आवर्स में यात्रा का समय कम करना होगा। इस काम में संबंधित थाना क्षेत्र का प्रभारी रूट मार्शल को सहयोग करेगा। रूट मार्शल को यात्रा समय में 20 प्रतिशत कमी करने का लक्ष्य दिया गया है।

**अवैध पार्किंग, नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई:** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के अनुसार अति व्यस्तम चौराहों या तिराहों पर सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 16 रूट मार्शल की समयबद्ध रूप से तैनाती करके उन्हें अतिरिक्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। रूट मार्शल यातायात के सुचारू संचालन के लिए पीक ऑवर्स में विशेष निगरानी रखेंगे। इसके साथ ही चिह्नित स्थानों पर अवैध पार्किंग,अतिक्रमण एवं नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



जाम में उलझे जेसीपी डॉ .विपिन टांडा ने क्लास लगाई। अमृत विचार

### नोडल अधिकारी ट्रैफिक देखकर तुरंत लेंगे निर्णय

सी-आरटीसी योजना में एआई तकनीक के इस्तेमाल से किसी भी मार्ग पर न्यूनतम, अधिकतम और औसत यात्रा समय का डेटा उपलब्ध होगा। इस तरह यातायात की स्थिति को ग्राफ और तालिका में देखकर जाम वाले स्थानों की आसानी से पहचान की जाएगी। नोडल अधिकारी अपने स्मार्टफोन पर यातायात की स्थिति देखकर तुरंत निर्णय ले सकेंगे। इससे मौके पर समस्या का त्वरित समाधान करना आसान होगा।

### 5-ई मॉडल पर काम करेगी पूरी योजना

- योजना में 5-ई मॉडल पर काम शुरू किया गया है, जो यातायात प्रबंधन का सफल तरीका है। इसमें लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि वे खुद जाम कम करने में योगदान दें। सड़क पर अनुशासन बनाए रखने के लिए नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सड़कों की संरचना, संकेत प्रणाली बेहतर की जाएगी। सुगम यातायात के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

### कभी रफ्तार तो कभी ट्रैफिक कछुआ चाल

- शहरीकरण के साथ आबादी के बढ़ते दबाव और वाहनों की बढ़ती संख्या ने अनेक मार्गों पर यातायात की समस्या को गंभीर बना दिया है। शहर के उत्तर से दक्षिण क्षेत्र में आना जाना हो तो सुबह और शाम व्यस्त समय में कुछ किलोमीटर का सफर तय करने में लंबा समय लग जाता है। यातायात विभाग के अध्ययन में सामने आया है कि एक ही सड़क पर अलग-अलग समय में निश्चित दूरी तय करने का समय बदल जाता है। इसलिए ऐसे मार्गों को चिह्नित किया गया है, जहां जाम की समस्या सबसे ज्यादा या लगभग रोज है।

### सिटी ब्रीफ

## जाम में फंसे जेसीपी दो चौकी इंचार्ज और टीआई लाइन हाजिर

**कानपुर।** शहर में जाम और पुलिसिंग व्यवस्था देखने निकले संयुक्त पुलिस आयुक्त (जेसीपी) लॉ एंड आर्डर डॉ. विपिन ताडा गुरुवार घंटाघर चौराहे पहुंचे तो भीषण जाम के बीच फंस गए। जेसीपी के जाम में फंसने की खबर से पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। चौकी इंचार्ज और ट्रैफिक पुलिसकर्मी फौरन मौके पर पहुंचे और किसी तरह वाहनों को निकाला। जाम की स्थिति देखकर जेसीपी ने खासी नाराजगी जताई और लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई की। पूरी स्थिति का जायजा लेने पर पता चला कि संबंधित चौकी प्रभारी अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय चौकी में आराम से बैठे थे। आसपास के लोगों ने बताया कि चौराहा पर जाम की समस्या आएदिन की है। इससे नाराज जेसीपी ने कार्रवाई की। उन्होंने तत्काल सुतरखाना चौकी प्रभारी सुमित कुमार व नयागंज चौकी प्रभारी कामेश राज और टीआई रविंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। बता दें कि शहर में जाम की समस्या को लेकर पुलिस अधिकारियों की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच लापरवाही सामने आने पर यह कार्रवाई की गई है। जेसीपी ने कहा कि जाम की समस्या व जिम्मेदारों की ड्यूटी के प्रति लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सख्त कार्रवाई होगी।



घंटाघर चौराहे पर अक्सर ऐसे ही लगता जाम, जहां घंटों जूझते रहते हैं आम सवार। अमृत विचार

# नगर निगम भी तैयारी में जुटा, सिटी मोबिलिटी प्लान से सुधरेगा ट्रैफिक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम ने अपने स्तर से तैयारी शुरू कर दी है, ताकि शहरवासियों और शहर से होकर आवागमन करने वाले अन्य जिलों के लोगों को जाम की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए शासन स्तर से शहर का व्यापक मोबिल्टी प्लान मांगा गया था, जिसके तहत जाम से मुक्ति के लिए प्रोजक्ट और इस्टीमेट तैयार कर लिया गया है। नगर निगम यह सिटी मोबिल्टी प्लान सभी विभागों के साथ भी साझा करेगा। इसके बाद इसे शहर में लागू किया जाएगा।

शहर में कई जगहों पर फुटपाथ से लेकर सड़कों तक अतिक्रमण लोगों द्वारा किया गया है, जिसकी वजह से शहर जाम की गिरफ्त में आता है। कई जगहों पर तो फुटपाथ पर न सिर्फ अस्थायी, बल्कि स्थायी रूप से भी कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है, जिसकी वजह से पैदल यात्रियों को भी आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई जगहों पर बेतरकीब ढ़ग से वाहनों के खड़े किए जाने की वजह से भी यातयात व्यवस्था बाधित होती है और जाम की समस्या उत्पन्न होती है। जाम से निजात दिलाने के लिए नगर निगम से सिटी मोबिल्टी प्लान मांगा गया था। यह प्लान नगर निगम ने तैयार कर लिया है। वहीं, भारत सरकार द्वारा नामित संस्था राइट्स नई दिल्ली ने सिटी मोबिल्टी प्लान के लिए तैयार की गई डीपीआर का प्रस्तुतीकरण नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय के सामने की है। तैयार की गई डीपीआर में यातायात प्रबंधन, मेट्रो स्टेशन के आसपास की पार्किंग व्यवस्था, मैट्रो के लास्ट माई कनेक्टीवटी के प्लान को भी दर्शाया गया। इसमें शहर को जोड़ने वाली लिंक रोड के प्लान भी शामिल है। नगर आयुक्त ने संबंधित संस्था से पूछा है कि जो सिटी मोबिल्टी प्लान से संबंधित रिपोर्ट का प्रस्तुततीकरण किया गया है, उसे सभी विभागों के साथ साझा किया जाए। इसके बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। सबकी सहमति पर इस प्लान को लागू करने पर विचार किया जाएगा।

### सर्वे कराने के बाद हटाया जाएगा अतिक्रमण

- एनएच पीडब्ल्यूडी ने नगर आयुक्त को बताया है कि मैट्रो के ज्यादातर स्टेशन एनएचएआई की रोड पर बने है, जिसपर अतिक्रमण बहुत हो रहा है, यह अत्यन्त आवश्यक है कि इसे हटाया जाए। नगर आयुक्त ने कहा है कि मेट्रो स्टेशन के आसपास के अतिक्रमण के चिन्हाकन करते हुए औपचारिकतायें पूरी कराएं, अतिक्रमण हटाये जाते समय नगर निगम अपेक्षित सहयोग करेगा। जिन चौराहों पर जाम या आदि समस्या है, उसका भी नगर निगम सर्वे कराकर निस्तारण कराएगा।

महिला संबंधी रोगों में पाए होम्योपैथी द्वारा बिना साइडिफेक्ट सटीक इलाज

पीसीओडी/ पीसीओएस , गर्भाशय की गाँठ, स्तन की गाँठ, हार्मोनल असंतुलन से होनी वाली समस्याएं, निसंतानता, किडनी व गॉल ब्लैडर स्टोन, त्वचा संबंधी समस्याएं (सोरायसिस), बालों का गिरना, आदि सभी समस्याओं का होम्योपैथी द्वारा सफल उपचार पाने के लिए शीघ्र आये...

होम्योपैथी इलाज की विशेषताएँ
✔ बिना ऑपरेशन ✔ बिना हार्मोनल दवाइयाँ
✔ जड़ से इलाज
✔शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढता है


क्यों चुनें? Dr. Madhulika Shukla
महिला रोगों में विशेष अनुभव
हर मरीज के लिए व्यक्तिगत इलाज
सैकड़ों संतुष्ट मरीजों का विश्वास




इन्फर्टिलिटी (निसंतानता)
• गर्भधारण में बार-बार असफलता
• PCOS / PCOD की समस्या
• हार्मोनल असंतुलन
• अनियमित माहवारी




बच्चेदानी की गांठ
• कमजोरी व खून की कमी
• गर्भधारण में कठिनाई
• अत्यधिक या लंबे समय तक माहवारी
• पेट के निचले हिस्से में दर्द व भारीपन



ओवरी की गांठ (Ovarian Cyst)
• पेट दर्द या सूजन
• माहवारी की अनियमितता
• हार्मोनल समस्या
• वजन बढ़ना




स्तन की गांठ
• स्तन में गांठ या दर्द
• सूजन या भारीपन
• बिना सर्जरी सुरक्षित इलाज



किडनी स्टोन
• कमर व पेट में तेज दर्द
• पेशाब में जलन या रुकावट
• बार-बार पथरी बनना



सोराइसिस
• त्वचा पर लाल चकत्ते
• खुजली या जलन
• त्वचा का सूखना और फटना
• ऊपर सफेद या चांदी जैसी पपड़ी



डॉ. मधुलिका शुक्ला
BHMS, MD(Hom) Agra .
Senior Homeopathic Physician & consultant
Awarded by Dy CM ( UP) And State Health Ministry
Awarded by Ministry of State for Health and Family Welfare of India
Awarded by Ministry of Ayush ( UP Govt)
Awarded by Hon'ble Speaker UP Legistative Assembly
Awarded by Ministry of Women's Welfare (U.P)

नूतन होम्योपैथिक क्लीनिक

पता: केशवपुरम, कल्यानपुर, कानपुर.
समय: सायं 5 बजे से 8 बजे तक (रविवार प्रातः 11 से सायं 5 बजे तक)
9452349863

## सिटी ब्रीफ

### ठाकुर चौराहे पर खड़ी महिला से अश्लीलता

**कानपुर।** बर्रा में शुक्रवार रात आश्रम से घर लौट रही महिला के साथ नशे में धुत बाइक सवार युवक ने अश्लीलता की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। तहरीर के अनुसार अर्रा बिनगवां निवासी महिला बीती तीन अप्रैल की रात नितेश्वर आश्रम से घर लौटने के लिए ठाकुर चौराहा पर खड़े होकर ऑटो का इंतजार कर रही थी। तभी करीब नौ बजे दामोदर नगर निवासी आशुतोष त्रिवेदी नशे की हालत में बाइक से पहुंचा और गलत इरादे से अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाने पर भीड़ जुटती देख आरोपी धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। पीड़िता घबराकर गिर पड़ी। थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव के अनुसार मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### बाइक से घायल हुई महिला की मौत

**कानपुर।** नौबस्ता में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल महिला की पांचवें दिन मौत हो गई। पुलिस ने आवास विकास निवासी पति छुट्टन खान की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। तहरीर के अनुसार 4 अप्रैल को नाजरीन अपनी परचून दुकान के बाहर खड़ी होकर दामाद से बात कर रही थीं। तभी पीछे से बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। बाइक का पहिया उनकी कमर पर चढ़ गया। आरोपी बाइक छोड़कर भाग गया। महिला का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे हैलट में भर्ती कराया था। जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। नौबस्ता थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### मेट्रो की सामग्री चोरी होने से ट्रायल बाधित

**कानपुर।** जूही में मेट्रो परियोजना की विद्युतीकरण सामग्री चोरी हो गई, जिससे ट्रायल नहीं हो सका। स्टेलिंग एंड बिलसन प्राइवेट लिमिटेड के जूनियर इंजीनियर राजाराम मौर्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में बताया कि कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक 33 केवी और थर्ड रेल के माध्यम से बिजली आपूर्ति का काम दिया गया था। 26 जनवरी को केबल और थर्ड रेल बिछाने का काम पूरा हो गया था। 31 जनवरी को ट्रायल के दौरान पाया गया कि बारादेवी रैम्प से वाया डक्ट के बीच थर्ड रेल, पैनल और केबल का जरूरी सामान चोरी हो चुका है। थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि जूनियर इंजीनियर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### पत्नी से झगड़कर ब्लेड से गर्दन काटी, भर्ती

**कानपुर।** हमीरपुर से नवाबगंज अपनी बहन के घर पत्नी का इलाज कराने आए युवक का विवाद हो गया। उसने ब्लेड से अपनी गर्दन काट ली। उसे हैलट में भर्ती कराया गया है। हमीरपुर के बिवार उमरी गांव निवासी शिवम की पत्नी को हार्ट से संबंधित कुछ समस्या थी। जिसके चलते बुधवार को वह नवाबगंज के बनियापुरवा स्थित अपने बहन-बहनोई के घर आया था। जागेश्वर मंदिर चौकी प्रभारी राहुल ने बताया कि गुरुवार सुबह किसी बात को लेकर शिवम का पत्नी से विवाद हो गया। इस पर उसने ब्लेड से अपनी गर्दन रेत ली। घायल अवस्था में परिजनों ने पुलिस की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। नवाबगंज थाना प्रभारी राजकेसर ने बताया कि युवक की हालत अब खतरे से बाहर है।

युवकों से विवाद होने पर कुचलने का किया प्रयास, चपेट में ठेले वाला आया

# नशे में दौड़ाई कार, बोनट में फंसा युवक 50 मीटर घिसटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वीडियो वायरल होने पर हरकत में आई पुलिस, आरोपी सेवानिवृत्त दरोगा का बेटा बताया गया

**अमृत विचार।** चकेरी में सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे ने हाईस्पीड में कार दौड़ाई। सड़क किनारे फास्टफूड का ठेला लगाने वाला युवक कार की चपेट में आ गया। बोनट में फंसकर करीब 50 मीटर तक घसीटता गया। युवक के शरीर पर कई जगह चोटें आईं, पैर टूट गया। प्राइवेट अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया है। युवक के अनुसार नशे में धुत कार चालक का पहले कई युवकों से विवाद हुआ। इसके बाद उसने कार दौड़ाई और मोड़कर युवकों को कुचलने का प्रयास किया। लड़के तो बच गए, लेकिन ठेला लगाए युवक चपेट में आ गया। वीडियो वायरल होने पर पुलिस की फजीहत हुई। इस पर पांच दिन बाद कार चालक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

सजारी के रामनगर निवासी ध्रुमित पांडेय फेस-टू में फास्टफूड का ठेला लगाते हैं। घटना बीती चार अप्रैल रात की है। ध्रुमित फास्टफूड का ठेला लगाए था। उसके अनुसार रात को उसकी दुकान के पास ही नशे में धुत कार चालक का कई युवकों से विवाद हुआ था। विवाद के बाद कार चालक पहले तो जाने लगा। उसने करीब 90 की स्पीड में कार दौड़ाई, फिर अचानक उसने कार मोड़ दी। कार भगाकर उसने युवकों को कुचलने के प्रयास किया।



अस्पताल में भर्ती घायल ध्रुमित।

यह देख युवक भाग निकले, लेकिन बेकाबू कार की चपेट में ध्रुमित आ गया। बोनट में फंसकर वह करीब 50 मीटर तक घसीटता गया। बोनट से छूटने पर वह दूर गिरा और कार सवार भाग निकला। पीड़ित के अनुसार युवक सेवानिवृत्त दरोगा का बेटा बताया जा रहा है। घटना की जानकारी होने पर ध्रुमित के परिजन उसे लेकर कांशीराम ट्रामा सेंटर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताकर हैलेट रेफर कर दिया। इस पर परिजनों ने उसे रामादेवी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां इलाज चालू है।

डॉक्टरों का कहना है कि युवक को स्वस्थ होने में छह माह का समय लग सकता है। परिजनों का आरोप है कि पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि परिजन सनिगवां चौकी व थाने के चक्कर लगाते रहे। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई।

एसीपी चकेरी अभिषेक पांडे ने बताया कि कार चालक रोहित गौतम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

### 45 सेकेंड का वीडियो भागता दिखा आरोपी

- 90 की स्पीड में भागती कार का 45 सेकेंड का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की जा रही, लेकिन वीडियो में आरोपी रोहित कार मोड़ कर युवक को टक्कर मारते हुए उसको नाली में गिराता नजर आया है। लोगों को आता देखकर तेज रफ्तार में वह कार लेकर फरार हो गया।

### कार में तेज आवाज में गाने बजा रहा था

- ध्रुमित के भाई मनीष ने बताया कि घटना के समय युवक शराब के नशे में तेज आवाज में कार में गाने बजा रहा था और लगातार कार के हॉर्न भी बजा रहा था। विरोध करने पर उसने अपने पिता के सेवानिवृत्त दरोगा होने की बात कहकर धमकी दी। उसने रौब दिखाते हुए कहा कि उसका कोई कुछ नहीं कर सकता है।

### डंपर की टक्कर से युवक घायल

- **कानपुर।** नौबस्ता में बीती तीन अप्रैल की शाम तेज गति डंपर की टक्कर से गंभीर घायल युवक की हालत नाजुक बनी है। परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कबीरनगर निवासी अफसाना के अनुसार उनके पति घर से निकले थे, तभी डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। सूचना पर पुलिस ने चालक को पकड़ लिया। पुलिस जांच कर रही है।

## छात्र के अपहरण में एक गिरफ्तार

**कानपुर।** बर्रा में 12वीं के छात्र से रंगदारी, अपहरण और मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है, जिसमें एक हिस्ट्रीशीटर और सेक्स रैकेट सरगना भी शामिल हैं। गुरुवार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

बर्रा-दो के छात्र ने तहरीर में बताया कि कुछ माह पहले साहिल शर्मा उर्फ मुसीबत, रोहित वर्मा, हिस्ट्रीशीटर अमन वर्मा और सर्वेश शर्मा ने उसे धमकाकर शराब पीने के लिए पैसे मांगे थे। उसने डर से 100-200 रुपये दिए, लेकिन बाद में आरोपी उससे हर दिन 100 से 500 रुपये वसूलने लगे। कुछ दिन पहले सभी आरोपी कार से आए और उसे बर्रा-6 स्थित कोचिंग के सामने से उठाकर विश्व बैंक कॉलोनी के सरकारी स्कूल के कमरे में ले गए। जहां मारपीट की। साहिल शर्मा ने उसके ऊपर पेशाब किया। यह पूरी घटना अमन वर्मा के मोबाइल में रिकॉर्ड थी। छात्र के बेहोश होने पर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि डर के कारण वह कुछ समय से अपनी मौसी के घर काल्याणपुर में रह रहा था। पुलिस ने चार नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गुरुवार को एक आरोपी सर्वेश शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। रोहित वर्मा को पहले ही कल्याणपुर पुलिस ने जेल भेजा था। उसने पश्चिम बंगाल से लाई गई युवती को नौकरी के बहाने बंधक बनाकर सेक्स रैकेट में धकेल दिया था। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

# कार सवारों ने तमंचे के बल पर युवक को लूटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कुछ दूर चलने के बाद आरोपियों ने तमंचा व चाकू लगाकर मोबाइल और 2600 रुपये लूटे

**अमृत विचार।** चकेरी में कार में सवारी बनकर बैठे युवक से चार शातिरों ने तमंचा व चाकू के बल पर मोबाइल और नकदी लूट ली। इतना ही नहीं आरोपियों ने युवक के मोबाइल से 71 हजार का लोन ले लिया और रकम अपने खाते में ट्रांसफर करा ली। लूटपाट के बाद शातिरों ने युवक को कार से धक्का देकर गिरा दिया। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर सुलभ आवास कॉलोनी निवासी भूपेंद्र कुमार साही के अनुसार बीती एक अप्रैल को वह किसी काम से कानपुर आए थे। शाम को वह लखनऊ जाने के लिए रामादेवी चौराहा पहुंचे। जहां सवारी लेकर जाने वाली कार में बैठ गए। पीड़ित ने बताया कि कार में पहले से चालक समेत चार युवक बैठे थे। कुछ दूर चलने के बाद आरोपियों ने युवक को तमंचा व चाकू लगा दिया। इसके बाद पीटकर उसका मोबाइल और 2600 रुपये लूट लिए। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने उसके मोबाइल पर एक फाइनेंस एप डाउनलोड किया। उससे 71 हजार का लोन ले लिया।

आरोपियों ने रकम अपने खाते में ट्रांसफर कराने के बाद दही चौकी से दो किमी आगे सड़क किनारे कार से धक्का देकर गिरा दिया। भूपेंद्र ने बताया कि वह पहले दही चौकी शिकायत करने पहुंचे। जहां से पुलिस ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भेजा। आरोप है कि पुलिस के कार्रवाई न करने पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल से शिकायत की। कार्यवाहक थाना प्रभारी जावेद अहमद ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### शंकराचार्य के अंगाध्यक्ष की कार में टक्कर मारी

- **कानपुर।** नौबस्ता से औरैया जा रहे चतुरंगिणी सेना के अंगाध्यक्ष शिवम महाराज की कार में बुधवार दोपहर डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में चालक सीट से गिर गया व कार क्षतिग्रस्त हो गई। शिवम महाराज ने दी तहरीर में बताया कि वह टीम के साथ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के प्रस्तावित प्रदेश दौरे की तैयारी में गौरक्षकों से मिलने नौबस्ता जा रहे थे। तभी ओवरब्रिज के पास डंपर ने उनकी कार में टक्कर मार दी। आरोप लगाया कि पकड़े चालक के पास न ड्राइविंग लाइसेंस था और न कार के कागजात। डंपर मालिक ने संतों से गाली-गलौज की और धमकाया। थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि डंपर मालिक व चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# 3 लाख के जेवर लेकर भागी महिला धरी गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** तीन लाख के जेवर की टप्पेबाजी करने वाली महिला पुलिस के हत्थे चढ़ गई। फ्री इलाज व रुपये दिलाने का झांसा देकर आरोपी महिला ने कार्डियोलाजी में भर्ती वृद्ध की पत्नी को शिकार बनाया था। पुलिस ने 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपी महिला को दबोचा। जेवर जाने के सदमे में बीते बुधवार को कार्डियोलाजी में भर्ती वृद्धा के पति की मौत हो गई थी। डीसीपी सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी महिला का अपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। उसके गैंग के अन्य सदस्यों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

फतेहपुर के थरियांव फैजुल्लापुर निवासी जगदेई ने रविवार को पति शिवमोहन को कार्डियोलाजी में भर्ती कराया था। सोमवार को कार्डियोलाजी में जगदेई को एक महिला मिली। उसने कहा कि उसके पति का फ्री इलाज होगा और रुपये दिलाया जाएगा। पीड़िता उसके झांसे में आ गईं। टप्पेबाज महिला जगदेई को साथ लेकर जेके कैंसर अस्पताल की ओर गई और कहा कि जेवर उतार दो, नहीं तो मदद नहीं मिलेगी। महिला ने मंगलसूत्र, टाप्स और पायल समेत करीब तीन लाख के जेवर उतरवा लिए। इसके बाद जेवर लेकर लापता हो गई।



पकड़ी गई टप्पेबाज महिला।

जब पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ तो पुलिस से शिकायत कर टप्पेबाज महिला के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने करीब 300 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद आरोपी महिला तक पहुंची। हैटल अस्पताल परिसर से उसे गिरफ्तार किया। पकड़ी गई महिला उन्नाव के शुक्लागंज पोनीरोड निवासी सुनील उर्फ राजन की पत्नी अनीता उर्फ गुड्डी है। डीसीसी सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि महिला पहले भी टप्पेबाजी में पकड़ी जा चुकी है। उसके गिरोह शामिल महिलाओं के बारे में पता लगाया जा रहा है। वहीं बुधवार शाम जगदेई के पति शिवमोहन की जेवर जाने के गम में सदमे में मौत हो गई।

## बर्बाद फसलों का आकलन कर मुआवजा दें

**कानपुर।** जिले में आए आंधी व बारिश की वजह से नरवल, बिल्हौर, घाटमपुर, रसूलाबाद, पुखरायां और डेरापुर तहसीलों सहित अन्य ग्रामों में लाखों बीघा भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल बर्बाद हो गई और बिल्हौर तहसील व आदि गांवों में मक्के की फसल चौपट हो गई है, जिसकी वजह से किसान काफी परेशान है। इसपर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव केके शुक्ल ने काफी चिंता व्यक्त की है। कहा है कि बनियापुरवा, दुर्गापुरवा, गिल्लीपुरवा, भक्कापुरवा, लक्ष्मनपुरवा, भगवानदीनपुरवा, शिवदीनपुरवा, चंदीपुरवा समेत एक दर्जन से अधिक गांवों में तरबूज, ककड़ी, खरबूजा, तरोई, भिंडी व खीरा की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है, जिससे किसान लाखों के कर्जदार बन गए हैं। जामुन की फसल में पेड़ भी फट गए हैं और फल बर्बाद हो गए हैं। ऐसे में मांग है कि लेखपालों व प्रधानों के माध्यम से नुकसान का तत्काल आकलन कराकर किसानों को आर्थिक मदद दी जाए। नहीं तो किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


## कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ, जनपद कन्नौज

पत्रांक–10/DA–02/आपूर्ति / Tender Notice/2025–26 अनुभाग–01 दिनांक–04, अप्रैल 2026

(अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ को राज्यवित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से वेतन व कर्मचारी बकाया भुगतान के पश्चात अवशेष धनराशि / आगामी वित्तीय वर्ष 2026–27 में शासन से प्राप्त होने वाली धनराशि से न0पा0प0 छिबरामऊ में अस्थाई गौशाला में संरक्षित गोवंशों के भरण पोषण हेतु नीचे दिये विवरण के अनुसार अनुपातिक भूसा, हरा चारा एवं दाना क्रय करना चाहती है। जिसके रेट निर्धारण हेतु ई–निविदा पोर्टल www.etender.up.nic.in द्वारा निविदायें आमन्त्रित की जाती है। सम्पूर्ण जानकारी उपरोक्त वेबसाइड पर प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नवत है शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय कार्य दिवस में जानकारी की जा सकती है।

| क्र0सं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Tender Release | 10.04.2026 | 4:00 PM |
| 02 | Document Download/Sale Start | 10.04.2026 | 4:00 PM |
| 03 | Bid Submission Start Date | 10.04.2026 | 4:00 PM |
| 04 | Bid Submission Closing Date | 17.04.2026 | 4:00 PM |
| 05 | Technical Bid Opening | 18.04.2026 12:30 PM से | |
| 6 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical Bid | |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | 2% धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य+GST+ टेण्डर आदेश मूल्य+ प्रोसेसिंग फीस | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|
| | अस्थाई गौशाला में संरक्षित गोवंशों के भरण पोषण | | | |
| 1 | भूसा आपूर्ति कार्य | 50000 | 3250 + 590 + 250 + 100 | 31 मार्च 2027 तक |
| | हरा चारा आपूर्ति कार्य | | 4190 | |
| | दाना आपूर्ति कार्य | | | |

(सुनील कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. छिबरामऊ
जनपद-कन्नौज।

(मनोज दुबे)
अध्यक्ष
न.पा.प. छिबरामऊ
जनपद-कन्नौज।


## चली गई जान

वॉशिंग मशीन पर खड़े होकर आत्महत्या की धमकी दे रहा था शराब का लती

# शराबी का ड्रामा, मौत पर खत्म हुई कहानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा में शराब की लत ने वृद्ध की जान ले ली। पत्नी व बेटी के सामने बुजुर्ग फंदे पर लटक गया। शराब के लिए पत्नी ने पैसा देने से मना किया तो परिजनों को कमरे में बंदकर वृद्ध ने कुंडी लगा दी। खिड़की खोलकर घरवालों को डराने के लिए वॉशिंग मशीन पर बैठकर फांसी लगाने की धमकी दी। गले में फंदा भी कस लिया, इसी बीच वॉशिंग मशीन का पहिया सरक गया और बुजुर्ग घरवालों के सामने फंदे पर लटक गया। यह देख चींख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेजा।

डबल स्टोरी बर्रा दो निवासी राजेंद्र कुमार अवस्थी (60) शराब के लती थे। परिवार में पत्नी रेखा व तीन शादीशुदा बेटियां हैं। वृद्ध माता-पिता की देखभाल के लिए छोटी बेटी तनु अपने बेटे यश के साथ रहती है। एक बेटी दिव्या लखनऊ में सिपाही है। साले उमेश ने बताया कि मंगलवार शाम जीजा ने बहन से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। उन्होंने देने से मना कर दिया। शराब पीने पर नाराजगी जताई।

उमेश के अनुसार बेटियां भी शराब पीने का विरोध करती थीं। जबकि शराब के लिए पैसा मांगने को राजेंद्र कई बाहर आत्महत्या की धमकी भी दे चुके थे। उसी तरह मंगलवार शाम जब बाहर से घूमकर लौटे तो पत्नी-बेटी व काम करने वाली को कमरे में बंद कर बाहर से कुंडी लगा ली। इसके बाद वॉशिंग मशीन पर बैठकर धमकाया, कुंडे में फंदा बांधा। खुदकुशी की धमकी देते हुए गले में भी फंदा कस लिया। यह सब घरवाले खिड़की से देखते रहे और मना किया। अचानक वॉशिंग मशीन का पहिया चल पड़ा और परिजनों के सामने बुजुर्ग की फंदे से लटककर जान चली गई। चीख-पुकार मचने पर पहुंचे पड़ोसियों ने दरवाजा खोला और पुलिस को खबर दी। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बर्रा पुलिस के अनुसार परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की गई है। बुजुर्ग पहले भी कई बार परिजनों को धमकाने के लिए आत्महत्या का प्रयास कर चुका था। बुजुर्ग का मकसद घरवालों से शराब के लिए पैसे लेना था, लेकिन अचानक वॉशिंग मशीन का पहिया सरकने से घटना हो गई।

### बीमारी से परेशान युवती ने जहर खाकर दे दी जान

- **कानपुर।** चकेरी में कृष्णापुरम के कृष्णानगर निवासी रामविलास यादव प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार में पत्नी निर्मला, बेटा हिमांशु व 20 वर्षीय बेटी सेजल थी। पिता के अनुसार बेटी बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा थी। उन्होंने बताय कि एक माह पहले उसे टाइफाइड हुआ था, जिसका इलाज होने के बाद आराम मिल गया था, लेकिन वह फिर बुखार की चपेट में आ गई। इसी तनाव में मंगलवार शाम उसने जहर खा लिया। पता चलने पर परिजन उसे कांशीराम ट्रामा सेंटर ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया।

### पत्नी की हत्या कर फरार पति ने की आत्महत्या, लटका मिला शव

- **महाराजपुर।** महाराजपुर के भेवली गांव में सोमवार शाम खेत में काम कर रही रामदेवी (38) के सिर पर पति हरिपाल पासवान ने डंडे से हमला कर हत्या कर दी थी। घटना के बाद से वह फरार था। फुफुवार सूई थोक निवासी ससुर राधेलाल ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस उसकी तलाश में थी। गुरुवार शाम गांव से एक किमी दूर सरसौल हाईवे के बीच बरसाना प्लाटिंग सोसायटी के पीछे इकघरा के रहने वाले अनूप सिंह के खेत में हरिपाल का शव फंदे पर लटका मिला। लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। वहीं चार दिन के अंदर माता-पिता को खोने से चारों बच्चे विनीत, मनीष, राधा व निधि अनाथ हो गए।


## कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट (चित्रकूट)

पत्रांक–20/ न0प0 मा0 /विज्ञप्ति /2026–27 दिनांक– 07 अप्रैल, 2026

ई– निविदा सूचना

नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट में वित्तीय वर्ष–2025–26 में नगरीय झील, तालाब, पोखर, संरक्षण योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से मोहल्ला गोविन्द नगर स्थित पुराना मानिकपुर तालाब का सौन्दर्यीकरण का निर्माण कार्य हेतु दिनांक 12.05.2026 को अपरान्ह 12: 00 बजे तक ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जिसके डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 10.04.2026 समय 12:00 बजे से 12.05.2026 को समय अपरान्ह 12: 00 बजे तक निविदाये डाउनलोड व अपलोड की जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र आनलाइन डाले जायेंगे, जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 12.05.2026 को अपरान्ह 03: 00 बजे समिति /सक्षम अधिकारी एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्रों में निर्धारित शुल्क व जमानत धनराशि नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट के भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या–39989721394 के IFSC-SBIN0015508 में जमा की जायेगी। निविदादाताओं को फाइनेंशियल बिड खोले जाने एवं समस्त कार्यवाही की सूचना पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होगी। निविदा सूचना http://etender.up.nic.in & www.npmanikpursarhat.in पर देखी जा सकती है।

Tender Schedule (www-etender.up.nic.in)

| S. No. | E-Tendering Details | Starting Date and Time Vendor Stage | Ending Date and Time |
|---|---|---|---|
| 01 | Tender Download | 10-04-2026 (12:00) | 12-05-2026 (12:00) |
| 02 | Bid Submission | 10-04-2026 (12:00) | 12-05-2026 (12:00) |
| 03 | Technical Bid Opening | 12-05-2026 (12:00) | |
| 04 | Financial Bid Opening | After opening Technical Bid | |
| 05 | Place of Opening e-tender | Office in Nagar Panchayat Manikpur, Sarhat | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट (चित्रकूट)

अध्यक्ष
नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट (चित्रकूट)

## सिटी ब्रीफ

### यहां गुल रही बिजली

**कानपुर।** शहर के इस्पात नगर में गुरुवार को इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने से दोपहर दो बजे गुल हुई बिजली शाम को करीब चार बजे आ सकी। इस दौरान क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा मलिकपुरम व बर्रा दो में बिजली दोपहर 12 बजे से दोपहर दो बजे तक गुल रही।

### आज नहीं रहेगी बत्ती

**कानपुर।** शहर के तिलक नगर, खलासी लाइन में बिजली सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक, रैना मार्केट व लक्ष्मण बाग कॉलोनी में सुबह 11 बजे से शाम को चार बजे तक, 80 फिट रोड व गुरुद्वारा क्षेत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली नहीं रहेगी। विजय नगर में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली नहीं आएगी।

### शालिग्राम शुक्ला की जयंती मनाई गई

**कानपुर।** नानाराव पार्क स्थित शालिग्राम शुक्ला की प्रतिमा पर गुरुवार को उनकी जयंती पर जन जागरण अभियान के तहत चंद्रशेखर आजाद जन कल्याण समिति भारत ने युवा चेतना सभा आयोजित की। कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें एक समर्पित सच्चा स्वाधीनता सेनानी बताया। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार पांडे ने कहा कि शालिग्राम शुक्ल ने अपनी शहादत देकर दल के कमांडर इन चीफ चंद्रशेखर आजाद की रक्षा की थी। इस दौरान प्रचार मंत्री संदीप साहू, उमेश शुक्ल, अनिल त्रिपाठी, बीडी जयसवाल, दीप पांडे, भारतेंदु पुरी आदि रहे।

### सीजीएम अनिल रंगा से की मुलाकात

**कानपुर।** फूलबाग स्थित आयुध उपस्कर निर्माणी ने मुख्य महाप्रबंधक डॉ. अनिल रंगा के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 532.75 करोड़ का उत्पादन लक्ष्य हासिल किया है, जो पिछली बार की तुलना में 230 करोड़ अधिक है। टीसीएल कंपनी बनने के बाद डॉ. अनिल रंगा के नेतृत्व में पहली बार मुनाफे में आ गई है। उत्पादन बढ़ने से देश की सभी आयुध कंपनियों में टीसीएल की 58 प्रतिशत ग्रोथ हुई है। इस उपलब्धिक पर राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष एचएन तिवारी, सचिव सिद्धनाथ तिवारी ने महासंघ से सम्बद्ध किला मजदूर यूनियन के महामंत्री समीर बाजपेई और कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल कुमार के साथ गुरुवार को मुख्य महाप्रबंधक डॉ. अनिल रंगा से मुलाकात की। आग्रह किया कि इस उपलब्धि के लिए निर्माणी के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को स्मृतिचिन्ह के रूप में उपहार स्वरुप एक चांदी का सिक्का देया जाए। जिस पर मुख्य महाप्रबंधक ने सभी नेताओं को गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

# 5 दिन बाद भी नगर आयुक्त को सड़कों पर पड़े मिले पेड़

## लाजपत नगर, चैन फैक्ट्री चौराहा, शास्त्री नगर आदि जगहों का भ्रमण कर देखी हालत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में शनिवार को आई आंधी के बाद अब तक गिरे हुए पेड़ों को कई जगहों से नहीं हटाया जा सका है। गुरुवार को नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने जब स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 के तहत चयनित वार्डो व कुछ क्षेत्रों का निरीक्षण किया तो हकीकत सामने आई। इस पर उन्होंने संबंधित विभाग को समय पर कार्य पूरा करने और सफाई आदि कार्य कराने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त को जेके मंदिर के पास कूड़े के ढेर जगह-जगह पर मिले। जेके मंदिर के मुख्य मार्ग से मरियमपुर चौराहे तक जगह-जगह बरसात व आंधी के दौरान क्षतिग्रस्त हुए पेड़ गिरे मिले, जिनकी कटिंग को उठाने के लिए गाड़ियां मौके पर खड़ी मिली। चैन फैक्ट्री चौराहे के पास एक बड़ा पेड़ गिरा मिला, जिसके संबंध में जोनल स्वच्छता अधिकारी ने बताया कि शनिवार को आई आंधी व बारिश में यह पेड़ पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर गिर गया था, जिससे यातायात बाधित हो गया था, जिसपर उद्यान विभाग की टीम ने पेड़ को किनारे कर रास्ता साफ किया।

नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि गुरुवार को ही इस कटे हुए पेड़ की डालियों को उठाया जाए, जिससे चैन फैक्ट्री चौराहे की स्लिप रोड पूरी तरह से यातायात के लिए खुल जाए। शनिदेव मंदिर मरियमपुर चौराहा, फजलगंज में श्री कृपाधाम , कल्याण बेकरी के पास पेड़ गिरे मिले, जिनकी कटिंग काफी मात्रा में मिली। निर्देश दिया कि उद्यान अधीक्षक दो टीम और लगाएं, ताकि पेड़ों की कटिंग को शीघ्रता से सड़क व साइट पटरी से हटाया जा सके। वहीं, फजलगंज खोया मंडी चौराहे पर सामुदायिक शौचालय की मशीन खराब व पानी की टंकी लीकेज मिली। इस पर जोनल अभियंता व जोनल स्वास्थ्य अधिकारी को चेक लिस्ट के अनुसार सभी चीजों को एक सप्ताह में चुस्त-दुरूस्त कराने के निर्देश दिए।


नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय को जानकारी देते नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ .अमित सिंह।

### फुटपाथ और नाले में मिला अतिक्रमण

- नगर आयुक्त ने वार्ड-69 सरोजनी नगर में पार्षद अरविंद यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह व जोनल स्वच्छता अधिकारी विजय शंकर शुक्ला व अन्य अधिकारी के निरीक्षण किया। पार्षद ने बताया कि चैन फैक्ट्री से लेकर श्री कृपाधाम मंदिर सिन्धी कालोनी चौराहे तक फुटपाथ पर अतिक्रमण है, नाला सफाई के बाद नाले का कवर करते ही कतिपय व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, यही स्थिति शास्त्री नगर मंदिर के आसपास भी है। सीएल नर्सिंग होम से लेकर शास्त्री नगर पुलिस चौकी तक नाला व फुटपाथ पर भी अतिक्रमण है। नगर आयुक्त ने तिथि नियत करते हुए फुटपाथ से अतिक्रमण को हटाने व सप्ताह में तीन दिन अनिवार्य रूप से अतिक्रमण अभियान चलाने के निर्देश दिए। शास्त्री नगर में हेमू कल्याणी पार्क काफी दुर्दशा हालत में मिला, जिसकी दशा सुधारने के निर्देश दिए।

## मानसिक रोगों के लिये होम्योपैथी में कारगर उपचार

**कानपुर।** एसआर होम्योपैथी अस्पताल के संस्थापक डॉ. अवशेष गुप्ता ने बताया कि मानसिक रोग मस्तिष्क में पाए जाने वाले न्यूरो केमिकल्स का विकार हैं। सामान्यतः केमिकल्स का सही मात्रा में ना निकालना व व्यवहारिक बदलाव और अन्य सामाजिक कारण इसके लिए मूलतः उत्तरदाई होते हैं।



होम्योपैथिक दवाएं मानसिक रोगों को बिना किसी साइड इफेक्ट के पूर्ण रूप से सही करने में सक्षम होती हैं। उनके यहां सभी मानसिक रोग जैसे उलझन, घबराहट डर, ओसीडी, डिप्रेशन अत्यधिक क्रोध एवं अन्य मानसिक व शारीरिक असाध्य रोगों का इलाज किया जा रहा है। डॉ. पूजा गुप्ता स्त्री रोग जैसे स्तन की गांठ, पीसीओडी, फाइब्रॉइड, बांझपन आदि का इलाज कर रही हैं।

# जीरामजी में वित्तीय अनियमितता पर चार संविदा कर्मी हुए बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिल्हौर विकास खंड की ग्राम पंचायत सेबसू में मनरेगा (जी राम जी) के तहत कराए गए विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता मिलने पर जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने चार संविदाकर्मियों को बर्खास्त कर दिया।

सीडीओ दीक्षा जैन के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने वर्ष 2022-23 से 2024-25 के दौरान ग्राम पंचायत सेबसू में मनरेगा के अंतर्गत कराए गए कार्यों और उनसे जुड़े भुगतान अभिलेखों के परीक्षण में 20.58 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता पाई। कार्यों के क्रियान्वयन और भुगतान प्रक्रिया में निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया था तथा पत्रावलियों का समुचित परीक्षण किए बिना भुगतान किया गया था।

इस पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी प्रीति अग्निहोत्री और दीप सिंह, तकनीकी सहायक इन्द्र कुमार तथा प्रमोद कुमार को कार्यो के निर्धारित दायित्व के निष्पादन में शिथिलता बरतने, दिशा-निर्देशों के उल्लंघन, वित्तीय अनियमितता का दोषी पाए जाने पर बर्खास्त कर दिया गया। इस मामले में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी शिशिर कुमार को कड़ी चेतावनी दी गई है। अनियमित रूप से व्यय की गई धनराशि की वसूली की कार्रवाई भी शुरू की गई है। लेखाकार तथा खंड विकास अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी को पर्यवेक्षणीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने चेतावनी दी है कि विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता या लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जी वरासत में लेखपाल व कानूनगो से मांगा स्पष्टीकरण

- **कानपुर।** नर्वल तहसील में जीवितों को मृतक दिखाकर फर्जी वरासत कराने का मामला जांच में सही पाए जाने पर फर्जी वरासत को निरस्त कर दिया गया। इस वरासत में रिपोर्ट लगाने वाले लेखपाल व कानूनगो से स्पष्टीकरण मांगा गया है। नर्वल के बौसर गांव निवासी गुड्डू सिंह व राजू ने बुधवार को एसडीएम नर्वल से शिकायत की थी कि पिता राजबहादुर की मृत्यु 2006 में हो गई थी। उनके चार बेटों में चंद्रभान की मौत भी हो चुकी है। बाकी तीनो बेटे सूर्यभान राजू, गुड्डू सिंह जीवित हैं। पिता के नाम दर्ज जमीन की फर्जी वरासत मृतक भाई चंद्रभान के बेटों सौरभ,गौरव व रौनक के नाम कर दी गई। जिंदा तीनों बेटों राजू,गुड्डू व सूर्यभान को मृतक दिखा दिया गया। एसडीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार अजय प्रकाश सिंह ने जांच की तो वरासत फर्जी मिली। बारादरी के लेखपाल लेखपाल धर्मेंद्र सिंह व कानूनगो नंदलाल ने वरासत में रिपोर्ट लगाई थी। फर्जी वरासत निरस्त कर लेखपाल व कानूनगो से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जांच अधिकारी अजय प्रकाश ने बताया वरासत गलत पाई गई, जो निरस्त करा दी गई है।

# हैक आईआईटीके का ग्रैंड फिनाले शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआईटी कानपुर के सीथ्रीआई हब ने स्वदेशी लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम लॉन्च किया

**अमृत विचार।** ऑल-इंडिया स्तर के साइबर सुरक्षा हैकाथॉन हैक आईआईटीके का ग्रैंड फिनाले शुरू हो चुका है, जिसमें देश भर के प्रतिभाशाली युवा डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों के समाधान पर काम कर रहे हैं। इस दौरान सीथ्रीआई हब ने स्वदेशी लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम लॉन्च किया है।

यूपी साइबर क्राइम के महानिदेशक बिनोद कुमार सिंह ने साइबर खतरों के परिदृश्य और देश की साइबर सुरक्षा को मजबूत करने में युवा नवाचारकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. गौरव गुप्ता, वैज्ञानिक और एमसी बालासुब्रमण्यम, सीएमडी, ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में नेटवर्क सुरक्षा, क्रिप्टोग्राफी, हार्डवेयर सुरक्षा, आईओटी सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक्स, ऑटोमोटिव सुरक्षा और साइबर क्राइम जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस हैकाथॉन में दो प्रतियोगी ट्रैक सॉल्यूशन ट्रैक और कैप्चर द फ्लैग शामिल हैं, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों को वास्तविक दुनिया की साइबर सुरक्षा चुनौतियों के समाधान खोजने का अवसर मिलता है। इस दौरान सॉल्यूशन ट्रैक के फाइनलिस्ट टेक्नोपार्क ऑडिटोरियम में अपने प्रोटोटाइप प्रस्तुत करने पहुंचे, जहां उन्होंने वास्तविक साइबर सुरक्षा समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में आईआईटी कानपुर ने अपना स्वदेशी लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम भी लॉन्च किया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर (इटावा)**

पत्रांक:– 25 /न.पा.परि.ज.न./2026–27 दिनांक:– 09/04/2026

**आवश्यक सूचना**

समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका के द्वारा मु. रेलमण्डी में नहर के पुल के पास एवं मुहल्ला अहीरटोला में सैफई चौराहे के पास चयनित भूमि पर दुकानों की नीलामी दिनांक 17–04–2026 मध्यान्ह 12.00 बजे से उपजिलाधिकारी महोदय जसवन्तनगर की अध्यक्षता में की जानी है उक्त तिथि को अवकाश घोषित होने पर नीलामी अगली दिनांक को की जायेगी। सम्बन्धित नियम व शर्ते पालिका में उपस्थित होकर कार्यालय समय में देखी जा सकती हैं। कृपया इच्छुक व्यक्ति दुकान नीलामी में प्रतिभाग हेत निर्धारित धरोहर धनराशि रूपया 1,00,000.00 जमा कर अपना पंजीकरण दिनांक 16–04–2026 तक करा लें।

लिपिक, नगर पालिका परिषद, जसवन्तनगर (इटावा)
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जसवन्तनगर (इटावा)
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, जसवन्तनगर (इटावा)

**कार्यालय नगर पंचायत राजापुर, जनपद–चित्रकूट**

पत्र संख्या– 14/ दिनांक– 03/4/2026 न0प0राजापुर /2026–27 दिनांक : 09.04.2026

**ई–निविदा सूचना निधि**

नगर पंचायत राजापुर में पेयजल योजना, सीवरेज जल निकासी योजना तथा 15वां वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यो हेतु पंचायत में पंजीकृत ठेकेदार अथवा जो पंजीकरण हेतु निर्धारित अर्हता रखते हो आमंत्रित ई–निविदायें में प्रतिभाग कर सकते है। ई–निविदा के माध्यम से निविदाएं दिनांक 10.04.2026 से 01.05.2026 तक समय अपरान्ह 02: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई–निविदायें की दिनांक 01.05.2026 को तकनीकी बिड दिनांक 04.00 बजे खोली जायेगी। तकनीकी ई–निविदायें खोले खोले जाने के पूर्व उसी दिनांक को अपरान्ह 03.00 बजे तक ई–निविदायें के साथ अपलोड किये गये अभिलेखों की स्व प्रमाणित प्रति नगर पंचायत कार्यालय में रखे शीलवन्द निविदा बाक्स में डाली जायेगी। ई–निविदायें प्रपत्रों की प्रति प्राप्त न होने वाली ई–निविदाये पर विचार नही किया जायेगा। ई–निविदायें में निर्धारित ई–निविदायें शुल्क व 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद नगर पंचायत राजापुर के (इंडियन बैंक) खाता संख्या– 50075199845 आई.एफ.एस.सी. कोड नं0 IDIB000R527 में जमा की जायेगी। जिसकी सूचना http://etendar.up.nic.in पर देखी जा सकती है। ई–निविदायें सम्बन्धी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित निर्माण लिपिक से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत राजापुर, चित्रकूट।
अध्यक्ष, नगर पंचायत राजापुर, चित्रकूट।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद औरैया**

पंत्राक: 30/स0वि0 एस0बी0एम0 / 2026–27 दिनांक 8 अप्रैल, 2026

**सार्वजनिक सूचना**

**विषय: मैनुअल स्कैवेंजिंग (मानव मल की हाथों से सफाई) पर पूर्ण प्रतिबंध के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोजगार का प्रतिषेध एवं उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 के अंतर्गत मैनुअल स्कैवेंजिंग की प्रथा पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है।

किसी भी व्यक्ति से मानव मल, सूखे शौचालय, सीवर अथवा सेप्टिक टैंक की हाथों से या बिना सुरक्षा उपकरणों के सफाई कराना दंडनीय अपराध है।

**दंड का प्रावधान**

प्रथम बार अपराध करने पर –रू0 50,000/– तक जुर्माना
पुनः अपराध करने पर–रू0 1,00,000/– तक जुर्माना

**प्रतिबंधित कार्य**

- सूखे शौचालयों की हाथों से सफाई कराना
- सीवर सेप्टिक टैंक की बिना सुरक्षा उपकरणों के सफाई
- किसी भी रूप में मैनुअल स्कैवेंजिंग हेतु रोजगार देना

नगर क्षेत्र के सभी नागरिकों, ठेकेदारों, संस्थानों एवं संबंधित पक्षों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस अधिनियम का कड़ाई से पालन करें। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। यह सूचना जनहित में जारी की जाती है।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद औरैया
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद औरैया


# आनंदेश्वर मंदिर के कार्यों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जूना अखाड़े के अध्यक्ष प्रेम गिरि महाराज बोले, भक्तों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी

**अमृत विचार।** श्री आनंदेश्वर महादेव मंदिर के विकास एवं विस्तार कार्यों को लेकर मंदिर परिसर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जूना अखाड़ा के वरिष्ठ अध्यक्ष प्रेम गिरि महाराज ने की। इस दौरान मंदिर प्रशासन एवं गुरुमूर्तियों के साथ विकास कार्यों में आ रही बाधाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें जल्द दूर करने के लिए निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रेमगिरि महाराज ने मंदिर प्रशासन को शासन-प्रशासन से समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जूना अखाड़ा मंदिर के सभी कार्यों पर बारीकी से नजर रखते हुए भक्तों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी। मंदिर में सुचारु दर्शन व्यवस्था बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। उन्होंने पत्रकार बंधुओं को सम्मानित किया और उन्हें सत्य, निष्पक्ष व साहसपूर्ण लेखनी के लिए प्रेरित किया।


प्रेमगिरि महाराज। अमृत विचार

उन्होंने महादेव से सभी भक्तों व शहरवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। बैठक में पश्चिम बंगाल में सनातनी सरकार के गठन की कामना करते हुए वहां के हिंदुओं के विकास, स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए भी प्रार्थना की गई। इस दौरान कार्यक्रम में महंत महाकाल गिरी, आदित्य गिरी, इच्छा गिरी, मथुरा गिरी, अत्रिवन महाराज, हितेश गिरी सहित पुजारी अजय, संजय मिश्रा, अनूप मिश्रा, मीडिया प्रभारी आशुतोष कुमार,अखाड़ा टीवी से विजय कुमार मौजूद रहे।

# मोहसिना किदवई को श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तिलक हाल में आयोजित शोकसभा में बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए

**अमृत विचार।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार को निधन होने पर महानगर कांग्रेस द्वारा तिलक हाल में शोकसभा की गई। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ नेता निजामुद्दीन खान ने किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष पवन गुप्ता ने बताया कि वे केंद्र और प्रदेश सरकार में मंत्री रहीं। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में दायित्व संभाला। 1976 में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित राष्ट्रीय स्तर पर कई पदों पर कार्य किया। उनका जीवन जनसेवा, सामाजिक समरसता और महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहा। इस दौरान अध्यक्ष पवन गुप्ता, निजामुद्दीन खान, हरप्रकाश अग्निहोत्री, श्याम देव सिंह, नरेश पाठक, शंकर दत्त मिश्रा, हरीश बाजपई, राम स्वरूप तिवारी, पदम मोहन मिश्रा, संतोष त्रिपाठी, राजेश गौतम, इकबाल अहमद आदि उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद औरैया**

पत्राक: 27/ स0वि0 एस0बी0एम0/ न0पा0परि0 औरैया/2026–27 दिनांक: 08 अप्रैल 2026

**सार्वजनिक सूचना**

कार्यालय नगर पालिका परिषद औरया द्वारा उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं उसमें दी गई उपधाराओं तथा शासन द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों में दिये गये दिशा निर्देशों के क्रम में आनसाई स्वच्छता व्यवस्था के अन्तर्गत घर/भवन / प्रतिष्ठान में आनसाइट सेनिटेशन सिस्टम (सेंप्टिक टैंक/ट्विन पिट/सौक पिट0 189 के संग्रहण, धुलाई और उससे जुड़े मामलों के लिये जारी सार्वजनिक सूचनाएं निम्नलिखित है।

**आनसाइट स्वच्छता प्रणालियों**

**1– ओएसएस का डिजाइन, निर्माण और रख रखाव**

1– ओएसएस का डिजाइन निर्माण और उसकी स्थापना आई0एस0कोड 2470 भाग 1 व 2 के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा या समय समय पर संसोधित प्रावधान अथवा नगर पालिका परिषद औरैया या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा जारी अन्य स्वीकृत उपर्युक्त अभियान्त्रिकी कार्य संहिता द्वारा संसोधित किया गया है।
2. ओएसएस से जुड़े सम्पतिः के मालिक/निवासी, ओएसएस के निकलने वाले पीकल्स संस्था के अनुरक्षणा रख रखाव और सुरक्षित निस्तारण के लिये जिम्मेदार होगें।
3– परिसर का मालिक नियमित आधार पर प्रत्येक तीन वर्षो में सैप्टिक टैंक की सफाई अनिवार्य रूप से कराने का कार्य करेगा।
4– परिसर का मालिक नगर पालिका परिषद औरैया द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान कर सैप्टिक टैंक की सफाई बना सकते हैं
5– परिसर के मालिक की यह सुनिश्चित करना होगा कि सैप्टिक टैंक के लाइसेंस प्राप्त आपरेटर या नगर पालिका परिषद औरैया के प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मियों के द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के साथ यांत्रिक रूप से साफ सफाई किया जाता हो और मैनुअल सफाईकार्य न हो।

**2– सैप्टिक टेक का डिजाईन**

1– सेप्टिक टैंक स्थापित करने के लिये बीआईएस कार्य सहिता प्राप्त करता है (आईएसकोड 2470 भाग 1. 1985)। सैप्टिक टैक के निर्माण के लिये कुछ मानकी के आधार पर डिजाईन माप दण्ड प्रदर्शित करता है छोटे और बड़े क्षेत्रों के लिये या आबादी को ध्यान में रखते हुये डिजाईन इस्टालेशन का विवरण प्राप्त करता है। केंन्द्र सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यायवरण अभियान्त्रिकी के संगठन MOUHA के अनुसंधान विभाग द्वारा प्रकाशित सीवरेज और मल जल उपचार पर मैनुअल के भाग ए में ओएसएस पर व्यापक डिजाइन मानक दिये गये है। प्रचलित और सुरक्षित साईड स्वच्छता के लिये इस खण्ड में तकनीकों के मानक डिलाइन बताये गये है साथ ही भारत में सेप्टिक टैंक को आम तौर पर काले पानी के लिये हाईलाईट किया जाता है।

**3– सैप्टिक टैक के विर्निर्देशन**

1– अयाताकर– ला0 और चौ0 का अनुपात 2 से 4
2– गहराई 1.0 से 2.5 मी0 के बीच
3– दो कक्ष – पहला का कुल लंबाई का 2/3
4– तीन कक्ष– पहला कक्ष कुल लम्बाई का 1/2
5– मशीन छेद (मैनहोल) प्रत्येक कक्ष के ऊपर
6– निर्विवाद टिकाऊ और स्थिर टैंक

नोट– **सैप्टिक टैंक का आकार कुछ अनुमानों (तरह प्रवाह) पर आधारित होता है। सैप्टिक टैंक का आकार का चयन करते समय सैप्टिक गणना करनी चाहिये। इस बारे में जानकारी के जिये बी0आई0एस0 2470 भाग 1 1985 देखे।**

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद औरैया


उपलब्धि — दिल्ली में आयोजित शुगर एनएक्सटी हैकाथॉन प्रतियोगिता में सबसे अव्वल

# शर्करा संस्थान के दो वैज्ञानिकों को पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय शुगर एंड बायो-एनर्जी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार द्वारा शुगर एनएक्सटी हैकाथॉन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दो अलग अलग वर्गों में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर की 2 टीमों को पुरस्कृत किया गया। इनमें संजय चौहान, प्रोफेसर शुगर इंजीनियरिंग एवं मोहित कुमार, वरिष्ठ तकनीकी सहायक थे। इसी तरह दूसरी टीम में महेन्द्र कुमार यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर शुगर टेक्नोलॉजी शामिल रहे। नई दिल्ली के होटल ताज में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की ओर से दोनो टीमों को दो-दो लाख के नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 36 सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। उनके द्वारा 36 सौ आइडियाज प्रस्तुत किए गए। 36 सौ आइडियाज में से शार्टलिस्ट होकर ग्रांड फिनाले में 16 और उसके बाद 8 का फाइनल चयन हुआ। उनमें से दो आइडियाज राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर के थे, जिन्हें पुरस्कृत किया गया। हैकाथॉन प्रतियगिता के दौरान संजय चौहान एवं मोहित कुमार द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुसंधान पत्र का विषय 'कनवर्टिंग फ्लू गैस वेस्ट इन्टू प्रोसेस एनर्जी' एवं श्री महेन्द्र कुमार यादव द्वारा प्रस्तुत रिसर्च पेपर का विषय 'एडवांस्ड इको-फ्रेंडली हाइब्रिड प्रोसेस' के लिए सम्मानित किया गया।



विनर के पुरस्कार के साथ शर्करा संस्थान के वैज्ञानिक। अमृत विचार

इस पर संस्थान की निदेशक प्रो.सीमा परोहा ने बताया कि संस्थान के वैज्ञानिकों को इतना बड़ा पुरस्कार प्रथम बार मिल रहा है, जिसका पूरा श्रेय संयुक्त सचिव (शर्करा), उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार को जाता है। प्रो. परोहा ने बताया कि संयुक्त सचिव द्वारा संस्थान के वैज्ञानिकों को समय-समय पर वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से इस प्रकार के क्रियात्मक कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया जाता रहा है।

## सिटी ब्रीफ

### फॉर्म भरने का मौका

**कानपुर।** सीएसजेएमयू ने परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गए छात्रों को अंतिम अवसर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुरुवार को पोर्टल एक दिन के लिए दोबारा खोल दिया है। अब छात्र शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक अपने परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अंतिम मौका है और इसके बाद किसी भी परिस्थिति में फॉर्म भरने का अवसर नहीं दिया जाएगा। ऐसे में जिन छात्रों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, उन्हें समय रहते प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है।

### डीबीएस में एमओयू

**कानपुर।** कानपुर क्वीयर वेलफेयर फाउंडेशन और डीबीएस कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग के बीच एमओयू हुआ। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार, डीबीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल मिश्रा तथा कानपुर क्वीयर वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक व निदेशक अनुज पांडेय उपस्थित रहे। इस एमओयू के तहत प्राचार्य डॉ. अनिल मिश्रा ने एलजीबीटीक्यूआईए विद्यार्थियों को निशुल्क प्रवेश की घोषणा की। बताया गया कि इसके साथ ही समाजशास्त्र विभाग के शोधार्थी ट्रांसजेंडर एवं क्वीयर समुदाय से संबंधित इंटरवेंशन आधारित शोध कार्य, सर्वेक्षण तथा ट्रांसजेंडर विषय पर साहित्य निर्माण करेंगे, जिससे अकादमिक स्तर पर समुदाय की समझ और सशक्त होगी।

### पटवर्धन का सम्मान

**कानपुर।** मराठी चतुर्वेद के विद्वान आचार्य पंडित बलवंत भाऊ शास्त्री पटवर्धन का गुरुवार को सम्मान किया गया। रामराधे वाटिका संजय गांधी नगर नौबस्ता में आयोजित समारोह की अध्यक्षता आचार्य रामगोपाल मिश्र ने की। वक्ताओं ने कहा कि आचार्य पटवर्धन ने वेदों के अध्ययन और प्रचार-प्रसार को नई दिशा दी है। उनके द्वारा रचित ग्रंथ उपयोगी एवं लोक कल्याणकारी हैं। समारोह में श्रीराम प्रकाश शास्त्री शुक्ल, बंशीधर अवस्थी, रजनीकांत वाजपेयी, पप्पू शुक्ला, दीनबंधु मिश्र, रामजी तिवारी, शिवम तिवारी, राकेश दीक्षित, डॉ. जाह्नवी केलकर, विक्रम पटवर्धन, सोमेश केलकर, वृंदा पटवर्धन, मीरा देवी और व्यासकांत शुक्ला सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राम प्रकाश शुक्ला ने किया।

# नानाराव पार्क में गूंजा नवकार मंत्र

## वैश्विक शांति और मानवता के कल्याण के लिए 'जीतो' की ओर से आयोजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नानाराव पार्क में आयोजित विश्व नवकार दिवस पर भाग लेते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वैश्विक शांति और मानवता के कल्याण के उद्देश्य से गुरुवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) के तत्वावधान में नानाराव पार्क में विश्व नवकार दिवस का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में शहरवासियों ने भाग लेकर एक स्वर से आध्यात्मिक एकता का संदेश दिया।


कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर प्रमिला पांडेय और विशिष्ट अतिथि विधायक सलिल विश्नोई उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवकार मंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे विश्व शांति का आधार बताया। उन्होंने कहा कि णमोकार मंत्र अनादि काल से मानवता को सही मार्ग दिखाता आया है, जिसमें पंच परमेष्ठि के गुणों का वंदन निहित है। इस अवसर पर एक ही समय में 108 देशों में करोड़ों लोगों द्वारा नवकार मंत्र का जाप किया गया। कानपुर में भी विभिन्न शैक्षिक एवं औद्योगिक संस्थानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय सहित केआईटी रुमा, एमआर जयपुरिया, सरस्वती शिशु मंदिर, जीडी गोयनका, बीएनएसडी शिक्षा निकेतन और महावीर स्पिन फैब समेत कई संस्थानों में नौ मिनट का सामूहिक जाप हुआ, जिसमें करीब छह हजार शिक्षक, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम में अंजू एवं मीनू जैन द्वारा मंत्र गायन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अध्यक्ष मनीष कटारिया, महामंत्री अमित जैन, मुख्य संयोजक सुधींद्र जैन, अनू जैन, (महिला इकाई अध्यक्ष), प्रखर जैन, अनूप जैन, आकांक्षा जैन, कमलेश, राकेश सहित जैन समाज के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## सेवाओं के शुल्क में वृद्धि का निर्णय

**कानपुर।** कानपुर प्रेस ओनर्स एसोसिएशन की बैठक आईआईए भवन में हुई। अध्यक्ष अवधेश अवस्थी सभी सदस्यों को प्रिंटिंग उद्योग के समक्ष उत्पन्न हो रही वर्तमान चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कच्चे माल की कीमतों में लगातार वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि कुछ समय में इंक की कीमतों में लगभग 25 प्रतिशत, अन्य प्रेस केमिकल्स में 30 प्रतिशत, लेमिनेशन फिल्म में 50 से 60 प्रतिशत, लेमिनेशन ग्लू में 30 से 40 प्रतिशत तथा कागज के मूल्यों में 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इस मूल्य वृद्धि के कारण प्रिंटिंग उद्योग की लागत बढ़ी है, जिससे पूर्व निर्धारित दरों पर कार्य करना कठिन होता जा रहा है। सभी उद्यमियों से अपील की गई कि वे वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एकजुट होकर कार्य करें। निर्णय लिया गया कि बढ़ती लागत के मद्देनज़र प्रिंटिंग सेवाओं के शुल्क में 15 से 20 प्रतिशत तक एवं लेमिनेशन में 25 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि की जाए।


विधानसभा के भ्रमण के दौरान अध्यक्ष से मिले रोटरी क्लब के सदस्य। अमृत विचार

# रोटरी क्लब के सदस्यों ने देखा विधान भवन

**कानपुर।** रोटरी क्लब ऑफ कानपुर के 22 सदस्यों ने विधान भवन का भ्रमण किया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा के इतिहास, कार्यवाही संचालन एवं डिजिटलीकरण की में जानकारी दी।

उन्होंने सदस्यों को विधानसभा की कार्यवाही के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधान भवन के भ्रमण से सभी में संवैधानिक मूल्य तथा संवैधानिक करवाई कैसे संचालित होती है यह जान सकते है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में में पढ़े-लिखे विधायक आ रहे हैं कुछ विधायक डॉक्टर हैं कुछ इंजीनियर हैं कुछ विधि की डिग्री लिए हुए हैं, कुछ मैनेजमेंट की पढाई किए हुए हैं। भ्रमण के दौरान रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, डिस्ट्रिक्ट 3110 रोटेरियन राजन विद्यार्थी, रोटरी क्लब आफ़ कानपुर के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल जैन, सचिव संजय मेहरोत्रा, डॉ प्रवीन कटियार, डॉ पंकज गुलाटी, गुल नवाज लारी, संजय गुप्ता, डॉ शशि सेठ, डा सोनिया दमेले सहित अन्य मौजूद रहे।


सरसौल के कंपोजिट विद्यालय से निकली रैली। अमृत विचार

# बच्चों ने निकाली रैली

**कानपुर।** सरसौल ब्लाक में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली गई। कंपोजिट स्कूल सरसौल से शुरू हुई रैली में बच्चे हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। ब्लाक प्रमुख सरसौल डा. विजयरत्ना तोमर, खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार, प्रधान संघ के अध्यक्ष अरुण तोमर भी उनके साथ चले। बच्चों के निःशुल्क पाठ्य- पुस्तकें वितरित की गईं। इस अवसर पर विजय श्रीवास्तव, पवन मिश्रा, दीपा मिश्रा, नसरे आलाम, रामकुमार रहे।

# स्कूल चलो रैली में शिक्षा का संदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


रैली में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

**अमृत विचार।** बिधनू के कंपोजिट विद्यालय कठोंगर से न्याय पंचायत स्तर पर स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराना था। बीईओ मुख्यालय सुनील द्विवेदी, खंड शिक्षा अधिकारी सत्यप्रकाश एवं डीसी ट्रेनिंग प्रबोध प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बीईओ मुख्यालय सुनील कुमार द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को गांव के भ्रमण के लिए रवाना किया। रैली में न्याय पंचायत के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गांव के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए रैली ने लोगों को शिक्षा का महत्व समझाया और अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। इस बीच न्याय पंचायत के उन मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, इंस्पायर मानक अवॉर्ड्स तथा नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की।

मुख्य अतिथियों द्वारा उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। रैली का विशेष आकर्षण ड्रोन के माध्यम से किया गया, जिसने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में मुख्य अतिथियों ने आशीर्वाद दिए। इस दौरान नोडल संकुल स्वाती सचान, प्रधानाध्यापिका महिमा श्रीवास्तव एवं समस्त विद्यालय परिवार की इस सराहनीय पहल की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा की जा रही है। बच्चे खासे उत्साहित रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत कुरारा- हमीरपुर**

पत्रांक :- मेमो / नोटिस / न0पं0 कु0/2025-26 दिनांक -09-04-2026

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदिकाओं द्वारा इस कार्यालय के गृहकर अभिलेखों में नवीन करण निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम व पता सहित नियमानुसार अंकित है। उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। बादम्याद अन्यथा कि स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका उत्तरदायित्व नगर पंचायत कुरारा का नही होगा।

| क्र. सं. | भवन सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भवन सं0 116 | विष्णु कुमार द्विवेदी व कृष्ण कुमार द्विवेदी | स्व0 श्री जागेश्वर प्रसाद शास्त्री | बाजार का पश्चिमी भाग | 11 | विरासतन |
| 2 | नया भवन | रेखा देवी पत्नी ज्ञानेश्वर | राम सिंह पुत्र श्री सुन्दर सिंह | बस स्टैण्ड नयी बस्ती | 09 | बैनामानुसार |
| 3 | नया भवन | मुन्नी देवी पत्नी श्रवण कुमार व रामजानकी पत्नी स्व0 चोखेलाल व रविन्द्र नाथ पुत्र गयाप्रसाद | श्रीमती भगवती देवी स्व0 रामप्रकाश | बाजार का उत्तरी भाग | 05 | बैनामानुसार |
| 4 | भ0सं0 42 | लक्ष्मी पत्नी स्व0 बनारसी दास गुप्ता व अर्चना गुप्ता पत्नी स्व0 विजय गुप्ता व वत्सल गुप्ता व इशान्त गुप्ता पुत्रगण स्व0 विजय कुमार | बनारसीदास गुप्ता पुत्र शिवप्यारेलाल गुप्ता | बाजार का पूर्वी भाग | 04 | विरासतन |
| 5 | नया भवन | नीतू सिंह पत्नी मान सिंह | राजेश सिंह उर्फ राजेश कुमार सेंगर उर्फ श्री पूरन सिंह | मटेहना मोहाल | 02 | बैनामानुसार |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर


प्रशिक्षण में भाग लेते चयनित बच्चे। अमृत विचार

# टीएसएच में ईडब्ल्यूएस के 223 बच्चों को प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आधुनिक खेल सुविधाओं, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और अनुभवी कोचों के मार्गदर्शन में खेल प्रतिभाओं को तराशने में जुटे आर्यनगर स्थित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में ईडब्ल्यूएस (अल्प आय वर्ग) के बच्चों के लिए निःशुल्क खेल प्रशिक्षण का आठवां बैच शुरू हो गया। इस बार प्रशिक्षण के लिए 310 आवेदन प्राप्त हुए थे। पात्रता की जांच के बाद 255 बच्चों ने ट्रायल में भाग लिया। सात सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटी की निगरानी में खिलाड़ियों की फिटनेस, एप्टीट्यूड और व्यक्तिगत खेल कौशल का गहन परीक्षण किया गया। ट्रायल में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, जूडो, कबड्डी, कराटे, शूटिंग, स्विमिंग और टेबल टेनिस जैसे खेलों में बच्चों की शारीरिक क्षमता, तकनीक और प्रदर्शन का मूल्यांकन करके बैडमिंटन में 40, बास्केटबॉल-35, बॉक्सिंग-20, जूडो-40, कराटे-50, कबड्डी-2, शूटिंग-9, स्विमिंग-13, टेबल टेनिस में 14 मिलाकर कुल 223 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया गया।

# समस्या के समाधान पर होना चाहिए शोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


राज्यपाल के साथ हरकोर्ट बटकर प्राविधिक विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष।

**अमृत विचार।** हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति व अन्य अधिकारियों के साथ गुरुवार को राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने बैठक की। बैठक में विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों का प्रस्तुतीकरण किया। कुलाधिपति ने कहा कि शोध इस तरह के होने चाहिए जो आम लोगों की समस्या के समाधान से प्रोरित हो।

बैठक के दौरान विश्वविद्यालय में नामांकन, छात्रावासों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं, स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, छात्रावासों की साफ-सफाई, योग एवं शोध गतिविधियां, फैकल्टी-विद्यार्थी अनुपात, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां, प्रोजेक्ट्स, प्लेसमेंट, रोजगार एवं शोध पत्रों आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय के भवनों का निर्माण विद्यार्थियों की आवश्यकताओं एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए बजट का प्रभावी एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को उसका वास्तविक लाभ प्रदान किया जाए। राज्यपाल ने छात्रावासों में स्वच्छता एवं भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक भोजन उपलब्ध कराया जाए, बाहरी भोजन पर निर्भर होने से रोका जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी शोध कार्यों के पेटेंट कराने पर बल देते हुए कहा कि शोध की उपयोगिता तभी सिद्ध होती है जब उसका लाभ आम जनमानस तक पहुंचे।

# टीकाकरण से संक्रमण की होगी रोकथाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले में मीजल्स-रूबेला संक्रमण की रोकथाम व नियंत्रण के उद्देश्य से ओआरआई अभियान की शुरुआत गुरुवार को कैंट के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने बच्चों को दवा पिलाकर की।

जिलाधिकारी ने बताया कि कुछ क्षेत्र में खसरा-रूबेला के मामले सामने आए हैं, जिसमें बुखार के बाद शरीर पर चकत्ते (रैश) उभर आते हैं। इसलिए जिले में मीजल्स-रूबेला संक्रमण की रोकथाम के लिए विशेष ओआरआई अभियान शुरू किया गया है। अपील है कि अभिभाव अपने बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराएं। साथ ही जहां-जहां स्वास्थ्य टीमें पहुंचें, वहां भी सहयोग करें, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए।

### लाजपत भवन में होगी बांग्ला मेला की धूम

**कानपुर।** शहर में लगने वाला बांग्ला मेला इस बार 11 अप्रैल से शुरू होगा। दो दिन तक चलने वाले इस मेले में बांग्ला साड़ियों के साथ ही वहां के पारंपरिक व्यंजन भी लोगों का आकर्षित करेंगे। खास बात यह है कि मेले में इस बार अभिनेता व गायक अनिर्बान भट्टाचार्य भी शिरकत करने आ रहे हैं। उत्सारन संस्था की ओर से आयोजित किए जोन वाले इस मेले में इस बार पब्लिशर्स एंड बुक सेलर्स गिल्ड द्वारा ' ' ' 'बुक फेयर' का भी आयोजन किया जाएगा। मेले के मीडिया प्रभारी पुलक भट्टाचार्या ने बताया कि पिछले कई वर्षों से 'उत्सारन' संस्था की ओर से इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस बार बंगाल का डांस इप 'दर्पणी', और अभिनेता व गायक अनिर्बान भट्टाचार्य का म्यूजिकल बैंड 'हुलिगानिस्म' शामिल होने जा रहा है। इसके साथ ही दिल्ली की बंगाली संस्था पूर्वी दिगोतो द्वारा नृत्य प्रस्तुति एवं वंदना देबराय द्वारा दिव्यांग बच्चों का नृत्य भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं SURYA BHAN SINGH S/O LATE DEVRAJ SINGH, ARMY NO-16019142P, RANK-N/K, UNIT-15RPJRIT, R/O VILL - POST-HATHNASA, PS-SARENI, TEHSIL-LALGANJ, DISTRICT-RAEBARELI, STATE-UTTAR PRADESH-229212 का निवासी हूँ। मेरे पार्ट-2 में त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम रंजीता (RANJEETA) अंकित हो गया है, जबकि आधार कार्ड व अन्य शैक्षिक अभिलेखों में रंजीता सिंह (RANJEETA SINGH) अंकित है जो कि सत्य व सही है। जिसे संशोधन किया जाना अति आवश्यक है।

**Notice**
It is hereby informed to the general public that I am serving in the Indian Army under Army No. 15735504L. In my Army Signal Record, my mother's name is recorded as KUSUMA DEVI and her date of birth as 10.06.1960, whereas in her Aadhaar Card bearing No. 729838163252, her name is mentioned as KUSAMA DEVI and her date of birth is recorded as 01.01.1959.
Therefore, it is necessary to correct my Army Signal Record by replacing my mother's name from KUSUMA DEVI to KUSAMA DEVI and her date of birth from 10.06.1960 to 01.01.1959.
Rajeev Kumar
Son of Late Ram Babu
Resident of Village Gunauli, Post Banshi, Tehsil Bidhuna, District Auraiya.

**सूचना**
मैं, **रामसजीवन पुत्र विश्वश्वरदयाल, निवासी ग्राम रडौली, पोस्ट धरमंगदपुर, तहसील घाटमपुर, जनपद कानपुर नगर,** मेरा पुत्र अरुण मिश्रा, प्रायः शराब के नशे में मेरे साथ बिना किसी उचित कारण के गाली-गलौज एवं मारपीट करता है। उसके इस अनुचित आचरण में उसकी पत्नी, श्रीमती अल्का मिश्रा, भी सहयोग करती है। उक्त परिस्थितियों एवं उनके असामाजिक एवं अनुचित व्यवहार से क्षुब्ध होकर मैने अपने पुत्र अरुण मिश्रा एवं उसकी पत्नी अल्का मिश्रा से समस्त संबंध विच्छेद कर लिया है तथा उन्हें अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल (अधिकार से वंचित) कर दिया है। भविष्य में उक्त पुत्र एवं उसकी पत्नी द्वारा लिये गये किसी भी प्रकार के ऋण, लेन-देन, बाद-विवाद, मुकदमेबाजी अथवा अन्य किसी भी दायित्व के लिए वे स्वयं पूर्णतः उत्तरदायी होंगे। मेरा अथवा मेरे परिवार का उनसे किसी प्रकार का कोई संबंध या दायित्व नहीं रहेगा।

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2022 रोल नंबर 1221277014 व इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 रोल नंबर 2246112068 के प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में कही खो गये हैं। **हरगोविंद पुत्र अखिलेश कुमार -ग्राम व पोस्ट -गूरा - थाना -बिधूना- जनपद- औरैया- उप्र।**

**सूचना**
मैं **संध्या दीक्षित पत्नी स्व0 आशीष दीक्षित निवासिनी ग्राम व पोस्ट भदरस तहसील व थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर।** मेरे पुत्र आयूष दीक्षित उर्फ मोनू का चाल चलन ठीक नही है और अक्सर मार पीट करता रहता है यदि उक्त पुत्र किसी से किसी प्रकार का कोई लेन देन करता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरे पुत्र आयूष उर्फ मोनू की होगी। मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी। मैं अपने पुत्र के क्रिया कलाप से संतुष्ट नही हूँ जिस कारण से मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। यदि उक्त किसी के साथ कोई गलत कार्य करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

**सूचना**
मै अनूप अग्निहोत्री पुत्र स्व0 कृष्ण कुमार अग्निहोत्री सम्पत्ति प्लाट नं0.ए/28/एम आई जी क्षेत्रफल 180 वर्गमीटर ब्लाक स्कीम गुजैनी कानपुर नगर की प्रापर्टी डी0एम0आई0 हाउसिंग फाइनेन्स प्रा0 लि0 में बन्धक रखकर ऋण प्राप्त कर रहे है यदि किसी को कोई आपत्ति है तो 7 दिनो के अन्दर नीचे लिखे पते पर सम्पर्क करे। **मृणाल लालचन्दानी एड., चे0न0-14 प्रथमतल मोतीलाल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट कानपुर नगर मो0न0-9919606060**

अपनापन झलका | दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज की एल्युमिनाई मीट में सजी पुरानी यादों की महफिल

# वर्षों बाद एक मंच पर मिले तो याद आए स्कूल वाले दिन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज में गुरुवार को आयोजित एल्युमिनाई मीट में सुरों की महफिल सजी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दयानंद गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, कानपुर में गुरुवार को आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन (एल्युमिनाई मीट) ने पुराने दिनों की यादों को फिर से जीवंत कर दिया। वर्षों बाद एक मंच पर जुटे पूर्व छात्राओं ने अपने छात्र जीवन की यादों को साझा करते हुए दोस्ती और अपनेपन का रंग बिखेरा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. कीर्ति निधि, प्राचार्या प्रो. वंदना निगम, निदेशक प्रो. अर्चना वर्मा, कुलानुशासक प्रो. अर्चना श्रीवास्तव एवं सम्मेलन समन्वयक प्रो. पप्पी मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. कीर्ति निधि, जो इसी महाविद्यालय की पूर्व छात्रा एवं राजनीति शास्त्र विभाग की सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष हैं, ने अपने संबोधन में कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है कि उन्हें अपने ही कर्मक्षेत्र में पुनः आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय से मिली पहचान को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसकी गौरव पताका निरंतर ऊंचाइयों को छूती रहे, यही प्रयास होना चाहिए। प्राचार्या प्रो. वंदना निगम ने सभी पूर्व छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि एल्युमिनाई मीट किसी भी संस्थान के लिए गर्व का अवसर होता है, जहां वह अपने सफल पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को देखकर प्रेरणा लेता है।

निदेशक प्रो. अर्चना वर्मा ने भी छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित किया। सम्मेलन में 21 पूर्व छात्राओं ने सहभागिता करते हुए अपने अनुभव साझा किए और संस्थान के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सुनीता आर्या ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. पप्पी मिश्रा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यालय अधीक्षक कृष्णेंद्र कुमार श्रीवास्तव सहित पूर्व छात्र सम्मेलन समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद औरैया**

पंत्राक - 29/ स0वि0-एस0बी0एम0 / न0पा0परि0औरैया /2026-27 दिनांक: 08 अप्रैल, 2026

सार्वजनिक सूचना / नोटिफिकेशन

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सीवर एवं सेप्टिक टैंकों की सुरक्षित एवं मशीनीकृत सफाई हेतु सरकार द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।
सेप्टिक टैंक एवं सीवर की सफाई के लिए हेल्पलाइन नंबर 14420 पर संपर्क करें। यह सेवा नागरिकों को सुरक्षित, मशीनीकृत एवं वैधानिक तरीके से सफाई सुनिश्चित करने हेतु उपलब्ध कराई गई है।
इसके अतिरिक्त, स्वच्छता संबंधी शिकायतों एवं अन्य सेवाओं के लिएटोल-फ्री नंबर 1533 पर संपर्क किया जा सकता है।
सभी घरेलू व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की इमारतों मैं 01 जनवरी 2021 के उपरांत आई0एस0 2470 (पार्ट 1 एव 2) के अनुसार सेप्टिक टैंक का निर्माण कराया जाना अनिवार्य है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद औरैया

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद औरैया

## न्यूज ब्रीफ

### नमन तिवारी बने नायब तहसीलदार


नमन तिवारी

उन्नाव, अमृत विचार : जिले के नमन तिवारी ने उप्र सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा में सफलता पाकर नायब तहसीलदार पद पर अपना चयन सुनिश्चित किया है। उनकी इस उपलब्धि से जिले के साथ पूरे प्रदेश का मान बढ़ा है। नमन की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत के साथ प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना व समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित नि:शुल्क कोचिंग का बड़ा योगदान रहा है।

### पड़ोसी ने मां-बेटी को पीटा, पुलिस से शिकायत

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शारदा नगर नई बस्ती में बुधवार को मां-बेटी से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पड़ोसी पर गाली-गलौज व लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगा पुलिस से शिकायत की है। जानकारी के अनुसार, शारदा नगर निवासी प्रमोद मिश्रा की पत्नी शोभा ने बताया कि घटना के समय वह अपनी बुजुर्ग मां के साथ घर पर अकेली थीं। आरोप है कि तभी पड़ोसी गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने लाठी-डंडों से दोनों पर हमला कर दिया। जिससे उन्हें चोटें आ गई। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना के बाद शोभा ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विवाहिता, वृद्ध व दो मजदूरों के फंदे से लटके मिले शव, कोहराम

## अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुईं घटनाएं, पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** जिले के अजगैन व गंगाघाट कोतवाली के अलावा दही व असोहा थानाक्षेत्र में विभिन्न कारणों के चलते विवाहिता, वृद्ध व दो मजदूरों ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। लोगों की सूचना पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने मौके की जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। वहीं, इस घटनाओं के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा रहा है।


जितेंद्र विश्वास की फाइल फोटो।

### फैक्ट्री के सर्वेंट क्वार्टर में युवक फंदे से लटका, मौत

दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में मजदूरी करने वाले युवक का शव सर्वेंट क्वार्टर में फंदे से लटका मिला। साथ रहने वाले भाई व साथियों की जानकारी पर प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम को भेजा। जिसमें उसकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई।

बिहार प्रांत के अररिया जिला व थानाक्षेत्र के लोदीपुर गांव निवासी जितेंद्र विश्वास (26) पुत्र मनोहर बड़े भाई धर्मेंद्र व पड़ोसी गांव के संजय व दीपक के साथ 1 साल से दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। चारों फैक्ट्री में बने सर्वेंट क्वार्टर में रहते थे। धर्मेंद्र ने बताया कि जितेंद्र ने रात 8 बजे खाना बनाया। वह व 2 साथी ड्यूटी चले गए। जितेंद्र कमरे पर अकेला था। देररात लौटे तो उसका शव कमरे की छत में लगे पंखे के कुंडे में गमछा से लटका मिला। प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा। भाई धर्मेंद्र के मुताबिक जितेंद्र की शादी हो गई थी। उसके एक माह का बच्चा भी है। उसका अक्सर फोन पर पत्नी रोजी से झगड़ा होता था। वह 3 भाइयों ने दूसरे नंबर पर था। भाई धर्मेंद्र ,महेंद्र व बहन रीता हैं। बेटे की मौत की खबर सुन मां अनिता देवी बेहाल है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा है। इसके बाद वह शव घर लेकर चले गए। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। पोस्टमार्टम कराया गया है।

### कमरे में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

नवाबगंज, उन्नाव : अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी गीता (36) का पति दिलीप से अक्सर विवाद होता था। चर्चा रही कि दिलीप पत्नी पर किसी और से बात करने का शक करता था। गुरुवार सुबह गीता ने बेटे आयुष व बेटी आयुषी को स्कूल भेजा फिर पति को खाना दिया। पति के मुताबिक वह बाजार महुआ बेचने गया था और मां छेदाना खेत गई थी। तभी घर में अकेली गीता कमरे में साड़ी के फंदे से लटक गई। जब वह लौटा तो पत्नी का शव लटका देख बेहाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजने के साथ मायके पक्ष को सूचना दी। उसके 3 बच्चों में छोटा बेटा गोलू नानी के घर पर है। बेटी की मौत से मां इकराना, पिता सुरेश व भाई मुकेश बेहाल हैं। पोस्टमार्टम हाउस में मायके पक्ष की महिलाओं की ससुरालियों से झड़प भी हुई। हालांकि लोगों ने उन्हें शांत कराया। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि पति की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी किसी का कोई आरोप नहीं है।

### नीम के पेड़ से लटकता मिला वृद्ध का शव, क्षेत्र में मचा हड़कंप


छविनाथ (फाइल फोटो)

शुक्लागंज, उन्नाव : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ठाकुर खेड़ा में उस समय सनसनी फैल गई जब एक वृद्ध का शव नीम के पेड़ से लटका मिला। सुबह टहलने निकले लोगों ने शव पेड़ से लटकते देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर पहचान कराई और जरूरी कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान छविनाथ (70) पुत्र निवासी गांव जालापुर थाना बिहार भगवंतनगर के रूप में हुई है। वह बीते कुछ समय से अपनी बेटी सुमन व दामाद प्रमोद राजपूत के साथ ठाकुर खेड़ा में रह रहे थे। दामाद के अनुसार, वर्ष 2009 में एक हादसे के दौरान ससुर के सिर पर बैलगाड़ी का पहिया चढ़ गया था। इसके बाद से उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उनका इलाज लखनऊ के एक डॉक्टर से चल रहा था। बताया कि मंगलवार को छविनाथ अपने पैतृक गांव गए थे और बुधवार दोपहर करीब 3 बजे लौटे। इसके बाद वह घर से बिना बताए निकल गए। बुधवार सुबह सूचना मिली कि आजाद मार्ग गोल चौराहे के पास एक प्लॉट में लगे नीम के पेड़ से उनका शव रस्सी के सहारे लटका हुआ है। मृतक के तीन बेटे गोविंद, विक्रम और विनोद तथा तीन बेटियां सुदामा, बिटाना और सुमन हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### युवक ने पेड़ पर फंदे से लटककर की खुदकुशी


भवरेश (फाइल फोटो)

उन्नाव : असोहा थानाक्षेत्र के सोहो गांव निवासी भवरेश (36) पुत्र रामाधार मजदूरी करता था। उसने पहली पत्नी से अलगाव के बाद से 2 साल पहले दूसरी शादी की थी। गुरुवार सुबह वह गांव के बाहर तालाब से मछली पकड़ने जाने की बात कह कर निकला था। लेकिन दोपहर तक नहीं लौटा। इस पर परिजन उसे तलाशने निकले तो गांव से 200 मीटर आगे खेत में लगे पेड़ में उसका शव गमछे से फंदे से लटका मिला। यह देख मां रजाना, पत्नी रेखा व भाई संतोष बेहाल हो गया। फोरेंसिक टीम की जांच के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। परिजन उसके आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके। लेकिन चर्चा रही कि घर में पत्नी से हुए विवाद के बाद वह गुस्से में घर से निकला था। एसओ फूल सिंह ने बताया जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने अभी कोई आरोप नहीं लगाया है।

### दबोचा गया कार में सवारियों को धमकाकर लूटने वाला गिरोह

- चेकिंग में 4 लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे, तमंचा व चापड़ भी बरामद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : कार में सवारियों को बैठाकर सुनसान इलाके में तमंचे व धारदार हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले गिरोह का दही पुलिस ने स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से भंडाफोड़ किया है। संयुक्त टीम ने 4 लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास मिली कार को सीज किया है। एसएसपी जयप्रकाश प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस को इनपुट मिला कि कार में बैठी सवारी को सुनसान स्थान पर डरा धमकाकर लूटने वाला गिरोह इन दिनों जिले के कानपुर-लखनऊ हाइवे पर सक्रिय है। इस पर इनकी गिरफ्तारी के लिए दही पुलिस के साथ स्वाट व सर्विलांस टीम लगाई गई थी। गुरुवार सुबह संयुक्त टीम ने चेकिंग के लिए निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे पुल के नीचे एक कार को रोककर तलाशी ली। उसमें बैठे 4 युवकों में एक के पास तमंचा, कारतूस व दो के पास चापड़ मिले। इस पर पुलिस ने चालक रोहन उर्फ अक्षत वर्मा पुत्र स्व. कमलकिशोर गांधीनगर शुक्लागंज, यश शुक्ला पुत्र अरविंद निवासी सुभाष नगर शुक्लागंज, यश तिवारी पुत्र पुत्र बसंत निवासी ऋषि नगर शुक्लागंज व आदित्य उर्फ यश गुप्ता पुत्र स्व. रोशनलाल निवासी सुभाष नगर शुक्लागंज कोतवाली गंगाघाट को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पूछताछ में उन लोगों ने बताया कि रोहन उर्फ अक्षत वर्मा कार चालक है। जो अपने इन साथियों के साथ कानपुर से लखनऊ की सवारी बैठाता था। इसके साथी सवारी बनकर पहले से बैठे रहते थे। कार को सुनसान इलाके में रोककर सवारी को चापड़ व तमंचा से डराकर उसकी नकदी व सामान छीन लेते हैं और उसके मोबाइल से पैसा भी आनलाइन ट्रांसफर करा लेते थे। एसएसपी के मुताबिक सभी शातिर अपराधी हैं और इन पर पहले से कई मामले दर्ज है। गिरोह के खुलासे में एसओ ज्ञानेंद्र सिंह, स्वाट प्रभारी जयप्रकाश यादव, सर्विलांस प्रभारी अतुल वर्मा व उनकी टीम शामिल रही।


लुटेरों के बारे में जानकारी देते एसएसपी व अन्य अधिकारी।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी अंतर्गत झब्बू पुरवा गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की है। झब्बू पुरवा निवासी राकेश निषाद (40) पुत्र जगदीश खेती कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार, बुधवार रात वह छत पर बाथरूम गया था। तभी अचानक छत से नीचे गिर गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। परिजन उसे अस्पताल ले जाना चाहते थे लेकिन उसने डॉक्टर के पास जाने से मना कर दिया। बताया कि देररात 3 बजे उसकी हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पीआरवी को दी गई। मौके पर पहुंची जाजमऊ चौकी पुलिस ने घर के बाहर नल के पास पड़े शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में सिर पर गंभीर चोट की पुष्टि हुई है। वहीं परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर संदेह जताया है। जिस पर पुलिस पूछताछ कर रही है। कोतवाल अजय सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उसकी मौत पर पत्नी नीतू, बेटा नितिन व बेटी पायल सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।


रोते बिलखते परिजन व इनसेट में राकेश की फाइल फोटो।

# प्रधान शिक्षिका पर लापरवाही और अभद्रता का आरोप

- एसडीएम और बीईओ से हुई मामले की शिकायत

हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार : विकासखंड हसनगंज के गांव कोहरापुर कौड़िया स्थित कंपोजिट विद्यालय की प्रधान शिक्षिका के विरुद्ध ग्रामीणों ने शिक्षा के प्रति लापरवाही व अभद्रता का आरोप लगा एसडीएम हसनगंज व बीईओ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी सुनीत कुमार, मंगू, बृजमोहन व अरविंद सहित आधा दर्जन अभिभावकों का आरोप है कि उनके बच्चे विद्यालय से कक्षा 8 उत्तीर्ण कर चुके हैं। आगे की पढ़ाई के लिए नए विद्यालय में प्रवेश हेतु बच्चों के दस्तावेजों पर प्रधान अध्यापिका के हस्ताक्षर अनिवार्य हैं। जब अभिभावक इसके लिए विद्यालय पहुंचे तो प्रधान शिक्षिका ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि विरोध करने पर शिक्षिका ने न केवल अभद्रता की बल्कि शिकायत करने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी भी दी। बीईओ दीपेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर वह अब तक दो बार जांच करने जा चुके हैं। कहा कि प्रधान शिक्षिका के विरुद्ध कार्रवाई के लिए बीएसए को पत्र भेजा गया है। इससे पहले भी इस शिक्षिका की विद्यालय में सोते हुए फोटो वायरल हुई थी। जिसमें पूर्व में ही कार्रवाई हेतु रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। वहीं, दूसरी ओर प्रधान शिक्षिका आरती ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के उद्देश्य से फर्जी आरोप लगाए जा रहे हैं। उनका कहना था कि वह नियमानुसार अपना कार्य कर रही हैं।

# सीयू यूपी में प्रेरणा कैंटीन की हुई शुरुआत

- स्वयं सहायता समूह की महिलाएं संभालेंगी कमान

नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** गुरुवार को लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी परिसर में डीएम गौरांग राठी ने प्रेरणा कैंटीन का उद्घाटन किया। यह कैंटीन पूरी तरह स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित होगी। इस दौरान डीएम ने कहा कि बहुत कम समय में इस कैंटीन को तैयार किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कैंटीन केवल आजीविका का साधन नहीं है, बल्कि यूनिवर्सिटी के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ भोजन व पारिवारिक वातावरण देने का एक माध्यम बनेगी।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोरा ने कहा कि कैंटीन संचालन के लिए कुटुंबश्री संस्था के सहयोग से करीब 100 महिलाओं का साक्षात्कार लिया गया। कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद 10 कुशल महिलाओं को चुना गया है। इन महिलाओं को आधुनिक बिलिंग मशीन चलाने की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। भोजन की गुणवत्ता व स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए इन्हें होटल मैनेजमेंट संस्थान लखनऊ में 6 दिवसीय प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। यूनिवर्सिटी परिसर में कैंटीन की सफल स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अफसरों व कर्मियों को डीएम ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में सुनील सिंह, मनोज कुमार, अरविंद सोनी व सोनम सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर राजकुमार व लाईजेन मैनेजर आशुतोष दुबे रहे। यूनिवर्सिटी के करीब 2500 छात्र-छात्राओं को अब कैंपस में ही स्वच्छ व स्वादपूर्ण भोजन मिलेगा। कुटुंबश्री की स्टेट नोडल कॉर्डिनेटर रुचिता बडे ने बताया कि महिलाओं की टीम दो शिफ्टों में कैंटीन का संचालन करेगी। इस दौरान सीडीओ कृति राज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, एसडीएम प्रज्ञा पांडेय, यूनिवर्सिटी डायरेक्टर संजय चोपड़ा, बीडीओ शशांक व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।


फीता काटकर कैंटीन का उद्घाटन करते डीएम गौरांग राठी व अन्य। • अमृत विचार

### ट्रांस गंगा सिटी में भूखण्ड आवंटन को लेकर राज्यपाल से हुई शिकायत

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी परियोजना में प्रभावित किसानों को नि:शुल्क भूखण्ड उपलब्ध न कराने का मामला एक बार फिर उठ गया है। इस संबंध में किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल बुधवार को लखनऊ स्थित राज्यपाल भवन पहुंचे। जहां उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पत्र सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है। किसान नेता अजय अनमोल ने पत्र मेंबताया कि 16 जनवरी 2014 को किसानों व संबंधित विभाग के बीच हुए समझौते के अनुसार अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को उनकी भूमि के सापेक्ष 6 प्रतिशत भूमि नि:शुल्क, मिश्रित लैंड यूज के भूखण्डों के रूप में दी जानी थी। इसके लिए तत्कालीन सरकार द्वारा शासनादेश भी जारी किया गया था। वहीं, करीब 1580 किसानों की सूची भी तैयार की गई थी। इसके बावजूद आज तक किसानों को भूखण्ड नहीं मिले हैं। इससे उनमें रोष व असंतोष है। पत्र में कहा कि यह मामला किसानों के अधिकारों व न्याय से जुड़ा है। अजय अनमोल ने राज्यपाल से मांग की कि वह प्रकरण का संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दें, ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द उनका हक मिल सके।


राज्यपाल को ज्ञापन देते किसान नेता।

### गरेरे पुरवा में प्रधान के विरुद्ध ग्रामीणों का प्रदर्शन

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : सन्नी गांव के गरेरे पुरवा में गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रधान व उनके प्रतिनिधि के विरुद्ध विरोध दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि बिना सूचना व जांच के उनकी झोपड़ियां व अस्थायी निर्माण हटवा दिए गए। जिससे उनमें आक्रोश है। ग्रामीणों के अनुसार, जिस जमीन पर वे वर्षों से झोपड़ियां बनाकर रह रहे थे और गोबर के कंडे रखने व पशुओं को बांधने के लिए उपयोग करते थे उसे अचानक खाली करा दिया गया। विरोध करने पर प्रधान प्रतिनिधि ने जमीन सरकारी बता वहां खेल मैदान बनाने की बात कही। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 1968 में आई बाढ़ के बाद उनका मूल गांव कट गया था। इसके बाद वे सभी यहीं बस गए थे और तब से यहीं रह रहे हैं। गांव के गंगाराम, रामस्वरूप, दीपक, रामकेशन, मीना, रामजीवन, धर्मेंद्र निषाद व माधुरी आदि ने बताया कि वे जल्द ही जिलाधिकारी से इसकी शिकायत करेंगे और न्याय की मांग करेंगे।

### शिक्षक संघ आज डीआईओएस को देगा ज्ञापन

उन्नाव, अमृत विचार : उप्र माध्यमिक शिक्षक (चंदेल गुट) का डीआईओएस कार्यालय में 10 अप्रैल को होने वाला धरना उस समय स्थगित कर दिया गया जब शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल को जिला स्तर की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किए जाने का डीआईओएस से आश्वासन मिला। हालांकि संघ के जिलाध्यक्ष हरिहर प्रसाद दीक्षित ने कहा है कि प्रांतीय आह्वान पर 10 तारीख को धरना व ज्ञापन दिए जाने के निर्देश थे। इसके तहत अब 10 अप्रैल को डीआईओएस को केवल प्रांतीय समस्याओं का ज्ञापन दिया जाएगा। इससे पूर्व गुरुवार को संघ के जिलाध्यक्ष हरिहरप्रसाद दीक्षित, जिला मंत्री राम शंकर, प्रदेशीय मंत्री रमाशंकर मिश्रा (मुन्ना), जिला उपाध्यक्ष अरुण सिंह व कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र दीक्षित डीआईओएस सुनील दत्त से मिले और जिले के शिक्षकों की समस्याओ पर बिन्दुवार वार्ता की। इस पर डीआईओएस ने समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन देते हुए कल होने वाले धरना-प्रदर्शन को स्थगित करने का अनुरोध किया। इस पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि 10 अप्रैल को अपरान्ह 2 बजे अब केवल प्रांतीय समस्याओं का ज्ञापन दिया जाएगा।

# जनचौपाल में लाभार्थियों का हुआ सम्मान

- भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर चला गांव व बस्ती संपर्क अभियान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 'गांव व बस्ती संपर्क अभियान' के तहत जन प्रतिनिधियों ने जनचौपाल लगा न केवल सरकार की योजनाएं बताईं, बल्कि स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरी।

सदर विधायक पंकज गुप्ता ने परियर के जानकी कुंड, मरौदा मझवारा व ऑट सरोसी में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और वहां मौजूद अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। विधायक ने सरकार की जनहितकारी योजनाओं के लाभार्थियों को माला, अंगवस्त्र व घड़ी देकर सम्मानित किया। विधायक ने परियर के जानकीकुंड व मरौदा मझवारा के ठाकुरद्वारा मंदिर में पूजा-अर्चना की और परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की। वहीं, गांव तौरा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक अनिल सिंह व ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता ने शिरकत की। इसमें ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय की राष्ट्रवादी सोच का परिणाम है। विधायक अनिल सिंह ने उन बलिदानियों को याद किया जिन्होंने पार्टी के विकास की नींव रखी। भाजपा नेता राहुल पांडेय ने कहा कि पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों व समग्र मानवतावाद के आदर्शों के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए काम कर रही है।


मंदिर परिसर में झाड़ू लगाते सदर विधायक पकंज गुप्ता।

# छात्र सीखेंगे एफ-1 रेसिंग कार मॉडल निर्माण

- परिषदीय विद्यालयों के छात्रों के लिए स्टेम रेसिंग कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए नवीन तकनीकी नवाचार पर आधारित स्टेम रेसिंग कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी में हुआ। इसमें नगर क्षेत्र व सरोसी ब्लॉक के प्रथम चरण में उत्तीर्ण छात्रों ने प्रतिभाग किया।

दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी गौरांग राठी व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोरा ने किया। उन्होंने छात्रों से संवाद कर विज्ञान व तकनीक के दैनिक जीवन में उपयोग, समस्या समाधान, तार्किक, वैज्ञानिक चिंतन व कार डिजाइनिंग से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी में भी भाग लिया। कार्यशाला में डीएम व अन्य अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर टीम सदस्य बन गतिविधियों में सहभागिता की। जिससे छात्रों में उत्साह बढ़ा। बीएसए शैलेश पांडे ने कहा कि 15 अप्रैल को प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों द्वारा अपने प्रोजेक्ट्स का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। इसके बाद उत्कृष्ट प्रतिभागी पुरस्कृत होंगे। बीईओ जगदीश श्रीवास्तव ने कहा कि नई तकनीकों से बच्चों को जोड़ते हुए उनके सर्वांगीण विकास में भूमिका निभाएगा। संचालन स्टेम्पलिफाई के स्टेट हेड यशराज ने किया।


कार्यशाला में बच्चों के साथ बैठे डीएम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व बीएसए। • अमृत विचार

### रोवर्स रेंजर्स शिविर से युवाओं का होता विकास

उन्नाव, अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय लोटना पुरवा में 3 दिवसीय प्रवेश रोवर रेंजर जांच शिविर का समापन ध्वज अवतरण के साथ हुआ। शिविर के तीसरे दिन मुख्य अतिथि डॉ. नीलिमा नागर व विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्प लता रेंजर प्रभारी राजकीय महा विद्यालय बक्खा खेड़ा रहीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स शिविर से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है। अतिथि व प्राचार्य डॉ. प्रशांत ने रोवर्स रेंजर्स द्वारा तैयार तंबू निर्माण का निरीक्षण किया। रानी अवंती बाई लोधी टीम ने बिना बर्तन के चोखा बाटी बनाई। अन्य टीमों ने भेलपुरी आदि व्यंजन बनाये। रानी लक्ष्मी बाई टीम ने कैंप फायर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गुंजन ने प्रेरणादायक गीत गाया। रोवर स्काउट लीडर भरत लोधी ने युवाओं को भारत पोर्टल के बारे में बताया। इस मौके पर रेंजर लीडर अंजना सिंह, एनसीसी प्रभारी डॉ. विकास, रोवर प्रभारी डॉ. कैलाश चंद यादव, रेंजर्स प्रभारी डॉ. नीलिमा शुक्ला व एनएसएस प्रभारी डॉ. इशांत श्रीवास्तव व आरती ने सहयोग किया।


कैंप में प्रदर्शन करती रानी लक्ष्मी बाई की टीम।

दिए निर्देश

लखनऊ-कानपुर रेल मार्ग पर पुल मरम्मत कार्य जारी, गुणवत्ता पर विशेष जोर

# प्रिंसिपल चीफ ने एचबीम स्लीपर कार्य का किया निरीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** उत्तर रेलवे द्वारा गंगा नदी पर बने रेलवे पुल के जर्जर ट्रफ व पुराने स्लीपर हटाकर नए एचबीम चैनल स्लीपर लगाने का कार्य आठवें दिन भी जारी रहा। गुरुवार को कार्य का निरीक्षण करने उत्तर रेलवे के प्रिंसिपल चीफ टीएस गुप्ता दिल्ली से डीपीसी स्पेशल शैलून से गंगाघाट स्टेशन पहुंचे।

वहां से वह अधिकारियों के साथ पुश ट्रॉली से कानपुर की ओर चल रहे कार्य स्थल पहुंचे और डाउन लाइन के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। इसमें उन्होंने पुल के स्पैन में लग रही स्टील चादर, एचबीम, नट-बोल्ट व अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता जांची। अफसरों ने उन्हें बताया कि कार्य में उपयोग हो रही हर सामग्री की दो स्तर पर जांच की जा रही है ताकि किसी प्रकार की खामी न रहे। गौरतलब है कि गुरुवार सुबह 10 बजे से रेलवे पुल की डाउन लाइन पर जर्जर संरचनाओं को हटाने के लिए मेगा ब्लॉक लिया गया था। ब्लॉक मिलते ही कर्मियों ने तेजी से कार्य शुरू कर दिया। निरीक्षण के दौरान प्रिंसिपल चीफ ने कार्य में गुणवत्ता व सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद वह दोपहर करीब 2:10 बजे अपने शैलून में लौटे और लखनऊ के लिए रवाना हो गए।


रेलवे पुल पर हो रहे कार्य की चर्चा करते प्रिंसिपल चीफ व अन्य अधिकारी। • अमृत विचार

### आठ घंटे के ब्लॉक में तेजी से बढ़ा काम कुल 395 स्लीपर लगाए गए

गुरुवार सुबह 8 से शाम 6 बजे तक 8 घंटे के मेगा ब्लॉक में रेलवे पुल की डाउन लाइन पर 55 एचबीम स्लीपर सफलतापूर्वक लगाए गए। इसके साथ ही अब तक कुल 395 एचबीम स्लीपर लगाए जा चुके हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, आगामी दिनों में कार्य की गति और तेज की जाएगी, ताकि निर्धारित समय में पुल का मरम्मत कार्य पूर्ण किया जा सके।

### तीन मनोनीत सभासदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : नगर पंचायत कार्यालय में गुरुवार को शासन से नामित 3 सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें हसनगंज एसडीएम प्रज्ञा पांडेय ने नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में शिवदीप सिंह, सुशील श्रीवास्तव व शन्नो देवी त्रिवेदी ने शपथ ग्रहण के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि मनोनीत सभासदों के आने से नगर के विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी सभासद शासन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और नगर की समस्याओं के समाधान के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा करेंगे। इस दौरान में मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत, राजेंद्र त्रिवेदी, धर्मेश प्रताप सिंह, ईओ अनिल कुमार मौजूद रहे।



अगर आप किसी से प्यार करते हैं, तो उसे जाने दें।
–खलील जिब्रान, दार्शनिक



## महज रणनीतिक विराम

पश्चिम एशिया में ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच घोषित दो सप्ताह का युद्ध विराम पहली नजर में राहत देता है, परंतु इसके भीतर अस्थिरता की गहरी परतें छिपी हैं। सवाल यह नहीं कि युद्ध रुका है, बल्कि यह है कि क्या वास्तव में शांति की कोई ठोस जमीन तैयार हुई है। सबसे पहली बाधा भरोसे की है। डोनाल्ड ट्रंप के लगातार बदलते बयानों ने वार्ता की विश्वसनीयता को कमजोर किया है। जब एक पक्ष 'पूर्ण विनाश' की भाषा बोलता है और साथ ही वार्ता की भी बात करता है, तो कूटनीतिक प्रक्रिया पर स्वाभाविक रूप से संदेह पैदा होता है। ऐसे में यह मान लेना कठिन है कि अमेरिका ईरान की सभी शर्तों को स्वीकार करेगा—विशेषकर सैन्य उपस्थिति, प्रतिबंधों और परमाणु कार्यक्रम जैसे संवेदनशील मुद्दों पर। जमीनी स्थिति भी शांति के अनुकूल नहीं है।

संयुक्त अरब अमीरात द्वारा ईरान के अस्फहान और लबान द्वीप पर हमले इस संघर्ष के विस्तार का संकेत हैं। यदि क्षेत्रीय देश सीधे युद्ध में शामिल होते हैं, तो यह संघर्ष बहु-ध्रुवीय हो जाएगा, जिससे किसी भी युद्धविराम की प्रासंगिकता कम हो जाती है। इसी तरह इजराइल द्वारा लेबनान में कार्रवाई और उसके जवाब में ईरान की नाराजगी तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने जैसे कदम स्थिति को और जटिल बनाते हैं। इस परिदृश्य में चीन की भूमिका निर्णायक बनती दिख रही है। ईरान द्वारा उसके कहने पर युद्धविराम स्वीकार करना इस बात का साफ संकेत है कि वैश्विक शक्ति संतुलन बदल रहा है। अमेरिका के लिए यह स्वीकार करना आसान नहीं होगा कि उसका पारंपरिक प्रभाव क्षेत्र अब किसी अन्य शक्ति के हस्तक्षेप से संचालित हो। सैन्य दृष्टि से भी स्थिति अस्थिर है। ईरान के पास अभी भी पर्याप्त मिसाइल क्षमता और लांचर मौजूद हैं, जिससे वह वार्ता की मेज पर आत्मविश्वास के साथ बैठ सकता है। दूसरी ओर, अमेरिका द्वारा 14 दिनों के बाद और भीषण हमलों की संभावित योजना का संकेत इस युद्धविराम को 'सशर्त विराम' बना देता है, जहां शांति असफल होते ही संघर्ष और तीव्र हो सकता है। जब तक गाजा और लेबनान में हमले जारी हैं, तब तक पूरे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की कल्पना अधूरी है। क्षेत्रीय संघर्ष एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं; एक मोर्चे पर शांति और दूसरे पर युद्ध लंबे समय तक साथ नहीं चल सकते। कूटनीतिक स्तर पर भी समाधान कठिन है। न तो ईरान होर्मुज पर नियंत्रण छोड़ेगा न अमेरिका अपने सैन्य ठिकानों को हटाएगा। ईरान द्वारा परमाणु कार्यक्रम रोकना और इजराइल द्वारा स्थायी युद्ध बंदी की सहमति भी कठिन है।

भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। ऊर्जा आपूर्ति, व्यापार और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा सीधे इस क्षेत्र की स्थिरता से जुड़ी है, इसलिए भारत को संतुलित कूटनीति के साथ-साथ शांति प्रयासों का समर्थन करना होगा। कुल मिलाकर यह दो सप्ताह का युद्धविराम ज्यादा से ज्यादा 'रणनीतिक विराम' प्रतीत होता है, न कि स्थायी समाधान की दिशा में निर्णायक कदम। यदि मूल मुद्दों—सुरक्षा, प्रभुत्व और विश्वास का समाधान नहीं हुआ, तो यह शांति अस्थायी ही साबित होगी और क्षेत्र एक बार फिर संघर्ष की आग में झुलस सकता है।

### प्रसंगवश

## विकास और भीड़ के शोर में गुम मानवता

आदिमानव भोजन और आश्रय की तलाश में जंगलों की खाक छानते और कंदराओं में शरण लेते थे। समय बदला और भटकते हुए वही कदम आज आधुनिक महानगरों की कंक्रीट की गगनचुंबी इमारतों की दहलीज तक पहुंच चुके हैं। यदि विकास की इस लंबी और थका देने वाली यात्रा का हम संजीदगी से विश्लेषण करें, तो यह केवल प्रगति का पथ नहीं दिखता। यह मनुष्य की एक ऐसी बौद्धिक 'शरारत' भी प्रतीत होती है, जिसने अपनी अंतहीन आवश्यकताओं की आड़ में पूरी प्रकृति और दुनिया का मौलिक स्वरूप ही बदल डाला है।

प्रारंभिक दौर में मनुष्य की बुद्धि में जो इज़ाफ़ा हुआ, उसने उसे अस्तित्व की लड़ाई जीतने और प्रकृति की प्रतिकूलताओं से लड़ने की प्रेरणा दी। पहिए के आविष्कार से लेकर आग के नियंत्रण तक, सब कुछ मनुष्य की जिजीविषा का प्रमाण था, किंतु जैसे-जैसे विकास का पहिया तेज घूमा, मनुष्य को सुविधा और सत्ता का एक ऐसा घातक चस्का लग गया, जिसे छोड़ना अब उसके वश में नहीं रहा। परिवर्तन की यह प्रक्रिया इतनी सूक्ष्म और मंथर थी कि हमें यह बिल्कुल सामान्य लगने लगी। एक पीढ़ी ने अपनी बुद्धि से सुख-सुविधाओं के जो आलीशान तामझाम खड़े किए, अगली पीढ़ी के लिए वही 'अनिवार्य परंपरा' बन गए।



पवन साहू
विधि छात्र

इसी अंधानुकरण ने गांवों को कस्बों में और शहरों को उन मशीनी महानगरों में तब्दील कर दिया, जहां आज मानवता भीड़ के शोर में कहीं खो गई है। विकास का प्रकाश तो चारों ओर फैला, लेकिन इसी चकाचौंध के पीछे इंसानियत धर्मों, जातियों, संकीर्ण भाषाओं और कृत्रिम सीमाओं के अंधेरे में बंट गई। आदिमानव से आधुनिक मानव बनने के इस सफर में एक बहुत ही सूक्ष्म और खतरनाक मनोवैज्ञानिक 'शरारत' ने जन्म लिया सुरक्षा का भय। यहां एक बुनियादी सवाल खड़ा होता है कि आखिर मनुष्य को यह सुरक्षा किससे चाहिए? इसका जो कड़वा सत्य उभर कर आया, वह यह था कि मनुष्य को सबसे बड़ा खतरा स्वयं मनुष्य से ही है।

यही वह निर्णायक मोड़ था, जहां से सुरक्षा की आड़ में किए गए आविष्कारों का रुख सृजन से हटकर सर्वनाश की ओर मुड़ गया। सुरक्षा की मृगतृष्णा में भटकते मनुष्य ने पहले आत्मरक्षा के नाम पर पत्थर के औजार बनाए, फिर गोले-बारूद और अंततः घातक बंदूकें व विशाल तोपें ईजाद कीं। जब इतने से भी असुरक्षा का बोध कम नहीं हुआ, तो उसने मिसाइलें, रासायनिक हथियार और परमाणु ऊर्जा जैसी प्रलयंकारी शक्तियां हासिल कर लीं। विडंबना देखिए कि आज विश्व के तमाम राष्ट्र अपनी गाढ़ी कमाई और प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा केवल इन्हीं विनाशकारी हथियारों के निर्माण और रखरखाव पर स्वाहा कर रहे हैं। जिस धन से गरीबी और बीमारी मिट सकती थी, उससे मौत का सामान खरीदा जा रहा है।

आज वैश्विक स्थिति यह है कि विकास का जो चमकीला मुखौटा हमने पहन रखा है, वह असल में पूरी मानव जाति के लिए अस्तित्व का संकट बन चुका है। विडंबना यह है कि जिसके पास जितने ज्यादा घातक हथियार हैं, वह सुरक्षित होने के बजाय एक 'विनाशकारी अहंकार' से भर गया है। यह अहंकार मनुष्य को मनुष्य के खिलाफ युद्ध के मैदान में खड़ा कर देता है। राष्ट्रवाद की संकीर्ण परिभाषाओं और सीमाओं के जटिल जाल में हम इस कदर उलझ गए हैं कि हमें सामने वाला व्यक्ति 'इंसान' नहीं, बल्कि केवल एक नंबर या 'दुश्मन' नजर आता है। यदि सुरक्षा के नाम पर हम अपनों का ही रक्त बहाने को तत्पर हैं, तो ऐसी सुरक्षा व्यवस्था को जड़ से उखाड़ फेंकना ही उचित है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पुलिसकर्मियों को सजाए मौत तंत्र के लिए बड़ी चेतावनी





विवेक सक्सेना
अयोध्या

तमिलनाडु के सथानकुलम कस्टोडियल किलिंग मामले में मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच द्वारा नौ पुलिसकर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा न केवल एक ऐतिहासिक फैसला है, बल्कि यह देश के कानून प्रवर्तन तंत्र के लिए एक कड़ी चेतावनी भी है। यह फैसला तब आया है, जब हिरासत में होने वाली मौतों को लेकर लंबे समय से पुलिस सुधार की मांग उठ रही है। दोनों के साथ पुलिस स्टेशन के भीतर जो बर्बरता की गई थी, उसने मानवता को शर्मसार कर दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार कोविड काल के दौरान तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले के सथानकुलम में 19 जून 2020 को पुलिस ने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखने के आरोप में व्यापारी पी जयराज और उनके बेटे बेनिक्स को निर्धारित समय से अधिक समय तक मोबाइल फोन की दुकान खुली रखने के आरोप में हिरासत में लिया था।

बाद में यह आरोप झूठा साबित हुआ। दोनों को थाने ले जाया गया, जहां परिजनों के मुताबिक उनके साथ पूरी रात बुरी तरह मारपीट की गई। बाद में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया, लेकिन 22 जून की रात बेनिक्स की और अगले दिन सुबह जयराज की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया। मद्रास हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया और जांच पहले राज्य की सीबी-सीआईडी को और बाद में सीबीआई को सौंप दी गई। जांच में पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगे और कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

> मदुरै बेंच द्वारा नौ पुलिसकर्मियों को सुनाई मौत की सजा ऐतिहासिक फैसला है। यह फैसला तब आया है, जब हिरासत में होने वाली मौतों को लेकर लंबे समय से पुलिस सुधार की मांग उठ रही है।

करीब छह साल बाद मदुरै की अदालत (मद्रास हाईकोर्ट) ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ द रेयर' (दुर्लभतम) मामला मानते हुए छह अप्रैल 2026 को नौ पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा दी है। कोर्ट ने माना कि दोनों को हिरासत में सुनियोजित (सोच-समझकर) तरीके से टॉर्चर किया गया था, इसलिए सख्त सजा जरूरी है। जांच के दौरान एक महिला कांस्टेबल की गवाही अहम रही, जिसने बताया कि थाने में रातभर पिटाई हुई थी और वहां खून के निशान भी थे, हालांकि थाने का सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित नहीं रखा गया, जिससे कुछ सबूत नहीं मिल सके।

अदालत ने यह भी कहा कि यह मामला सत्ता के गलत इस्तेमाल का गंभीर उदाहरण है, लेकिन इससे पूरी पुलिस व्यवस्था पर सवाल नहीं उठाया जाना चाहिए। अदालत ने इसे ऐसा मामला बताया, जिसने एक पूरे परिवार को तबाह कर दिया और साफ तौर पर सत्ता के गलत इस्तेमाल को दिखाता है। कोर्ट ने यह भी माना कि राज्य में कई ईमानदार पुलिसकर्मी भी हैं, लेकिन ऐसे गंभीर मामलों में सिर्फ उम्रकैद जैसी सजा से पुलिस के भीतर जरूरी डर नहीं बनेगा।

अदालत ने इस मामले में इंस्पेक्टर श्रीधर समेत नौ दोषियों को बेहद सख्त सजा सुनाई है। सभी को 'डबल डेथ सेंटेंस' यानी दो बार फांसी की सजा दी गई है। इसके साथ ही अलग-अलग धाराओं में एक साल से लेकर सात साल तक की जेल और कुल मिलाकर करीब 76.38 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जी मुथुकुमारन ने इसे दुर्लभतम मामला बताया। उन्होंने सजा सुनाते हुए कहा कि जनता की रक्षा का जिम्मा संभालने वालों ने ऐसा अपराध किया है, जिसने समाज की सामूहिक अंतरात्मा को झकझोर दिया है।

जज मुथुकुमारन ने कहा, यदि आम नागरिक ने यह अपराध किया होता, तो सामान्य सजा दी जा सकती थी, लेकिन अपराध पुलिस ने किया है, इसलिए साधारण सजा नहीं दी जा सकती। अदालत ने कहा कि यह हिरासत में हिंसा का स्पष्ट उदाहरण है।

यह फैसला एक गहरी व्यवस्थागत समस्या को रेखांकित करता है। भारत में हिरासत में होने वाली मौतें कोई नई बात नहीं हैं; प्रतिवर्ष सैकड़ों मौतें होती हैं। सुप्रीम कोर्ट के बार-बार के निर्देशों के बावजूद पुलिस बर्बरता जारी है, जो दर्शाता है कि पुलिस सुधार केवल कागजों पर हो रहे हैं। यह फैसला पुलिस प्रणाली में जवाबदेही और पारदर्शिता की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है। जो कानून के रक्षकों द्वारा भक्षक बनने पर कड़ी प्रतिक्रिया है। यह फैसला स्पष्ट करता है कि वर्दी का मतलब कानून से ऊपर होना नहीं है। जब कानून के रखवाले ही कानून को तोड़ते हैं, तो यह सीधे तौर पर संवैधानिक मूल्यों और मानवाधिकारों पर हमला है।

यह फैसला पुलिस विभाग के लिए एक चेतावनी है। सवाल यह है कि क्या पुलिस का काम लोगों की रक्षा करना है या उन्हें प्रताड़ित करना? कोविड नियमों के उल्लंघन के झूठे आरोप में निर्दोष लोगों को हिरासत में लेकर बेरहमी से पीटकर मार डालना, वर्दी के अहंकार की पराकाष्ठा है। इस तरह की घटनाएं जनता और पुलिस के बीच भरोसे को खत्म करती हैं, हालांकि कुछ लोग मौत की सजा के खिलाफ हैं और इसे 'मानवीय' नहीं मानते, लेकिन जब पुलिस की बर्बरता की सीमा पार हो जाती है, तो ऐसे मामलों में सख्त सजा ही एकमात्र रास्ता बचती है। जैसा कि पीड़ित परिवारों ने कहा, 'हमारे जैसा दर्द कोई दूसरा न झेले'। यह फैसला निश्चित रूप से पुलिस की मनमानी पर अंकुश लगाएगा और भविष्य में कस्टोडियल टॉर्चर को कम करने में मदद करेगा।

सथानकुलम मामला एक काले अध्याय की तरह याद रखा जाएगा, लेकिन इसका फैसला न्यायपालिका की सर्वोच्चता और कानून के शासन में जनता के भरोसे को बहाल करने का काम करता है। अब समय आ गया है कि पुलिस को एक 'बल' से 'सेवा' में बदलने की प्रक्रिया तेज की जाए, ताकि दोबारा किसी 'जयराज' या 'बेनिक्स' को अपनी जान न गंवानी पड़े। सजा-ए-मौत से डर तो पैदा होगा, लेकिन असली न्याय तभी होगा जब पुलिस हिरासत में किसी की मौत की कल्पना भी न की जा सके। यह ऐतिहासिक फैसला न्याय की जीत है। अब जिम्मेदारी है कि निचली अदालत के इस फैसले को उच्च न्यायालयों में भी कायम रखा जाए और मामले को जल्द से जल्द तार्किक अंत तक पहुंचाया जाए।

### आमने सामने



ईरान अब शांति चाहता है और बाकी दुनिया भी यही चाहती है। अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़े दबाव को संभालने में मदद करेगा और क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। अमेरिका अपने ज्यादातर सैन्य लक्ष्य हासिल कर चुका है और अब स्थायी शांति के लिए बातचीत आगे बढ़ाई जाएगी।
–डोनाल्ड ट्रंप
अमेरिकी राष्ट्रपति

ईरान पर हमले बंद रहते हैं, तो हमारी सेना भी कार्रवाई रोक देगी। अगले दो हफ्तों तक होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सुरक्षित तरीके से जारी रहेगी। यह युद्ध विराम बातचीत का रास्ता खोलने के लिए है और आने वाले समय में इसे स्थायी समझौते में बदला जा सकता है।
–अब्बास अराघची
विदेश मंत्री, ईरान



# नल में जल बनाम कागजों पर राहत



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

भारत दुनिया की लगभग 18% आबादी का घर है, लेकिन हमारे पास वैश्विक मीठे पानी का केवल 4% हिस्सा ही उपलब्ध है। यह असंतुलन ही देश में जल संकट की बुनियादी जड़ है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 60 करोड़ भारतीय उच्च से अत्यधिक जल तनाव का सामना कर रहे हैं। भारत जब आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दावा कर रहा है, तब एक बुनियादी सवाल देश के विकास के दावों को चुनौती दे रहा है- क्या हम अपने नागरिकों को एक गिलास शुद्ध पानी देने में सक्षम हैं?

इस साल के एक फरवरी 2026 को पेश किए गए केंद्रीय बजट में जल शक्ति मंत्रालय के लिए 67,600 करोड़ का आवंटन कर सरकार ने अपनी मंशा तो साफ कर दी है, लेकिन धरातल की हकीकत बजट के इन चमकदार आंकड़ों से कहीं अधिक भयावह है। जल जीवन मिशन और 'अमृत' जैसे प्रोजेक्ट्स के पिछले सात वर्षों के सफर को देखें, तो यह स्पष्ट होता है कि व्यवस्था ने केवल पाइप बिछाने की गति को ही सफलता मान लिया, जबकि पानी की शुद्धता और उसकी निरंतरता को हाशिए पर धकेल दिया गया। 2025-26 के बीच भारत के शहरी और ग्रामीण इलाकों में दूषित पानी ने जो तांडव मचाया है, वह किसी भी आधुनिक राष्ट्र के लिए शर्मसार करने वाला है। दिसंबर 25 से जनवरी 26 के पहले सप्ताह के बीच ही देश के 26 प्रमुख शहरों में सीवेज मिश्रित पानी पीने से 5,500 से अधिक लोग बीमार हुए और कम से कम 34 की मौत हो गई।

> बजट में जल शक्ति मंत्रालय के लिए 67,600 करोड़ देकर सरकार ने अपनी मंशा साफ कर दी है, लेकिन धरातल की हकीकत बजट के इन चमकदार आंकड़ों से कहीं अधिक भयावह है।

इंदौर, जिसे भारत का सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव प्राप्त है, वहां की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। दिसंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पाइपलाइन में सीवेज का पानी मिलने से 37 लोगों की मौत हो गई और 1,400 से अधिक लोग अस्पताल पहुंच गए। इसी तरह, जनवरी 2026 की शुरुआत में बेंगलुरु के पॉश इलाकों और गांधीनगर (गुजरात) में सैकड़ों बच्चे दूषित पानी के कारण टाइफाइड और डायरिया का शिकार हुए। ये घटनाएं केवल मानसून की समस्या नहीं हैं, बल्कि यह एक 'सदाबहार शहरी संकट' बन चुका है।

अगस्त 2019 में जब 'जल जीवन मिशन' शुरू हुआ, तब लक्ष्य था 2024 तक हर घर को नल से जोड़ना। सरकारी पोर्टल के अनुसार, जनवरी 2026 तक देश के लगभग 81.5% ग्रामीण घरों (करीब 15.8 करोड़ घर) में नल लग चुके हैं, लेकिन इस 'संख्यात्मक सफलता' के पीछे एक बड़ा ढांचागत दोष है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 79वें दौर के आंकड़ों के अनुसार, पाइपलाइन कवरेज के बावजूद केवल 39% ग्रामीण घर ही नल के पानी को अपने प्राथमिक स्रोत के रूप में उपयोग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में यह उपयोग दर 10% से 30% के बीच है।

इस विफलता के कारणों की सूची लंबी है, लेकिन देश में सर्वाधिक देखा गया कि हजारों गांवों में पाइप और नल तो लगे हैं, लेकिन पानी का दबाव इतना कम है कि वह अंतिम घर तक नहीं पहुंचता। कई स्थानों पर तो नल केवल 'शोपीस' बनकर रह गए हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पहाड़ी क्षेत्रों के 60% जल स्रोत सूख चुके हैं। मैदानी इलाकों में भूजल का स्तर इतनी तेजी से गिर रहा है कि नलों के लिए पानी का कोई स्थायी स्रोत ही नहीं बचा है। ठेकेदारी प्रथा और जवाबदेही की कमी के कारण पाइप लाइनें बिछाने के कुछ महीनों बाद ही फटने लगी हैं। सबसे भयानक है कि भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है।

पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में भूजल का स्तर खतरनाक रूप से नीचे गिर गया है। कृषि में 'वाटर गज़लर' फसलों (जैसे धान और गन्ना) के लिए अंधाधुंध पंपिंग ने जलभृतों (एक्वाफर्स) को सुखा दिया है। इन कारणों से पानी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है। केवल पानी की कमी नहीं है, बल्कि उपलब्ध पानी की गुणवत्ता भी गिर रही है। लगभग 70% सतही जल प्रदूषित है। भूजल में आर्सेनिक, फ्लोराइड और यूरेनियम की बढ़ती मात्रा 'कैंसर बेल्ट' जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे रही है।

गांवों से पलायन व शहरों का अनियोजित विकास, सरकार द्वारा तैयार मूलभूत संरचना पर आवश्यकता से अधिक बोझ ने महानगरों को पानी के लिए कंगाल बना दिया है। दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे महानगरों में पाइपलाइन लीकेज और सीवेज मिक्सिंग एक आम समस्या बन गई है। 2026 की शुरुआत में ही कई शहरों में दूषित पानी के कारण बीमारियां और मौतें दर्ज की गई हैं। सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के लिए शुरू की गई 'अमृत 2.0' का लक्ष्य शहरों को 'वॉटर सिक्योर' बनाना था, लेकिन संसदीय स्थायी समिति की दिसंबर 25 की रिपोर्ट के अनुसार, शहरी भारत में अभी भी 30-70% पानी 'नॉन-रेवेन्यू वॉटर' के रूप में बर्बाद हो जाता है, जो मुख्य रूप से पाइपलाइनों के रिसाव के कारण होता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## हीरोइन के कत्ल की दास्तां

मौजूदा पीढ़ी के लोगों को इस बात पर हैरानी हो सकती है कि फिल्म अभिनेत्री प्रिया राजवंश का क़त्ल हुए कोई 26 साल बीत चुके हैं। मुंबई पुलिस इस मामले में अपनी तफ़्तीश पूरी कर चुकी है। निचली अदालत मुक़दमे की सुनवाई पूरी करके दोषियों को सज़ा भी सुना चुकी है, लेकिन मामला अब ऊपरी अदालत में है, और वहां पड़ रही हैं, तारीख़ पर तारीख़...!



पंकज शुक्ला
फिल्म ब्लॉगर

ये क़िस्सा ऐसा है कि जब पहली बार ये सामने आया तो इसने पूरी फ़िल्म इंडस्ट्री को ही नहीं बल्कि देश-दुनिया को हिलाकर रख दिया। अपने ज़माने की एक बेहद ख़ूबसूरत हसीना अपने बंगले में बेजान पाई गई। पुलिस ने जांचा परखा तो मामला मर्डर का निकला। तफ़्तीश हुई, मुक़दमा चला, जिरह हुई और फिर हुई उम्रक़ैद ऐसे चार लोगों को, जिनमें दो पर इन मोहतरमा की देखरेख की जिम्मेदारी थी और दो थे, इनके पार्टनर के बेटे।

'हीर रांझा', 'हंसते ज़ख्म' जैसी सुपर-डुपर हिट फ़िल्मों की हीरोइन रहीं प्रिया राजवंश का करियर भले ही छोटा रहा हो, लेकिन प्रिया राजवंश की ज़िंदगी यूं लगता है कि जैसे किसी जासूसी उपन्यास का क़िस्सा है। उनका जन्म आज के पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के झेलम में हुआ। घर वालों ने नाम रखा वीरा सुंदर सिंह। वीरा सुंदर सिंह को प्रिया राजवंश नाम दिया मशहूर निर्माता-निर्देशक चेतन आनंद ने। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद को अपनी फ़िल्म के लिए एक नई हीरोइन की तलाश थी। उन्होंने वीरा को अपनी फ़िल्म 'हक़ीक़त' के लिए साइन कर लिया।

चेतन का प्रिया के साथ बहुत गहरा रिश्ता रहा। प्रिया ने अपनी सभी फ़िल्में चेतन आनंद के निर्देशन में ही कीं। प्रिया राजवंश और चेतन आनंद ने कभी शादी तो नहीं की, लेकिन ये दोनों साथ ही रहते थे। चेतन अपनी पत्नी उमा से अलग हो गए थे। चेतन, प्रिया से लगभग 20 साल बड़े थे। 1997 में चेतन के गुज़र जाने के बाद प्रिया पूरी तरह टूट चुकी थीं। 27 मार्च 2000 को चेतन के जुहू बंगले में प्रिया का शव पाया गया। मुंबई पुलिस के मुताबिक़, उनकी हत्या की गई थी। पुलिस ने उनकी हत्या के जुर्म में चेतन के बेटे केतन और विवेक आनंद को दो नौकरों माला चौधरी और अशोक चिन्नास्वामी के साथ गिरफ्तार भी किया। प्रिया की हत्या की वजह चेतन की वसीयत बताई गई। प्रिया के लिखे नोट्स और पत्रों को अदालत में सबूत के तौर पर पेश किया गया। इसके बाद चारों दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई। बाद में सभी हत्याभियुक्तों को ज़मानत मिल गई और मामला फिर से वहीं का वहीं रह गया। **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## भेदभावपूर्ण समाज को जन्म देता है दोहरा दृष्टिकोण

भारत के शहरों में अतिक्रमण कोई नई समस्या नहीं है, लेकिन जिस तरह से इस पर कार्रवाई की जाती है, वह एक बड़े सामाजिक और प्रशासनिक असंतुलन की ओर इशारा करती है। हर कुछ दिनों में खबरें आती है कि कहीं झुग्गियां तोड़ी गईं, कहीं रेहड़ी-पटरी वालों को हटाया गया, कहीं फुटपाथ खाली कराए गए। यह सब कानून के दायरे में उचित भी हो सकता है, क्योंकि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा किसी भी शहर के सुव्यवस्थित विकास में बाधा बनता है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या अतिक्रमण केवल उन्हीं तक सीमित है, जिनकी आवाज़ सबसे कमजोर है?

हम ईमानदारी से अपने शहरों को देखें, तो पाएंगे कि अतिक्रमण का दायरा कहीं अधिक व्यापक है। बड़े-बड़े मॉल और कॉम्प्लेक्स अपने पार्किंग क्षेत्र से बाहर सड़कों तक वाहनों की कतारें फैला देते हैं। अस्पतालों के बाहर एंबुलेंस और निजी वाहनों का ऐसा जमावड़ा होता है कि सड़कें संकरी पड़ जाती हैं। दुकानों का सामान सड़क तक फैल जाता है, जिससे पैदल चलने वालों के लिए जगह ही नहीं बचती, लेकिन इन पर कार्रवाई या तो बहुत कम होती है या फिर केवल दिखावे के लिए की जाती है। जब बात रेहड़ी-पटरी वालों या झोपड़ियों की आती है, तो कार्रवाई तेज, सख्त और अक्सर निर्दयी हो जाती है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
शिक्षक

यह स्थिति केवल प्रशासनिक अक्षमता का परिणाम नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज के भीतर मौजूद वर्गीय असमानता को भी उजागर करती है। कानून का उद्देश्य सभी के लिए समान होना चाहिए, लेकिन व्यवहार में यह अक्सर कमजोरों पर ही अधिक कठोरता से लागू होता है। जब गरीब की झोपड़ी तोड़ी जाती है, तो वह केवल एक ढांचा नहीं टूटता, बल्कि उसके जीवनयापन का आधार भी छिन जाता है। वहीं, जब किसी बड़े प्रतिष्ठान द्वारा सड़क पर अतिक्रमण किया जाता है, तो उसे 'व्यवसायिक आवश्यकता' या 'सुविधा' के नाम पर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

अतिक्रमण के इस असमान दृष्टिकोण का एक और पहलू प्रशासनिक लापरवाही भी है। शहरों की सड़कों के बीचोंबीच खड़े बिजली के खंभे और ट्रांसफॉर्मर अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। ये न केवल यातायात को बाधित करते हैं, बल्कि कई बार जानलेवा भी साबित होते हैं। इसके बावजूद इन्हें हटाने या व्यवस्थित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते। यह एक ऐसा अतिक्रमण है, जो स्वयं व्यवस्था द्वारा किया गया है, लेकिन इसकी जिम्मेदारी तय करने से बचा जाता है।

शहरों के सेक्टरों और कॉलोनियों में लोगों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करना भी आम है। जाली और फेंसिंग लगाकर पार्कों, गलियों और खाली स्थानों को निजी संपत्ति की तरह उपयोग किया जाता है। यह धीरे-धीरे एक सामान्य प्रथा बन जाती है, क्योंकि इस पर समय रहते कोई कार्रवाई नहीं होती। परिणामस्वरूप, शहरों का नियोजित ढांचा बिगड़ता जाता है और सार्वजनिक स्थान सिमटते जाते हैं।

शहरी यातायात की समस्या को देखते हुए यह भी स्पष्ट है कि केवल अतिक्रमण हटाने से समाधान नहीं निकलेगा। बुनियादी ढांचे में सुधार भी उतना ही आवश्यक है। दिल्ली रोड जैसे व्यस्त मार्गों पर यदि हर चौराहे पर लेफ्ट टर्न के लिए स्लिप रोड बनाई जाए, तो यातायात का दबाव काफी हद तक कम हो सकता है। इसी तरह, उचित पार्किंग व्यवस्था, फुटपाथों का विकास और ट्रैफिक प्रबंधन के आधुनिक उपाय भी जरूरी हैं, लेकिन इन दीर्घकालिक समाधानों पर ध्यान देने के बजाय अक्सर तात्कालिक और दृश्यात्मक कार्रवाइयों को प्राथमिकता दी जाती है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



# ऐसे हुआ रिवाल्वर का आविष्कार

रिवाल्वर के आविष्कार की कहानी आधुनिक हथियारों के विकास में एक महत्वपूर्ण मोड़ मानी जाती है। 19 वीं सदी से पहले आग्नेयास्त्रों में एक बड़ी समस्या यह थी कि हर बार गोली चलाने के बाद उन्हें फिर से लोड करना पड़ता था, जिससे समय लगता था और युद्ध के दौरान यह असुविधाजनक होता था।

इस समस्या का समाधान सैमुएल कोल्ट ने निकाला। उन्होंने 1830 के दशक में रिवाल्वर का डिजाइन तैयार किया, जिसमें एक घूर्णनशील सिलेंडर (cylinder) होता था। इस सिलेंडर में कई गोलियां एक साथ भरी जा सकती थीं, जिससे बिना बार-बार लोड किए लगातार फायर करना संभव हो गया। 1836 में उन्हें अपने इस आविष्कार का पेटेंट मिला और यही आधुनिक रिवाल्वर की शुरुआत थी। कहा जाता है कि सैमुअल कोल्ट को यह विचार एक जहाज यात्रा के दौरान आया, जब उन्होंने जहाज के पहिए (wheel) की घूर्णन प्रणाली को देखा। उसी सिद्धांत को उन्होंने हथियार में लागू किया। उनका बनाया रिवाल्वर जल्द ही लोकप्रिय हो गया, खासकर सेना और कानून-व्यवस्था से जुड़े लोगों के बीच।

समय के साथ रिवाल्वर में कई सुधार हुए, जैसे बेहतर मैकेनिज्म, अधिक सुरक्षित डिजाइन और शक्तिशाली कारतूस। यह हथियार अमेरिका के "वाइल्ड वेस्ट" दौर का प्रतीक भी बन गया और कई ऐतिहासिक घटनाओं में इसका उपयोग हुआ। इस प्रकार, रिवाल्वर का आविष्कार न केवल तकनीकी नवाचार था, बल्कि इसने युद्ध और सुरक्षा के तरीकों को भी पूरी तरह बदल दिया।

## वैज्ञानिक के बारे में



सैमुअल कोल्ट का जन्म 19 जुलाई 1814 को हार्टफोर्ड में हुआ था। बचपन से ही उनमें आविष्कार की गहरी रुचि थी और वे रसायन तथा यांत्रिकी के प्रयोगों में लगे रहते थे। कोल्ट का निजी जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। शुरुआती असफलताओं और आर्थिक संकटों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। 1856 में उन्होंने Elizabeth Jarvis Colt से विवाह किया, जो उनके जीवन में स्थिरता लेकर आईं। दंपति के कई बच्चे हुए, हालांकि अधिकांश शैशव अवस्था में ही गुजर गए, जो उनके जीवन का दुखद पक्ष था। अपने जीवनकाल में कोल्ट एक सफल उद्योगपति बने और उन्होंने समाजसेवा में भी योगदान दिया। 1862 में मात्र 47 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया, लेकिन वे अपने आविष्कारों के कारण आज भी याद किए जाते हैं।



# निकोबारी मेगापोड

## विकास में विलुप्त होती विरासत



प्रकृति की प्रयोगशाला का वह बेजोड़ पक्षी, जो अपनी चोंच से घोंसले की तपिश मापता है और अंडों को सेने के लिए देह की गर्मी नहीं, बल्कि वनस्पतियों की जैविक ऊर्जा का उपयोग करता है। कभी सुनामी के संकट से तो कभी 'विकास' की दौड़ से, कैसे अपनी ही जमीन पर बेगाना-सा हो रहा है निकोबारी मेगापोड? 2026 के नवीनतम शोध में मात्र 4 .5 प्रतिशत रह गए पर्यावास में अस्तित्व की आखिरी जंग लड़ती इस दुर्लभ विरासत की विशेष पड़ताल।

कल्पना कीजिए एक ऐसे पक्षी की जिसे किसी द्वीप के तटवर्ती जिले ने अपनी लोकतांत्रिक पहचान चुनाव शुभंकर के रूप में चुना हो, ताकि मतदाता जागरूक हों और मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके, लेकिन विडंबना यह है कि जिस जीव को हमने लोकतंत्र का प्रतीक बनाया उसका अपना अस्तित्व ही आज विकास और विनाश के बीच झूल रहा है। यह कहानी है अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के एक अनोखे, शर्मीले लेकिन अद्भुत इंजीनियर निकोबारी मेगापोड की इसे 2024 के लोकसभा चुनावों में निकोबार के लिए चुनावी शुभंकर बनाया गया था।



डॉ. कैलाश चन्द सैनी

वन्यजीव लेखक, जयपुर

### प्राकृतिक हीटर और मिट्टी के महल

'मेगापोड' का अर्थ है – बड़े पैरों वाला, लेकिन इसकी असली पहचान इसके पैर नहीं, बल्कि असाधारण इंजीनियरिंग क्षमता है। यह पक्षी अन्य पक्षियों की तरह अंडों को सेने के लिए उन पर नहीं बैठता। एक जोड़ा मिलकर लगभग 4 से 5 मीटर व्यास और 2 मीटर तक ऊंचे टीले का निर्माण करता है, जो रेत, मिट्टी और सूखी पत्तियों का एक विशाल टीला होता है। सूखी पत्तियों के अपघटन (सड़ने) से उत्पन्न ऊष्मा ही इसके अंडों को सेने का काम करती है। यह व्यवहार इसे दुनिया के अन्य पक्षियों से बिल्कुल अलग और विशेष बनाता है। निकोबार के आदिवासी इसे 'कुआउ' के नाम से भी पुकारते हैं। इसका टीलेनुमा घोंसला ही एक तरह का प्राकृतिक इनक्यूबेटर है। अंडों के विकास के लिए टीले के अंदर का तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच होना आवश्यक है। जरा-सी भी ऊंच-नीच अंडों को नष्ट कर सकती है। यहां नर मेगापोड दिन में कई बार अपनी चोंच को टीले की गहराई में डालकर तापमान की जांच करता है। उसकी चोंच में मौजूद तंत्रिकाएं एक डिजिटल थर्मामीटर से भी अधिक सटीक होती हैं। तापमान बढ़ने पर वह टीले की ऊपरी परत हटाकर गर्मी बाहर निकाल देता है। तापमान कम होने पर अधिक गीली पत्तियां और मिट्टी ऊपर चढ़ा देता है। तापमान का यह संतुलन बनाए रखना किसी चमत्कार से कम नहीं है।

### 2026 का वैज्ञानिक सच

- वन्यजीव संस्थान के 2026 के नवीनतम शोध इस पक्षी के भविष्य को लेकर गंभीर चेतावनी देते हैं:
- **सीमित आवास:** निकोबार द्वीप समूह के कुल क्षेत्रफल का मात्र 4.5 प्रतिशत (लगभग 79.30 वर्ग किमी) क्षेत्र ही इसके पर्यावास के लिए उपयुक्त बचा है।
- **समुद्र पर निर्भरता:** इसके 97 प्रतिशत घोंसले (टीले) समुद्र तट से मात्र 100 मीटर के भीतर पाए जाते हैं।
- **मुख्य आश्रय:** ग्रेट निकोबार द्वीप इसका सबसे बड़ा गढ़ है, जहां लगभग 31.39 वर्ग किमी उपयुक्त क्षेत्र मौजूद है। ये आंकड़े इस ओर संकेत देते हैं कि इसका अस्तित्व एक बेहद संकीर्ण भौगोलिक दायरे में सिमट चुका है।



### सुनामी की मार और विकास का दबाव

2004 की विनाशकारी सुनामी ने इस पक्षी प्रजाति को गहरा आघात पहुंचाया, जिससे इसकी आबादी में 71 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। हालांकि प्रकृति के इस प्रहार से उबरने की कोशिशें जारी थीं, लेकिन अब मानव-निर्मित विकास परियोजनाएं ही इसके लिए एक नए संकट के रूप में सामने आई हैं। पत्रिका फ्रंटलाइन की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्तावित निर्माण कार्यों के चलते इस पक्षी के लगभग 80 प्रतिशत प्रजनन स्थल खतरे में हैं। इसके अलावा, द्वीपों पर मनुष्यों द्वारा पाले गए कुत्तों, बिल्लियों और सूअरों ने इनके अंडों और चूजों को भारी नुकसान पहुंचाया है। सड़क निर्माण और तटीय विकास के कारण इनके प्राकृतिक आवास सिमटते जा रहे हैं। मानवीय हस्तक्षेप का इतना व्यापक असर हो रहा है कि यह पक्षी कार निकोबार और चौरा द्वीप जैसे क्षेत्रों से लगभग विलुप्त हो चुका है।

### सुपर-कमांडो चूजों की अद्भुत आत्मनिर्भरता

मेगापोड के चूजे पक्षी जगत में जिजीविषा के अनोखे जीव माने जाते हैं। अंडे से निकलने के बाद वे टीले की गहराई में दबे होते हैं और उन्हें बाहर निकलने के लिए स्वयं ही रास्ता खोदना पड़ता है। ये 'सुपर-प्रिकॉशियल' होते हैं अर्थात जन्म के तुरंत बाद पूरी तरह आत्मनिर्भर। इन्हें न तो माता-पिता की देखरेख की जरूरत होती है और न ही ही किसी शिक्षण-प्रशिक्षण की। ये चूजे 24 घंटे के भीतर उड़ने और भोजन खोजने में सक्षम हो जाते हैं।

### नीति के साथ ही नीयत भी

यह पक्षी हमें सिखाता है कि प्रकृति में ऊर्जा के कैसे-कैसे स्रोत छिपे हैं। निकोबारी मेगापोड केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि एक चलता-फिरता इकोसिस्टम है। इसके द्वारा बनाए गए टीलों का उपयोग अक्सर अन्य जीव भी अपने लाभ के लिए करते हैं। इसे बचाना केवल एक प्रजाति को बचाना नहीं, बल्कि निकोबार की प्राचीन प्राकृतिक विरासत को बचाना है। निकोबारी मेगापोड केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि द्वीपों की पारिस्थितिकी और सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। सरकार ने इसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत उच्चतम सुरक्षा प्रदान की है, लेकिन इसकी संकटग्रस्त स्थिति को देखते हुए इसकी कागजी सुरक्षा पर्याप्त नहीं है। इसका वास्तविक संरक्षण तभी संभव है, जब विकास योजनाओं में पारिस्थितिक संवेदनशीलता को केंद्र में रखा जाए और स्थानीय जैव-विविधता को प्राथमिकता दी जाए।

### लोकतंत्र की असली परीक्षा

आज विकास का एक ऐसा मॉडल चुना जाना चाहिए, जिसमें प्रकृति और प्रगति साथ-साथ चल सकें। यदि हम इस 'चुनावी शुभंकर' को बचाने में सफल होते हैं, तो यह केवल एक प्रजाति का संरक्षण नहीं, बल्कि यह हमारी वैज्ञानिक समझ, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक परिपक्वता की सच्ची और सार्थक जीत होगी।

वाइल्ड लाइफ



# तराई की समृद्ध जैव विविधता: एक उभरता वैश्विक केंद्र

उत्तर भारत का तराई क्षेत्र देश के सबसे जीवंत वन्यजीव परिदृश्यों में से एक के रूप में तेजी से उभर रहा है। अपने घने जंगलों, विशाल घास के मैदानों और समृद्ध नदी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व और दुधवा नेशनल पार्क जैसे गंतव्य अब दुनियाभर के वन्यजीव प्रेमियों को आकर्षित कर रहे हैं। इस बढ़ती पहचान का एक बड़ा श्रेय वन्यजीव फोटोग्राफर अनूप रोहेरा द्वारा उनके प्लेटफॉर्म @ UnWildIndia के माध्यम से की जा रही जमीनी स्तर की निरंतर 'स्टोरीटेलिंग' (किस्सागोई) को जाता है। वर्षों से उनके काम ने तराई की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को उजागर किया है, जिससे स्विट्जरलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों के अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को इन परिदृश्यों को देखने के लिए आने में मदद मिली है। उनके दृश्यात्मक वृत्तांतों ने तराई को वैश्विक वन्यजीव मानचित्र पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



अनूप रोहेरा

वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर

भारत के भीतर भी इस क्षेत्र के प्रति रुचि में भारी उछाल देखा गया है। देशभर के वन्यजीव फोटोग्राफर और प्रकृति प्रेमी यहां की यात्राओं की योजना बना रहे हैं। प्रामाणिक और सूचनात्मक डिजिटल कंटेंट के प्रभाव ने जिम्मेदार पर्यटन और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव को प्रोत्साहित किया है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व, दुधवा टाइगर रिजर्व, किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य और कतरनियाघाट वन्यजीव अभयारण्य से 'अनवाइल्ड इंडिया' (UnWild India) द्वारा बनाई गई वन्यजीव फिल्मों और दृश्यात्मक कहानियों को व्यापक लोकप्रियता मिल रही है। ये परिदृश्य, जो कभी कम जाने जाते थे, अब अपनी अविश्वसनीय जैव विविधता के लिए पहचाने जाते हैं, जिनमें बाघ, तेंदुए, गैंडे, सुस्त भालू (स्लॉथ बीयर), हाथी और सैकड़ों प्रवासी पक्षी शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के प्रयासों और उत्तर प्रदेश वन विभाग के संरक्षण के निरंतर कार्यों ने इस विकास को और मजबूती दी है। इन साझा प्रयासों ने बाघों की आबादी बढ़ाने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में योगदान दिया है। आज, तराई इस बात का एक सशक्त उदाहरण है कि कैसे कहानी सुनाने की कला (स्टोरीटेलिंग), संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन मिलकर किसी क्षेत्र की पहचान को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर बदल सकते हैं।

# इंसान के भीतर छिपे दूसरे जीवों के जीन का रहस्य

रोचक फैक्ट



मनुष्य स्वयं को पृथ्वी की सबसे विकसित और श्रेष्ठ प्रजाति मानता है, लेकिन आधुनिक आनुवंशिक विज्ञान इस धारणा को एक नए दृष्टिकोण से देखने के लिए प्रेरित कर रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार, मानव जीनोम पूरी तरह "शुद्ध" नहीं है, बल्कि इसमें लगभग 145 ऐसे जीन पाए गए हैं, जो बैक्टीरिया, कवक, अन्य एककोशिकीय जीवों और यहां तक कि वायरस से आए हैं। यह रोचक तथ्य जीनोम बायोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में सामने आया है, जिसने विकासवाद की पारंपरिक समझ को चुनौती दी है।

इन जीनों का आदान-प्रदान "क्षैतिज जीन स्थानांतरण" (Horizontal Gene Transfer) नामक प्रक्रिया के माध्यम से हुआ है। सामान्यतः हम यह मानते हैं कि जीन माता-पिता से संतानों में ही स्थानांतरित होते हैं, जिसे "ऊर्ध्वाधर जीन स्थानांतरण" कहा जाता है, लेकिन क्षैतिज जीन स्थानांतरण में जीन एक जीव से दूसरे, पूरी तरह भिन्न प्रजाति में भी पहुंच सकते हैं। यह प्रक्रिया विशेष रूप से सूक्ष्मजीवों में सामान्य है, परंतु अब इसके प्रमाण मनुष्यों और अन्य जटिल जीवों में भी मिल रहे हैं।

नए शोधों के अनुसार, ये "विदेशी" जीन मानव शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्यों में भूमिका निभाते हैं। उदाहरण के लिए कुछ जीन प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने, संक्रमणों से लड़ने और पाचन क्रिया को सुचारु रखने में सहायक होते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि प्राचीन काल में जब हमारे पूर्वज लगातार विभिन्न सूक्ष्मजीवों के संपर्क में आए, तब यह जीन स्थानांतरण संभव हुआ होगा, जिसने उन्हें नए वातावरण के अनुरूप ढलने में मदद की।

हाल के अध्ययनों में यह भी सामने आया है कि मानव शरीर में मौजूद माइक्रोबायोम यानी अरबों सूक्ष्मजीवों का समूह इस जीन आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया न केवल पाचन में मदद करते हैं, बल्कि वे जीन के आदान-प्रदान के माध्यम से हमारे स्वास्थ्य और रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी प्रभावित कर सकते हैं।

इसके अलावा, वायरस भी इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण "वाहक" के रूप में कार्य करते हैं। वे अपने जीन को मानव कोशिकाओं में सम्मिलित कर सकते हैं, जिससे कभी-कभी नई आनुवंशिक विशेषताएं विकसित हो जाती हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मानव जीनोम का एक छोटा हिस्सा प्राचीन वायरसों के अवशेषों से भी बना है, जिन्हें "एंडोजीनस रेट्रोवायरस" कहा जाता है।

इस प्रकार, यह स्पष्ट होता है कि मानव विकास एक सीधी रेखा में नहीं, बल्कि जटिल और परस्पर जुड़े हुए जैविक आदान-प्रदान का परिणाम है। क्षैतिज जीन स्थानांतरण की यह अवधारणा न केवल विकासवाद की हमारी समझ को विस्तृत करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जीवन के विभिन्न रूप एक-दूसरे से कितने गहरे जुड़े हुए हैं। मनुष्य की "श्रेष्ठता" का विचार अब एक नई वैज्ञानिक विनम्रता में बदलता दिखाई देता है, जहां हम खुद को प्रकृति की विशाल जैविक श्रृंखला का एक हिस्सा मानने लगते हैं।

# लाल ग्रह की रेत में दफन प्राचीन तूफान का रहस्य

लगभग तीन अरब वर्ष पहले का मंगल आज के निर्जन, ठंडे और शुष्क ग्रह से बिल्कुल अलग रहा होगा। वैज्ञानिकों को मिले ताजा प्रमाण इस ओर इशारा करते हैं कि उस समय वहां का वातावरण कहीं अधिक सक्रिय और गतिशील था। एक शक्तिशाली रेत-तूफान के निशान अब भी मंगल की चट्टानों में सुरक्षित हैं, जिन्हें हाल ही में नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने खोजा है। ये खोज न केवल मंगल के भूगर्भीय इतिहास को समझने में मदद करती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि कभी वहां जीवन के अनुकूल परिस्थितियां मौजूद रही होंगी।

इंपीरियल कॉलेज लंदन के सेडीमेंटोलोजी (तलछट विज्ञानी) स्टीवन बैनहम के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन ने मंगल की सतह पर मौजूद विशेष प्रकार की लहरदार संरचनाओं, जिन्हें "सुपरक्रिटिकल क्लाइंबिंग रिपल्स" कहा जाता है की पहचान की है। ये संरचनाएं तब बनती हैं, जब तेज गति से बहने वाली हवा या कोई तरल पदार्थ बड़ी मात्रा में रेत या तलछट को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाता है। खास बात यह है कि इन लहरों की परतें एक-दूसरे के ऊपर तीव्र कोण पर चढ़ती हुई दिखाई देती हैं, जो उनके बनने की तीव्रता और निरंतरता को दर्शाती हैं।

क्यूरियोसिटी रोवर ने 2024 के अंत में मंगल के गेल क्रेटर के एक नए क्षेत्र में पहुंचकर इन चट्टानों का अध्ययन किया। हाई-डेफिनिशन कैमरों की मदद से ली गई तस्वीरों में लगभग 3.6 अरब वर्ष पुरानी चट्टानों में ये लहरदार पैटर्न स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये लहरें उस समय के एक बड़े और लंबे समय तक चले रेत-तूफान का परिणाम हैं, जो संभवतः कई घंटों तक चला होगा और कमर तक ऊंची रेत को उड़ाकर ले गया होगा।

स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ



मैथ्यू लैपोत्रे के अनुसार, इस प्रकार की संरचनाओं का मिलना बेहद दुर्लभ है, खासकर मंगल जैसे ग्रह पर। पृथ्वी पर भी ऐसी संरचनाएं बहुत कम स्थानों पर ही देखने को मिलती हैं, जहां वातावरण और सतही परिस्थितियां विशेष रूप से अनुकूल होती हैं। यही कारण है कि यह खोज वैज्ञानिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

आज के मंगल की स्थिति इससे बिल्कुल भिन्न है। वहां का वायुमंडल पृथ्वी की तुलना में लगभग 200 गुना पतला है, जिसके कारण रेत के भारी कण हवा में आसानी से नहीं उठ पाते। हालांकि धूल भरी आंधियां आज भी मंगल पर आती हैं, लेकिन वे इतनी शक्तिशाली नहीं होतीं कि इस प्रकार की जटिल संरचनाएं बना सकें। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि अतीत में मंगल का वायुमंडल कहीं अधिक घना रहा होगा, जो तेज हवाओं और बड़े पैमाने पर तलछट के परिवहन के लिए उपयुक्त था।

नई वैज्ञानिक जानकारियों के अनुसार, मंगल के प्राचीन वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा अधिक रही होगी, जिससे ग्रीनहाउस प्रभाव उत्पन्न होकर सतह का तापमान अपेक्षाकृत गर्म बना रहता था। इससे वहां तरल पानी के अस्तित्व की संभावना भी बढ़ जाती है। वास्तव में, गेल क्रेटर में पहले भी प्राचीन झीलों और नदी-नालों के प्रमाण मिल चुके हैं, जो इस सिद्धांत को और मजबूत करते हैं कि मंगल कभी "गीला और गर्म" ग्रह रहा होगा।

इसके अलावा, नासा के पर्सिवरेंस रोवर और ऑर्बिटर मिशनों से भी यह संकेत मिले हैं कि मंगल पर जैविक अणुओं के अवशेष मौजूद हो सकते हैं। हालांकि अभी तक जीवन के प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिले हैं, लेकिन इस तरह की खोजें यह दर्शाती हैं कि वहां जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियां कभी मौजूद रही होंगी।

इस प्रकार, क्यूरियोसिटी रोवर द्वारा खोजी गई ये प्राचीन रेत-लहरें केवल एक भूगर्भीय घटना का प्रमाण नहीं हैं, बल्कि वे मंगल के अतीत की एक जीवंत झलक प्रस्तुत करती हैं। ये हमें यह समझने में मदद करती हैं कि कैसे समय के साथ एक संभावित रूप से रहने योग्य ग्रह आज एक ठंडे और बंजर रेगिस्तान में बदल गया। साथ ही, यह खोज भविष्य में मंगल पर जीवन की संभावनाओं की तलाश के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा भी प्रदान करती है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,631.65 | 23,775.10 |
| गिरावट | 931.25 | 222.25 |
| प्रतिशत में | 1.20 | 0.93 |

सोना 1,54,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,43,200 प्रति किलो

अमृत विचार

कानपुर, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

www.amritvichar.com



# युद्धविराम को लेकर संशय, सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का, निफ्टी भी गिरा

## बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से नुकसान में बाजार, ब्रेंट क्रूड हुआ महंगा

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में युद्धविराम या जारी है संग्राम, के असमंजस के बीच भारी बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में पांच दिन से जारी तेजी बृहस्पतिवार को थम गयी। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 931 अंक लुढ़क गया। एनएसई निफ्टी भी 222 अंक के नुकसान में रहा।

युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता के बीच वित्तीय, बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। एशिया और यूरोप के अन्य बाजारों में कमजोर रुख, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने भी घरेलू बाजार में निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है।

बाजार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 931.25 अंक यानी 1.20 प्रतिशत टूटकर 76,631.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,215 अंक की गिरावट के साथ 76,347.90 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 222.25 अंक यानी 0.93 प्रतिशत टूटकर 23,775.10 अंक पर बंद हुआ।

लेबनान पर इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद करने के बाद युद्धविराम समझौते को लेकर अनिश्चितता बढ़ गयी है।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि युद्धविराम से जो उम्मीद बंधी थी, वह अब फीकी पड़ गयी है क्योंकि अमेरिका-ईरान तनाव के फिर से बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य पर जारी प्रतिबंधों के कारण कच्चे तेल की कीमत फिर से बढ़ गई। इससे भारत में मुद्रास्फीति को लेकर चिंता भी बढ़ गई है।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल,आईसीआईसीआई बैंक एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में तेजी रही। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.15% के लाभ में रहा।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि पिछले कारोबारी सत्र में तेज उछाल के बाद आज की गिरावट मुख्य रूप से मुनाफावसूली के कारण हुई है।

# पश्चिम एशिया से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में भारत सक्षम :विश्व बैंक

## वर्ल्ड बैंक ने जारी की दक्षिण एशिया आर्थिक अद्यतन रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में है, क्योंकि उसके पास पर्याप्त सुरक्षा उपाय हैं जिनमें उच्च विदेशी मुद्रा भंडार, राजकोषीय गुंजाइश और कम मुद्रास्फीति शामिल हैं। ये सभी चीजें वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वृद्धि को समर्थन देंगी।

मौजूदा वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत करने के एक दिन बाद दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक (समृद्धि) सेबेस्टियन एकार्ट ने कहा कि भारत ने गत वित्त वर्ष 2025-26 में व्यापारिक उथल-पुथल का अच्छी तरह सामना किया और कच्चे तेल बाजारों में अस्थिरता उत्पन्न करने वाले मौजूदा पश्चिम एशिया संकट में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से डटी है। एकार्ट ने कहा कि भारत के पास मजबूत नीतिगत उपाय, उच्च विदेशी मुद्रा भंडार, राजकोषीय क्षमता है जिससे जरूरत पड़ने पर सहायता प्रदान की जा सकती है। साथ ही यहां मुद्रास्फीति का स्तर कम है और मौजूदा संकट से निपटने के लिए मजबूत लक्ष्य हैं। इस मजबूत वृद्धि गति को यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और नई श्रम नीति जैसी सकारात्मक नीतियों का समर्थन प्राप्त है। ये सभी चीजें निश्चित रूप से मजबूत वृद्धि गति को सुदृढ़ करती हैं एवं समर्थन देती हैं जो अच्छी बात है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद हम भारत और इस क्षेत्र को दुनिया के अन्य उभरते बाजारों की तुलना में एक बहुत मजबूत एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र बने रहने की उम्मीद करते हैं। विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान मामूली बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है।

# 30 करोड़ आबादी के लिए तैयार हो रहा विकसित यूपी-2047 का रोडमैप

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश सरकार विकसित यूपी-2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए करीब 30 करोड़ की आबादी के लिए व्यापक रोडमैप तैयार कर रही है। आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक प्रदेश की जनसंख्या में लगभग पांच करोड़ की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसे ध्यान में रखते हुए विकास की रणनीति बनाई जा रही है।

आर्थिक समीक्षा के अनुसार, वर्ष 2026 में प्रदेश की जनसंख्या 25.19 करोड़ रहने का अनुमान है, जो 2031 में बढ़कर 26.65 करोड़, 2046 में 29.84 करोड़ और 2051 में 30.72 करोड़ तक पहुंच सकती है। इसी आधार पर विजन डाक्यूमेंट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक उत्तर प्रदेश को 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना है। इसके साथ ही प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, 100 प्रतिशत साक्षरता, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, 60 प्रतिशत शहरीकरण और सालाना 100 करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करने जैसे बड़े लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में जनसंख्या वृद्धि दर में भी लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। 2011 में जहां वृद्धि दर 1.85% थी, वहीं 2021 में यह घटकर 1.70 प्रतिशत हो गई।

2026 से 2051 के बीच इसके और घटकर 0.58% प्रतिवर्ष रहने का अनुमान है। सरकार का मानना है कि प्रदेश की युवा आबादी ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है, जिसे कौशल, रोजगार और बेहतर सुविधाओं से जोड़कर विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य हासिल किया जाएगा।

## रुपये में तीन पैसे की तेजी, 92.51 प्रति डॉलर पर हुआ बंद

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया तीन पैसे की मामूली तेजी के साथ 92.51 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के कमजोर होने के साथ पश्चिम एशिया के हालात एवं होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता के कारण निवेशकों के सतर्क रूख के बीच रुपये में गिरावट आई। इजराइल के लेबनान पर हमले जारी रखने को लेकर ईरान के वार्ता से बाहर निकलने की धमकी के बीच अनिश्चितता बढ़ गयी है और बाजार 'देखो और इंतजार करो' की स्थिति में आ गया है।

# निष्पक्ष चुनाव के लिए तमिलनाडु के मुख्य सचिव और डीजीपी का तबादला

**चेन्नई,एजेंसी**

ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) प्रमुख एडप्पाडी. के. पलानीस्वामी ने गुरुवार को तमिलनाडु के मुख्य सचिव और डीजीपी के तबादले के निर्वाचन आयोग के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह कदम राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया था। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्वारा आठ अप्रैल को किए गए तबादलों के विरोध पर सवाल उठाते हुए उन्होंने पूछा कि अधिकारियों के तबादलों से उन्हें क्या समस्या है? उन्होंने कहा कि ये अधिकारी इतने लंबे समय से द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार के साथ हैं और चुनाव के दौरान उनका तबादला करने में कुछ भी गलत नहीं था। पलानीस्वामी ने कहा-द्रमुक को लगता है कि वह अधिकारियों पर निर्भर है, लेकिन हम जीत के लिए जनता पर निर्भर हैं। अगर किसी और को नियुक्त किया जाता है तो उन्हें क्या परेशानी है? यह टिप्पणी उन्होंने उस समय की, जब पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के उस बयान का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि चुनाव के दौरान भाजपा शासित राज्यों में इस तरह के तबादले नहीं किए गए। पलानीस्वामी ने शहर में अपने चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से कहा-निर्वाचन आयोग चाहता है कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हों। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को तमिलनाडु के मुख्य सचिव एन मुरुगनंदम के तबादले किया और उनकी जगह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एम साई कुमार को तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव के तबादले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए निर्वाचन आयोग के इस कदम को एकतरफा और राजनीतिक हस्तक्षेप करार दिया।


# कार्यालय क्षेत्र पंचायत-कटरा बाजार, गोण्डा।

पत्रांक- मेमो/लेखा पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2026-27, दिनांक- 09.04.2026

## अल्प कालीन निविदा

लोक निर्माण विभाग/जिला पंचायत/अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवॉ वित्त आयोग द्वारा क्षेत्र पंचायत कटरा बाजार को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना 2026-27 की निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण हेतु मोहर बन्द निविदायें प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक-10.04..2026 से दिनांक 16.04.2026 तक कार्यालय अवधि में विकास खण्ड मुख्यालय पर नगद मूल्य देकर अपरान्ह प्राप्त कर सकते है। निविदायें दिनांक-16.04.2026 को अपरान्ह 03 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क. सं. | परियोजना का नाम | कार्य की लम्बाई (मी0 में) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि I | निविदा फार्म का मूल्य 12% जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विरवा के चौरिहनपुरवा में पक्की सड़क से साकेत के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 2 | विरवा फकीर में तालुकदार के घर से जनार्दन के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 3 | विरवा में गिल्लम के घर से पक्की सड़क तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 4 | विरवा के डफालीपुरवा चमारनपुरवा में नाला पुलिया से चमारनपुरवा तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 5 | विरवा फकीर में हरिश्चन्द्र के खेत तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 6 | बौनापुर में प्रधानमंत्री सड़क से नहर होते हुए मिठाई लाल मिश्रा के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 7 | बौनापुर में नहर से लखनलाल मिश्रा के घर व जिवबोध पण्डित के खेत इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 8 | नदावा के ललौवा गांव में लय सियाराम के घर से कमल कुमार पाण्डेय के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 160 मी0 | 8.61 | 43050 | 560 | 03 माह |
| 9 | गोड़वा के राम बहादुरपुरवा में छेदी के घर से राम तेज के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 180 मी0 | 9.68 | 48400 | 560 | 03 माह |
| 10 | गौरवाकला में रूददर पुरवा में निरहू के घर से रज्जब अली के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 11 | बनगांव के चतुर्गुन पुरवा में पक्की सड़क से चतुर्गुन गांव तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 12 | ललपुर के मिश्रनपुरवा में पी0डब्लू0डी0रोड से महीप नरायन के घर होते हुए राम लाल मिश्रा के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 13 | चयपुरवा के नाउपुरवा में बाउर तेली के घर से झब्बर डफाली के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 150 मी0 | 8.08 | 40400 | 560 | 03 माह |
| 14 | रामापुर में रवि मोहन के घर से भोलेनाथ मन्दिर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 15 | बसभरिया में नियामत उल्ला के घर से भोले के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 16 | पैड़ीबरा के निबिहा में अवधेश शुक्ल के घर से गोपाल पाण्डेय के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 100 मी0 | 5.40 | 27000 | 560 | 03 माह |
| 17 | गौरिया में कमला पालेसर से सिकली टोला तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 18 | तिलका में विकास तिवारी के घर लल्लू तिवारी के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 160 मी0 | 8.61 | 43050 | 560 | 03 माह |
| 19 | छिरास मे प्रयागदत्त पाण्डेय के घर से रामायण पाण्डेय के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 20 | सिसई जोगा में मस्जिद से समीउरमान के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 21 | महापारा के कलवार पुरवा में सत्यनरायण के खेत से जयराम के खेत तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 22 | ज्गातापुर में गोविन्दराम के खेत के पास खड़न्जा से राम अचल के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 23 | छुबहा बाजार में नरायनपुर दुबहा सम्पर्क मार्ग से लालापुरवा व त्रिलोकी राजपूत के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 100 मी0 | 5.40 | 27000 | 560 | 03 माह |
| 24 | परसियारानी में मुन्नीलाल के घर से नकछेद लम्बरदार के खेत तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 25 | जमथरा में अशोकपुर कौड़िया सम्पर्क मार्ग से नीरज के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 26 | ब्नगांव के पूरे हुलास में काली सड़क से राम छवि के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 150 मी0 | 8.08 | 40400 | 560 | 03 माह |
| 27 | पिसैया में चुनमुन के घर से बहरैची के खेत तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 28 | रायपुर फकीर मे पी0डब्लू0डी0 रोड से मुन्नालाल के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 29 | जगदीशपुर के उमरिया में पी0डब्लू0डी0 रोड से मुन्नालाल पण्डित के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 150 मी0 | 8.08 | 40400 | 560 | 03 माह |
| 30 | चिलबिला महास मे पी0डब्लू0डी0 से राम भवन के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 31 | नकहा में सी0सी0 रोड से राम कैलाश के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 40 मी0 | 2.20 | 11000 | 560 | 03 माह |
| 32 | भैसहा में मिश्रीलाल यादव के घर से लाल वचन के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 150 मी0 | 8.08 | 40400 | 560 | 03 माह |
| 33 | पूरे बहोरी के शेरापार में रामदेव के घर से अमर सिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 150 मी0 | 8.08 | 40400 | 560 | 03 माह |
| 34 | नदावा में सुनील कुमार लम्बरबदार के घर से अमेरिका के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 150 मी0 | 8.08 | 40400 | 560 | 03 माह |
| 35 | शाहजोत के चाई पुरवा में दीनानाथ चक्की के बगल से काली माता मन्दिर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 36 | महापारा के पबेरवा में पक्की सड़क से देवतादीन के खेत तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 100 मी0 | 5.40 | 27000 | 560 | 03 माह |
| 37 | लक्ष्मनपुर मे पण्डित चक्की से परसौनी पुरवा बाग तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 38 | रायपुर के बेसनपुरवा में कटरा मेहरबानाबाद मार्ग से विश्वनाथ मौर्या के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 150 मी0 | 8.08 | 40400 | 560 | 03 माह |
| 39 | नरायनपुर के चौहान पुरवा में पी0डब्लू0डी0रोड से तीरथ कौरी के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 40 | चुर्रामुर्रा के पृथ्वी पुरवा में इण्टरलॉकिंग से बब्बू के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 130 मी0 | 7.01 | 35050 | 560 | 03 माह |
| 41 | पूरे बदल के बाजार डीहा में काली रोड से मुन्शी लाल के घर होते हुए महेश पाण्डेय के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 150 मी0 | 8.08 | 40400 | 560 | 03 माह |
| 42 | परसौना मिश्रनपुरवा में बद्रीविशाल के घर के बगल से रामेश्वर के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 120 मी0 | 6.47 | 32350 | 560 | 03 माह |
| 43 | सिसई जोगा के गड़रियनपुरवा में इकरार के घर से दस्तगीर के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 100 मी0 | 5.40 | 27000 | 560 | 03 माह |
| 44 | बरूई गोदंहा में पी0डब्लू0डी0 रोड से आगंनबाडी केन्द्र तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 45 | शाहजोत के मोहनीपुरवा तालाब पर पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 46 | छिरास के शुक्ल पुरवा में ओम प्रकाश कोटेदार के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 47 | छिरास के शुक्लपुरवा में काली माता स्थान के पास पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 48 | उर्दी गोण्डा में नसीम के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 49 | उर्दी गोण्डा में श्रीचन्द्र के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 50 | बसभरिया में राकेश के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 51 | बसभरिया में लाल चन्द्र के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 52 | बसभरिया में संजय के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 53 | सर्वांगुपर में सुन्दर श्याम तिवारी के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 54 | सर्वांगपुर में रामपाल के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 55 | सर्वांगपुर के मदरहवा में सुरेश तिवारी के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 56 | जमथरा में पानी टंकी के पास नाले पर पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 57 | परसियारानी में गनेशी के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 58 | परसियारानी में पंचम कुर्मी के घर के पास नाला पर पुलिया निर्माण कार्य | 2 मी0 | 7.02 | 35100 | 560 | 03 माह |
| 59 | रामापुर में शहवा तालाब का सौन्द्रर्यीकरण व इण्टरलॉकिंग कार्य | 138 मी0 | 9.97 | 49850 | 560 | 03 माह |
| 60 | रामापुर में शुक्ल तालाब का सौन्द्रर्यीकरण व इण्टरलॉकिंग कार्य | 138 मी0 | 9.97 | 49850 | 560 | 03 माह |
| 61 | रंजीतपुर में राम नरायन के घर के सामने तालाब का सौन्द्रर्यीकरण व इण्टरलॉकिंग कार्य | 138 मी0 | 9.97 | 49850 | 560 | 03 माह |
| 62 | रंजीतपुर में प्रेम दूबे के घर के सामने तालाब का सौन्द्रर्यीकरण व इण्टरलॉकिंग कार्य | 138 मी0 | 9.97 | 49850 | 560 | 03 माह |
| 63 | पूरे बदल के बालपुरवा में तालाब का सौन्द्रर्यीकरण व इण्टरलॉकिंग कार्य | 138 मी0 | 9.97 | 49850 | 560 | 03 माह |
| 64 | जमथरा में पोखरा तालाब का सौन्द्रर्यीकरण व इण्टरलॉकिंग कार्य | 138 मी0 | 9.97 | 49850 | 560 | 03 माह |
| 65 | नदावा के पकड़ी में बाबा चौरा तालाब का सौन्द्रर्यीकरण व इण्टरलॉकिंग कार्य व 1 मी0 पुलिया निर्माण | 138 मी0 | 9.96 | 49800 | 560 | 03 माह |
| 66 | बसभरिया में टीनटकवा तालाब का सौन्द्रर्यीकरण व इण्टरलॉकिंग कार्य | 138 मी0 | 9.97 | 49850 | 560 | 03 माह |
| 67 | बसभरियाम में देवजानी पोखरा तालाब का सौन्द्रर्यीकरण व इण्टरलॉकिंग कार्य | 138 मी0 | 9.97 | 49850 | 560 | 03 माह |
| 68 | देवा पसिया में मथुरा मौर्या के घर से पाले मौर्या के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 69 | कोटिया मदारा में पक्की सड़क से बैजनाथ अवस्थी के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 150 मी0 | 8.08 | 40400 | 560 | 03 माह |
| 70 | लालपुर में पी0डब्लू0डी0 रोड से ओम प्रकाश शुक्ल के घर होते हुए खड़न्जा तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 120 मी0 | 6.47 | 32350 | 560 | 03 माह |
| 71 | पैड़ीबरा में सुकई के घर से बृजेश तिवारी के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 100 मी0 | 5.40 | 27000 | 560 | 03 माह |
| 72 | भरथा इटहिया के इटहिया में काली स्थान से स्कूल मोड़ तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 73 | कटुवानाला के मितईनपुरवा में पी0डब्लू0डी0 रोड से लल्ला यादव के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |
| 74 | विकास खण्ड परिसर में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य | 140 मी0 | 9.98 | 49900 | 560 | 03 माह |
| 75 | तिलका में ठाकुर पुरवा में राज कुमार के घर से शिवलाल पुरवा मोड़ तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 185 मी0 | 9.95 | 49750 | 560 | 03 माह |

**निविदा हेतु निर्धारित शर्ते-**

1. प्रत्येक कार्य/परियोजनाओं पर उपरोक्तानुसार कॉलम 5 में अंकित धरोहर की धनराशि का 5 प्रतिशत अंश निविदा के साथ एन0एस0सी0/बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी, कटरा बाजार पक्ष में बन्धक होगा। शेष धरोहर धनराशि 08 प्रतिशत भुगतान के समय देय होगा अथवा कटौती कर ली जायेगी।
2. निर्धारित समय सीमा के पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग/परिलेखन मान्य नहीं होगा।
4. निविदा फार्म पर दर उल्लेख अंको एवं शब्दों में लिखना होगा।
5. बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
6. निविदादाता को निविदा के साथ टी-6, बिड सिक्योरिटी, पैन, आधार, पंजीकृत प्रपत्र, जी0एस0टी0, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**कटरा बाजार, गोण्डा।**

**प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत-कटरा बाजार, गोण्डा।**

## वर्ल्ड ब्रीफ

### जरूरत के वक्त साथ नहीं दिया, नाटो पर फिर बरसे ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो महासचिव मार्क रुटे के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के बाद सैन्य गठबंधन की पुन: आलोचना करते हुए दोहराया कि जरूरत के समय नाटो अमेरिका के साथ नहीं था। बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर कैपिटल अक्षरों में लिखा, नाटो हमारे साथ नहीं था जब हमें उसकी जरूरत थी और आगे जरूरत पड़ने पर भी नहीं होगा। व्हाइट हाउस ने इस पर तत्काल कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रंप नाटो से अलग होने के मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप और रुटे के बीच यह बैठक अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम पर सहमति के ऐन बाद हुई।

### पाकिस्तानी नागरिक यहूदी केंद्र पर हमले की साजिश का दोषी करार

**न्यूयॉर्क।** एक पाकिस्तानी नागरिक ने 2024 में न्यूयॉर्क के एक यहूदी केंद्र पर आईएसआईएस से प्रेरित हमले की साजिश रचने के मामले में जुर्म स्वीकार किया है। मुहम्मद शाहजेब खान नाम के 21 वर्षीय इस शख्स ने अमेरिका में घुसने और ब्रुकलिन स्थित एक प्रमुख यहूदी धार्मिक केंद्र पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी करने की साजिश रची थी। शाहजेब ने बुधवार को अमेरिकी जिला न्यायाधीश पॉल गार्डेफे के समक्ष अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से जुड़े अपराध के आरोप में दोष स्वीकार किया, जिसके लिए अधिकतम सजा आजीवन कारावास है। सजा अगस्त में सुनाई जाएगी। शाहजेब कनाडा में रह रहा था।

### दिल्ली विधानसभा समेत कई इमारतों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा समेत कई सरकारी कार्यालयों को बृहस्पतिवार को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल मिले जिसके बाद राष्ट्रीय राजधानी में प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक सुरक्षा जांच शुरू की गई है। यह ईमेल सुबह 8.14 बजे विधानसभा और दिल्ली सरकार के कार्यालयों से जुड़ी ईमेल आईडी सहित कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए। इसमें अलग-अलग समय पर विधानसभा, सचिवालय, स्कूलों और मेट्रो स्टेशन पर विस्फोटों की धमकी दी गई थी। दिल्ली पुलिस ने बम निरोधक दस्तों के साथ इन स्थानों की जांच शुरू की।

# ईरान युद्ध के कारण वैश्विक खाद्य कीमतों में वृद्धि का खतरा

## आईएमएफ, विश्व बैंक और डब्ल्यूएफपी ने जारी की चेतावनी, कहा- दुनिया में कमजोर लोगों पर पड़ेगा इसका सबसे ज्यादा असर

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने चेतावनी जारी की है कि पश्चिम एशिया में युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में जो सबसे बड़ा व्यवधान पैदा किया है, उससे खाद्य कीमतों और खाद्य सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। तीनों संस्थाओं के प्रमुखों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि बढ़ती खाद्य कीमतों का सबसे अधिक भार दुनिया की कमजोर आबादी पर पड़ेगा।

संस्थाओं ने कहा, तेल, गैस और उर्वरक की कीमतों में तेज वृद्धि, साथ ही परिवहन बाधाओं के कारण खाद्य कीमतों और खाद्य असुरक्षा में वृद्धि अवश्य होगी। उन्होंने कहा कि वे इस स्थिति की गहन निगरानी करेंगे और संकट से प्रभावित लोगों का समर्थन करने के लिए उपलब्ध सभी संसाधनों का समन्वय करेंगे। बयान में यह भी कहा गया कि विशेष रूप से कम आय वाले और आयात निर्भर देशों में, ईंधन और खाद्य कीमतों में वृद्धि सरकारों की सीमित वित्तीय क्षमता के कारण कमजोर घरों पर सबसे अधिक प्रभाव डालेगी। तीनों संस्थाओं ने आश्वासन दिया कि वे जीवन और आजीविका की रक्षा, और स्थिरता, विकास और रोजगार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दीर्घकालिक पुनर्प्राप्ति के लिए समर्थन जारी रखेंगी। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान दो सप्ताह का युद्धविराम समझौता किया है। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था क्योंकि उसने अपने परमाणु ईंधन के भंडार छोड़ने से इन्कार कर दिया था।



न्यूयॉर्क में बृहस्पतिवार को सैकड़ों लोगों ने ईरान और लेबनान के खिलाफ युद्ध के विरोध में प्रदर्शन किया।

### यूनान के प्रधानमंत्री ने ने कहा- होर्मुज पार करने को ईरान को पैसे देना स्वीकार नहीं करेगी दुनिया



**वाशिंगटन।** यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करना स्वीकार नहीं करेगा। मित्सोताकिस ने जोर दिया कि होर्मुज को पार करने के लिए भुगतान संबंधी अमेरिका-ईरान समझौता नौवहन की स्वतंत्रता के लिए खतरनाक मिसाल साबित होगा। उन्होंने कहा कि लेबनान में संघर्ष विराम, ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच शांति समझौते का एक हिस्सा बनना चाहिए। गौरतलब है कि ट्रंप ने मंगलवार रात ईरान के साथ दो सप्ताह के संघर्ष विराम की घोषणा करते हुए आश्वासन दिया था कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर सहमत हो गया है।

### हिजबुल्ला ने खाई इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की कसम

**मास्को।** लेबनान पर इजराइली हवाई हमलों में 254 लोगों के मारे जाने और 1,165 घायल होने के बाद लेबनानी आंदोलन हिजबुल्ला ने कहा कि इजराइल की लेबनान पर बमबारी उसे जवाबी कार्रवाई का अधिकार देती है। तुर्किये के विदेश मंत्रालय ने कहा, हम लेबनान पर इजराइल के बढ़ते हमलों की कड़ी निंदा करते हैं जिनके परिणामस्वरूप भारी जानमाल का नुकसान हुआ है। ये हमले देश में मानवीय स्थिति को और बदतर बना रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में घोषित युद्धविराम के बावजूद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू शांति एवं स्थिरता स्थापित करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को लगातार कमजोर कर रहे हैं।

### पाकिस्तान में वार्ता पर अभी संदेह के बादल

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम वार्ता में नया संकट पैदा हो गया है। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमिरी मोघम ने गुरुवार को इस्लामाबाद में होने वाली शांति वार्ता के संदर्भ में की गई अपनी सोशल मीडिया पोस्ट हटा दी है। मोघम ने पहले पोस्ट किया था कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल गुरुवार रात इस्लामाबाद पहुंचेगा। पोस्ट में यह भी कहा गया था कि यह दौरा ईरानी जनता के बीच व्याप्त संदेह के बावजूद हो रहा है, क्योंकि इजराइल द्वारा लगातार युद्धविराम का उल्लंघन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कूटनीतिक पहल को विफल करना है।

### अमेरिका-इजराइल पर युद्धविराम के बाद भी जारी रहेंगे साइबर हमले

- अमेरिकी विशेषज्ञों ने दी ईरानी हैकर्स की इस धमकी को गंभीरता से लेने की चेतावनी

**वाशिंगटन।** ईरान से संबद्ध हैकर समूहों ने संकेत दिया है कि ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच अस्थिर युद्धविराम लंबे समय तक उनके जवाबी साइबर हमलों को नहीं रोक पाएगा। अमेरिकी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने इस चेतावनी को गंभीरता से लेने की सलाह दी है।

हंदाला नामक एक प्रमुख हैकर समूह ने युद्धविराम की घोषणा के बाद कहा कि वह अमेरिका पर हमलों को अस्थायी रूप से टाल रहा है, लेकिन इजराइल को निशाना बनाना जारी रखेगा। समूह ने यह भी कहा कि उचित समय आने पर वह अमेरिका के खिलाफ अपनी गतिविधियां फिर शुरू करेगा। फिलिस्तीन और ईरान समर्थक हंदाला नेटवर्क ने अमेरिकी चिकित्सा उपकरण विनिर्माता स्ट्राइकर के कामकाज में बाधा डालने और एफबीआई निदेशक काश पटेल के निजी ईमेल खाते में सेंध लगाने सहित कई साइबर हमलों की जिम्मेदारी ली है। यह समूह ईरान से जुड़े कई प्रॉक्सी हैकर नेटवर्क में से एक है और तेहरान से स्वतंत्र रूप से काम करता है।

#### काश पटेल का ईमेल खाता कर चुके हैं हैक

फिलिस्तीन और ईरान समर्थक हंदाला नेटवर्क ने अमेरिकी चिकित्सा उपकरण विनिर्माता स्ट्राइकर के कामकाज में बाधा डालने और एफबीआई निदेशक काश पटेल के निजी ईमेल खाते में सेंध लगाने सहित कई साइबर हमलों की जिम्मेदारी ली है। यह समूह ईरान से जुड़े कई प्रॉक्सी हैकर नेटवर्क में से एक है और तेहरान से स्वतंत्र रूप से काम करता है। समूह ने एक्स पर लिखा, हमने यह युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन इसे खत्म हम ही करेंगे।

### होर्मुज में ट्रांजिट टोल लगने की संभावना से तेल कंपनियां भी नाराज

**वाशिंगटन।** तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने व्हाइट हाउस से संपर्क कर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ईरान की ओर से संभावित शुल्क (ट्रांजिट टोल) लगाए जाने की चर्चाओं पर चिंता जताई है। रिपोर्टों के अनुसार तेल कंपनियों के अधिकारियों ने व्हाइट हाउस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से अपील की है कि वे शांति वार्ता की शर्त के रूप में ईरान को इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हॉर्मुज से गुजरने के लिए शुल्क लेने की अनुमति देने का विरोध करें। तेल उद्योग के प्रतिनिधियों ने बुधवार सुबह अमेरिकी विदेश विभाग में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें अपनी चिंताओं से अवगत कराया।

### बब्बर खालसा के गुर्गों से हैंड ग्रेनेड और आईईडी बरामद

**अमृतसर/ गुरदासपुर।** पंजाब में पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियान में आईएसआई प्रायोजित बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।इस मामले में गिरफ्तार किए गए दो गुर्गों से जिसमें पांच हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, कोडर और डिकोडर के साथ पीटीटी टाइमर, आईईडी विस्फोटक और वॉकी-टॉकी बरामद किया गया है।

डीजीपी गौरव यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए गए गुर्गों की पहचान आकाश मसीह और जब्लौन के रूप में हुई है, दोनों गुरदासपुर जिले के थाना घुमान कलां के अंतर्गत गांव दुल्ला नंगल के निवासी हैं और उनका आपराधिक इतिहास रहा है। यादव ने बताया कि इन दोनों गुर्गों से महत्वपूर्ण बरामदगी हुई है। इससे पता चलता है कि यह मॉड्यूल राज्य में बड़े आतंकी हमलों को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था।

### मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में 12 केस दर्ज

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर से संबंधित कार्य के लिए तैनात न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में राज्य में चल रही चुनाव प्रक्रिया के बीच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कार्रवाई जारी है। एनआईए ने इस मामले में 12 मामले दर्ज किए हैं। यह कार्रवाई उच्चतम न्यायालय की ओर से जारी निर्देशों के बाद की गई है।

बुधवार देर रात एजेंसी ने कहा कि उसने मालदा जिले के मोथाबारी पुलिस स्टेशन से सात और कालीचक पुलिस स्टेशन से पांच एफआईआर

#### एनआईए की कार्रवाई

अपने पास लेकर पुनः मामला दर्ज किया है। ये मामले सुप्रीम कोर्ट के छह अप्रैल के आदेश के अनुरूप न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा संबंधी घटनाओं से जुड़े हैं। एनआईए की टीमें पहले ही मालदा पहुंच चुकी हैं और विस्तृत जांच शुरू कर चुकी हैं। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने केंद्रीय एजेंसी को न्यायिक अधिकारियों के घेराव की जांच करने का निर्देश दिया और चिंता जताई थी कि ऐसी घटनाएं संस्थागत विश्वसनीयता को कम कर रही हैं।

### अमेरिका के साथ रक्षा उद्योग, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला संबंध गहरा करने के प्रयास

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों से यहां मुलाकात की तथा रक्षा एवं व्यापार संबंधों को और गहरा करने को लेकर उनके साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने हिंद-प्रशांत और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

अमेरिका की तीन दिन की यात्रा पर आए मिसरी ने अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के अवर सचिवों माइकल डफी और एल्ब्रिज कोल्बी तथा वाणिज्य मंत्रालय के अवर सचिवों जेफरी केसलर और विलियम किमिट से मुलाकात की। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रक्षा क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच आदान-प्रदान की गति को बनाए रखते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने युद्ध नीति मामलों के लिए अवर सचिव एल्ब्रिज कोल्बी के साथ पेंटागन में व्यापक बातचीत की जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र और पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रम पर चर्चा हुई। कोल्बी ने पिछले महीने भारत का दौरा किया था और नयी दिल्ली में भारत-अमेरिका रक्षा नीति समूह की बैठक के इतर मिसरी से मुलाकात की थी। मिसरी की रक्षा मंत्रालय में अधिग्रहण और अनुरक्षण के लिए अवर सचिव डफी के साथ भी पेंटागन में सार्थक बातचीत हुई।



- वाशिंगटन में वरिष्ठ अधिकारियों से मिले विदेश सचिव विक्रम मिसरी

भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, विदेश सचिव विक्रम मिसरी की पेंटागन में अधिग्रहण और अनुरक्षण के लिए युद्ध विभाग के अवर सचिव माइक डफी के साथ सार्थक बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने पिछले वर्ष हस्ताक्षरित द्विपक्षीय प्रमुख रक्षा साझेदारी के ढांचे में तय महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के अनुरूप भारत और अमेरिका के बीच रक्षा उद्योग, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला संबंधों को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की।

## मंदिर में वर्ग के आधार पर प्रवेश रोके जाने से हिंदू धर्म बुरी तरह प्रभावित होगा: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि मंदिर और मठ पंथ तथा धर्म के भीतर के वर्गों के आधार पर प्रवेश पर रोक लगाते हैं तो इससे हिंदू धर्म बुरी तरह से प्रभावित होगा और समाज बंट जाएगा। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने वरिष्ठ वकील सी एस वैद्यनाथन की दलीलों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।

वैद्यनाथन ने दलील दी थी कि संविधान का अनुच्छेद 26(बी) किसी धार्मिक संप्रदाय को अपने कामकाज का प्रबंधन करने का अधिकार देता है और इसे अनुच्छेद 25(2)(बी) पर वरीयता मिलेगी, जो सरकार को सभी सार्वजनिक हिंदू धार्मिक संस्थानों को आम लोगों के लिए खोलने का अधिकार देता है। वैद्यनाथन केरल के शबरिमला मंदिर के भगवान अयप्पा के भक्तों की ओर से शीर्ष अदालत में उपस्थित हुए। शीर्ष कोर्ट की



- शबरिमला मंदिर में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव पर सुनवाई

नौ सदस्यीय पीठ शबरिमला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई तथा विभिन्न आस्थाओं के लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और विस्तार पर भी विचार कर रही थी।

वैद्यनाथन ने दलील दी कि किसी वर्ग विशेष का मंदिर अन्य व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति दे सकता है और उन्हें पूजा-अर्चना में शामिल कर सकता है या फिर वह इसे केवल अपने वर्ग तक ही सीमित रख सकता है। इस पर, न्यायमूर्ति नागरत्ना ने टिप्पणी की, एक आशंका है। अगर आप प्रवेश के अधिकार की बात करते हैं, खासकर वेंकटरमण देवरू मामले के संदर्भ में, जिसमें कहा गया था कि गौड़ सारस्वत ब्राह्मणों के अलावा किसी और को प्रवेश नहीं मिलेगा, तो इसका हिंदू धर्म पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा, प्रत्येक व्यक्ति को हर मंदिर और मठ में प्रवेश का अधिकार होना चाहिए। शबरिमला फैसले (2018) से जुड़े विवाद को एक तरफ रख दें। लेकिन अगर आप यह कहते हैं कि यह एक परंपरा है और यह धर्म का मामला है कि मैं दूसरों को बाहर रखूंगा और केवल मेरे वर्ग, मेरे संप्रदाय के लोग ही मंदिर में प्रवेश कर सकते हैं, कोई और नहीं, तो यह हिंदू धर्म के लिए अच्छा नहीं है। धर्म पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। यह उसके लिए नुकसानदायक ही साबित होगा। न्यायमूर्ति कुमार ने इस पर सहमति जताई।

### केंद्र की दलील... शबरिमला संबंधी फैसला पुरुषों के श्रेष्ठ होने की धारणा पर आधारित

**नई दिल्ली।** केंद्र ने केरल के शबरिमला मंदिर में विशेष आयुवर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर पाबंदी का समर्थन करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट का 2018 का फैसला इस धारणा पर आधारित है कि पुरुष श्रेष्ठ हैं और महिलाओं का स्थान उनसे नीचे है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ से कहा कि उन्होंने लिखित अभ्यावेदन दिया है और ऐसे उदाहरण पेश किए हैं जिनमें पुरुषों को मंदिरों में प्रवेश की अनुमति नहीं है। मेहता ने पीठ से कहा, यह देवी भगवती का मंदिर है, उससे कुछ आस्थाएं और मान्यताएं जुड़ी हैं। केरल में एक मंदिर है, मैंने उसके बारे में पढ़ा है, जहां पुरुष महिलाओं के वेश में जाते हैं। वे ब्यूटी पार्लर जाते हैं और परिवार की महिलाएं उन्हें साड़ी पहनने में मदद करती हैं। उन्होंने कहा, इसलिए यह पुरुष केंद्रित या महिला केंद्रित धार्मिक मान्यताओं का सवाल नहीं है। मौजूदा मामले में, यह महिला केंद्रित है।

### प्रीति सरन यूएन की अहम संस्था में नए कार्यकाल के लिए चुनी गईं

**न्यूयॉर्क।** वरिष्ठ राजनयिक प्रीति सरन को संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार समिति (सीईएससीआर) के लिए फिर से चुना गया है। उनका नया कार्यकाल 2027 से शुरू होगा और यह तीन साल का होगा।



जटिल वैश्विक सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के बीच, इस वैश्विक संस्था का कुशल नेतृत्व करने में उनकी विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए उन्हें समिति के लिए फिर से चुना गया है। राजदूत सरन वर्तमान में समिति की अध्यक्ष हैं। यह समिति आर्थिक और सामाजिक अधिकारों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय समझौतों को सदस्य देशों द्वारा लागू किए जाने के तरीकों की निगरानी करती है।

समिति संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के तहत संचालित होती है। भारतीय विदेश सेवा में अपने 36 वर्षों के शानदार करियर के दौरान, राजदूत सरन ने भारत में और एशिया, अफ्रीका, यूरोप तथा अमेरिका स्थित भारतीय मिशन में विभिन्न उच्च-स्तरीय पदों पर सेवा दी है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज का दिन उत्साह व निर्णय क्षमता से भरा रहेगा। धन संबंधी स्थितियां संतुलित रहेंगी। कार्यक्षेत्र में अटके हुए मामलों में गति आएगी।

**वृष** — आज का दिन मानसिक स्थिरता की मांग करता है। स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दें। किसी पुराने परिचित से लाभ का संकेत है।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। परिवार में कोई छोटा उत्सव हो सकता है। अचानक धन लाभ का भी संकेत है।

**कर्क** — आज भावनात्मक संतुलन बनाए रखें। किसी पुराने मित्र से चर्चा मन हल्का करेगी। नए अवसर मिलने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — आज नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। व्यापार में विस्तार की संभावना है। सरकारी कार्यों में प्रगति होगी। अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है।

**कन्या** — आज आप दक्षता व धैर्य के साथ कार्य करेंगे। कार्यालय में आपके सुझावों की सराहना होगी। किसी यात्रा के योग बन रहे हैं।

**तुला** — आज चंद्रमा के प्रभाव से दिन सकारात्मक रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा और मित्रों से सहयोग मिलेगा। आय के नए अवसर मिलने के संकेत हैं।

**वृश्चिक** — आज कर्मठता बढ़ेगी और किसी बड़े निर्णय का समय निकट है। पारिवारिक स्तर पर कोई महत्वपूर्ण बात सामने आ सकती है।

**धनु** — आज भाग्य प्रबल रहेगा। चंद्रमा आपकी राशि में स्थित होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि या नई जिम्मेदारी का योग है।


**मकर** — आज ऑफिस में आपके प्रयासों की प्रशंसा होगी। धन की बचत पर विशेष ध्यान दें। संध्या समय मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपकी योजनाओं को गति देगा। नए लोगों से संपर्क लाभदायक सिद्ध हो सकता है। प्रेम संबंधों में सकारात्मकता आएगी।

**मीन** — आज आपको निवेश से लाभ होगा। नया काम शुरू करने का शुभ समय है। पुराने विवाद भी समाप्त हो सकते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 10 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 23.15 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- पूर्वाषाढ़ा 11.28 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

### सुडोकू - 114 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |

### सुडोकू -115

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | 9 | | 2 |
| 8 | | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | | | 2 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | | | 3 | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 5 | | 9 | | | | |
| 3 | | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 2 | | 6 | | | | | 5 | |

## न्यूज डिकोडर

# डिजिटल किडनैपिंग

## टेक कंपनियों में तैयार किया ऐसा नशा जो आपके दिमाग को मुक्त ही नहीं होने देता

**अक्सर ऐसा होता है कि आप बस एक जरूरी मैसेज चेक करने के लिए फोन उठाते हैं, लेकिन अचानक आधे घंटे बाद आपको एहसास होता है कि आप इंस्टाग्राम पर रील देख रहे थे या यूट्यूब पर अनजान वीडियो। यह कोई इत्तफाक नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियां अरबों डॉलर खर्च करके ऐसे एल्गोरिदम बना रही हैं जो आपके दिमाग के डोपामाइन सिस्टम को कंट्रोल करते हैं।**

### असली खेल क्या है

**कंपनियां स्क्रीन पर बिताए आपके हर सेकंड से पैसा कमाती हैं, इसलिए उनका लक्ष्य आपको फोन से चिपकाए रखना है।**

**डोपामाइन लूप :** जब आप फोन पर कोई नोटिफिकेशन देखते हैं या लाइक मिलता है तो आपके दिमाग में डोपामाइन रिलीज होता है, जो खुशी महसूस कराता है। एआई जान जाता है कि आपको क्या कंटेंट दिखाकर यह नशा दिया जा सकता है।

**इनफिनिट स्क्रॉल :** फेसबुक या इंस्टाग्राम पर नीचे की तरफ खत्म न होने वाला पेज इसलिए बनाया गया है ताकि आपके दिमाग को रुकने और सोचने का मौका ही न मिले। यह ठीक वैसा ही है जैसे जुए की मशीन काम करती है।

**अटेंशन इकोनॉमी :** आज की दुनिया में आपका ध्यान सबसे महंगी मुद्रा है। इसे भुनाने के लिए एआई आपकी हर कमजोरी को ट्रैक करता है, चाहे वह गुस्सा दिलाने वाली खबरें हों या मनोरंजन ताकि आप स्क्रीन छोड़कर न जाएं।



### फैक्ट

क्या आप जानते हैं कि सिलिकॉन वैली के कई बड़े इंजीनियर, जिन्होंने लाइक बटन और स्क्रॉल फीचर बनाया, आज खुद अपने बच्चों को स्मार्टफोन से दूर रखते हैं। एक स्टडी के अनुसार, औसतन एक व्यक्ति दिन में 2,617 बार अपने फोन को टच करता है। डिजिटल डिटॉक्स करने वाले लोगों में फोकस करने की क्षमता सामान्य लोगों से 40% ज्यादा पाई गई है।

### आपके लिए जरूरी बातें

**डार्क पैटर्न्स :** वेबसाइट्स और एप्स ऐसे डिजाइन तैयार करते हैं जो आपको न चाहते हुए भी क्लिक करने पर मजबूर करते हैं। जैसे कि किसी सब्सक्रिप्शन को कैंसिल करने का बटन बहुत छोटा और गहरे रंग में छिपा देना, ताकि आप हार मानकर पैसे देते रहें।

**घोस्ट नोटिफिकेशन :** क्या कभी आपको महसूस हुआ कि आपकी जेब में फोन वाइब्रेट हुआ, लेकिन चेक करने पर कोई मैसेज नहीं था? इसे 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' कहते हैं। कंपनियों के एल्गोरिदम ने हमारे दिमाग को इस कदर ट्रेन कर दिया है कि हम हर वक्त फोन की तरफ भागने के लिए बेचैन रहते हैं।

**चॉइस आर्किटेक्चर :** एआई आपको यह महसूस कराता है कि आप अपनी पसंद का वीडियो देख रहे हैं, लेकिन असल में वह आपको वही दिखा रहा होता है जो वह चाहता है। यूपी नेक्स्ट और ऑटो प्ले फीचर्स आपके निर्णय लेने की क्षमता को खत्म कर देते हैं।

#### स्लीप डिस्टर्बेंस और ब्लू लाइट

रात के समय फोन का इस्तेमाल न केवल आपकी आंखों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि एआई एल्गोरिदम रात 11 बजे के बाद आपको ज्यादा उत्तेजक कंटेंट दिखाते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि इस समय आपका सेल्फ कंट्रोल सबसे कम होता है।

### एक्सपर्ट टिप्स

**ग्रे-स्केल मोड**
अपने फोन की सेटिंग्स में जाकर स्क्रीन को ब्लैक एंड व्हाइट कर दें। रंगीन-चमकीले आइकन दिमाग को ज्यादा आकर्षित करते हैं, ब्लैक एंड व्हाइट स्क्रीन फोन को नीरस बना देती है जिससे आप कम इस्तेमाल करेंगे।

**नोटिफिकेशन फिल्टर**
केवल जरूरी एप्स जैसे कॉल या वर्क मैसेज के नोटिफिकेशन ऑन रखें। सोशल मीडिया के लाइक-कमेंट के नोटिफिकेशन बंद करें।

**बेडरूम को नो फोन जोन बनाएं**
रात को सोते समय फोन को सिरहाने रखने के बजाय दूसरे कमरे में चार्ज करें। अलार्म के लिए फोन नहीं, साधारण घड़ी का उपयोग करें।

**20 मिनट का नियम**
जब भी एप खोलने की तीव्र इच्छा हो, खुद को कहें कि मैं इसे 20 मिनट बाद देखूंगा। अक्सर वह इच्छा तब तक खत्म हो जाती है।

- भारत में एक औसत व्यक्ति दिन भर में लगभग 4.5 से 5 घंटे मोबाइल फोन पर बिताता है। भारतीय यूजर हर महीने औसतन 31 जीबी डेटा खर्च कर रहे हैं।
- किशोरों-युवाओं के मामले में यह समय 7 से 8 घंटे तक पहुंच जाता है। दुनिया भर में मोबाइल इस्तेमाल के मामले में भारत शीर्ष देशों की सूची में शामिल है।

**ये हैं स्वास्थ्य को नुकसान**

- लगातार मोबाइल का इस्तेमाल शरीर की बनावट और कार्यक्षमता को प्रभावित करता है।
- गर्दन झुकाकर लंबे समय फोन चलाने से रीढ़ व गर्दन की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है।
- नीली रोशनी के कारण आंखों में सूखापन, जलन, धुंधली दृष्टि और सिरदर्द की समस्या।



“मैं इंपैक्ट सब नियम को युवा खिलाड़ियों के लिए मौके के रूप में देखता हूं। कइयों को यह नियम पसंद नहीं है लेकिन अगर एक बल्लेबाज या गेंदबाज टीम में जुड़ता है तो अधिक जोखिम वाले फैसले लिये जा सकते हैं।
–प्रभसिमरन सिंह


# स्टेडियम

कानपुर नगर, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

**अमृत विचार**
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**समय** - शाम 7:30 बजे

# ईडन गार्डन्स में लखनऊ का धमाल आखिरी गेंद पर कोलकाता को हराया

## आईपीएल-2026 : मुकुल चौधरी के सामने बेबस नजर आए केकेआर के गेंदबाज

**कोलकाता, एजेंसी**

मुकुल चौधरी की बेखौफ नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हराया।

एलएसजी ने 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर 128 रन पर मोहम्मद शमी के रूप में अपना सातवां विकेट गंवा दिया था। टीम को आखिरी चार ओवर में 54 रन चाहिए थे, और चौधरी ने आवेश खान (नाबाद एक) के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। एलएसजी के लिए आयुष बडोनी ने भी 54 रन की शानदार पारी खेली। चौधरी ने अपनी पारी की शुरुआती आठ गेंदों में केवल दो रन बनाए, लेकिन बाद में सात छक्के लगाकर नाबाद 54 रन बनाए। इनमें से वैभव अरोड़ा की गेंद पर महेंद्र सिंह धोनी के अंदाज में खेला गया हेलीकॉप्टर शॉट दर्शनीय था।

कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 181 रन बनाए। कैमरून ग्रीन ने मौजूदा सत्र में पहली बार गेंदबाजी करते हुए अपनी दूसरी गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत को आउट किया और टीम को शुरुआती सफलता दिलाई। हालांकि, पारी के 19वें ओवर में वह रन रोकने में नाकाम रहे। आखिरी दो ओवर में केकेआर को 30 रन की जरूरत थी, लेकिन ग्रीन ने 16 रन लुटा दिए। एलएसजी को अंतिम ओवर में 14 रन चाहिए थे, और वैभव अरोड़ा दबाव में चूक गए। आईपीएल के अपने पहले सत्र में तीसरा मैच खेल रहे चौधरी ने ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का मारकर स्कोर बराबर किया और फिर आखिरी गेंद पर चूकने के बाद एक रन लेकर टीम को यादगार जीत दिलाई। इससे पहले बडोनी ने 34 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाकर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। उनके बाद चौधरी की तेजी ने मैच का पासा पलट दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलएसजी ने सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (15) और एडेन मारक्रम (22) के बाद कप्तान ऋषभ पंत (10) और निकोलस पूरन (13) का विकेट सस्ते में गंवा दिया लेकिन चौधरी और बडोनी ने बेखौफ बल्लेबाजी से केकेआर की जीत के इंतजार को और बड़ा दिया।

केकेआर के लिए वैभव और अनुकूल रॉय ने दो-दो विकेट लिए कोलकाता के लिए यह चौथी हार थी, जबकि लखनऊ ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर तालिका में अपनी स्थिति मजबूत की। एलएसजी ने बीच के ओवरों में अनुशासित गेंदबाजी करते हुए केकेआर को चार विकेट पर 181 रन तक सीमित किया। मौजूदा सत्र में पहली जीत की तलाश में रही केकेआर की टीम शुरुआती 10 ओवर में एक विकेट पर 98 रन बना चुकी थी। कप्तान अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने 52 गेंदों में 84 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (नौ) के सस्ते में आउट होने के बाद भी टीम 200 के पार जाती दिख रही थी, लेकिन एलएसजी के गेंदबाजों ने 11वें से 14वें ओवर के बीच पारी का रुख बदल दिया। रहाणे (24 गेंदों पर 41 रन, चार चौके और दो छक्के) को स्पिनर दिग्वेश राठी ने आउट किया, और शमी ने उनका शानदार कैच लपका। अगले ओवर में रघुवंशी (33 गेंदों पर 45 रन, पांच चौके और दो छक्के) को मणिमारण सिद्धार्थ ने लॉन्ग-ऑन पर कैच कराया।



शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के बल्लेबाज मुकुल चौधरी।

### केकेआर

**181/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का शमी बो राठी | 41 |
| फिन ऐलन का राठी बो प्रिंस | 09 |
| अंगकृष रघुवंशी का मारक्रम बो सिद्धार्थ | 45 |
| कैमरुन ग्रीन नाबाद | 32 |
| रिंकू सिंह बो आवेश | 04 |
| रोवमैन पोवेल नाबाद | 39 |

**अतिरिक्त** : 11, गेंदबाजी : शमी 4-0-27-0, प्रिंस 4-0-47-1, सिद्धार्थ 3-0-34-1, राठी 4-0-25-1, आवेश 4-0-44-1

### एलएसजी

**182/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श का रघुवंशी बो वैभव | 13 |
| एडेन मारक्रम का पोवेल बो वैभव | 22 |
| ऋषभ पंत का त्यागी बो ग्रीन | 10 |
| आयुष बडोनी का रिंकू बो अनुकूल | 54 |
| निकोलस पूरन का रमनदीप बो त्यागी | 13 |
| अब्दुल समद बो अनुकूल | 02 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 54 |
| मो. शमी का अनुकूल बो नारायण | 01 |
| आवेश खान नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 10, **गेंदबाजी** : वैभव 4-0-38-2, अनुकूल 4-0-32-2, सैनी 3-0-37-0, नारायण 4-0-13-1, त्यागी 3-0-31-1, ग्रीन 2-0-28-1

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.403 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 3 | 2 | 0 | 1 | 5 | 0.637 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.501 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.811 |
| 5. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.359 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.270 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.517 |

### ऑरेंज कैप





यशस्वी जायसवाल
राजस्थान–170 रन
समीर रिजवी
दिल्ली – 160 रन
अंगकृष रघुवंशी
कोलकाता–155 रन

### पर्पल कैप





रवि बिश्नोई
राजस्थान– 7 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात – 6 विकेट
राशिद खान
गुजरात– 5 विकेट

# कोनोली को टाइमिंग और लय पर भरोसा

- पावर हिटिंग के दौर में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज ने संयमित पारी खेल सभी को किया प्रभावित

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

टी20 क्रिकेट में पावर हिटिंग (ताकत वाले शॉट) के इस दौर में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज कूपर कोनोली सफलता के लिए टाइमिंग, लय और आत्मविश्वास पर भरोसा करते हैं। ऑस्ट्रेलिया के इस 22 साल के खिलाड़ी ने अपने आईपीएल पदार्पण पर 44 गेंदों पर नाबाद 72 रन की संयमित पारी खेलकर प्रभावित किया।

उनकी इस पारी से पंजाब किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुरुआती मैच में तीन विकेट से जीत मिली। इस पारी ने उनके इस विश्वास को मजबूत किया कि क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में दबदबा बनाने के लिए सिर्फ पावर हिटिंग ही जरूरी नहीं है। हर खिलाड़ी की अपनी ताकत होती है और मैं अपनी उन्हीं खूबियों पर कायम रहना चाहता हूं, जिन्होंने अब तक मुझे सफलता दिलाई है। कोनोली ने में कहा बेशक, टी20 क्रिकेट में ताकत (पावर) एक बड़ा हिस्सा बनती जा रही है, लेकिन इसके अलावा भी कई तरीके हैं और मैं उन्हें समझने और सीखने की कोशिश करूंगा। अपनी मौजूदा शैली में सहज कोनोली मानते हैं कि लय पर आधारित उनका खेल उन्हें टीम के लिए सबसे प्रभावी योगदान देने में मदद करता है।

## हाईलाइट

### भारत के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर गोपीनाथ का निधन

**चेन्नई**। टेस्ट में भारत की पहली जीत दर्ज करने वाली टीम के सदस्य रहे देश के सबसे उम्रदराज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर सीडी गोपीनाथ का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गोपीनाथ ऑस्ट्रेलिया के महान नील हार्वी (97) के बाद दुनिया के दूसरे सबसे उम्रदराज क्रिकेटर थे। उनके निधन के बाद मुंबई के 95 वर्षीय चंद्रकांत पाटणकर अब देश के सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बन गए हैं। पाटणकर ने 1955 में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट खेला था।

### आयुष क्वार्टर फाइनल में, सिंधु और प्रणय हारे



**निंगबो**। भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए लेकिन पी वी सिंधू महिला एकल में हारकर बाहर हो गई। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज आयुष ने 20वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के चि यू जेन को 21.6, 21.12 से हराया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा। भारत के बाकी खिलाड़ियों के लिये बृहस्पतिवार का दिन निराशाजनक रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग झियि ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21.18, 21.8 से हराया। कंधे की चोट से उबरकर वापसी करने वाले एच एस प्रणय को चीन के वेंग होंग यांग ने 21.12, 21.19 से मात दी।

### वैष्णवी व सहजा को शिकस्त दे, इंडोनेशिया ने भारत को हराया

**नई दिल्ली**। वैष्णवी अडकर और सहजा यमलापल्ली की एकल मुकाबलों तथा अंकिता रैना और ऋतुजा भोसले की जोड़ी की हार से बिली जीन किंग कप के एशिया-ओशियाना ग्रुप-1 मुकाबले में बृहस्पतिवार को यहां इंडोनेशिया ने भारत को 3-0 से करारी शिकस्त दी। इस हार से भारत के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। वैष्णवी ने प्रिस्का मेडेलिन नुग्रोहो को कड़ी चुनौती दी, लेकिन उन्हें दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा, जबकि सहजा विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज जेनिस ट्येन के सामने सहज नहीं दिखीं। विश्व रैंकिंग में 391वें पायदान पर काबिज पुणे की वैष्णवी ने मुकाबले में दमखम दिखाया, लेकिन 419वीं रैंकिंग वाली प्रिस्का की चुनौती से पार नहीं पा सकीं।

# टी-20 में नौ विकेट लेकर कार्डोसा ने रचा इतिहास

**ब्रासीलिया, एजेंसी**

ब्राजील की तेज गेंदबाज लॉरा कारडोसो ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह पुरुषों या महिलाओं के टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक ही पारी में नौ विकेट लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं।

कारडोसो ने लेसोथो के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए चार रन देकर नौ विकेट चटकाए जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े है। उन्होंने गैबोरोन में बोत्सवाना क्रिकेट संघ ओवल दो मैदान पर बीसीए कालाहारी महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल की। पिछला रिकॉर्ड भूटान की सोनम येशे के नाम था जिन्होंने 2025 में पुरुषों के टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में म्यांमार के खिलाफ सात रन देकर आठ विकेट लिए थे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार महिलाओं के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में कारडोसो ने इंडोनेशिया की रोहमालिया के 2024 में मंगोलिया के खिलाफ बिना रन के सात विकेट चटकाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। बृहस्पतिवार को हुए मैच में ब्राजील ने रॉबर्टा एवरी (35 गेंद पर 48 रन) और मोनिके मचाडो (41 गेंद पर नाबाद 69 रन) की शानदार पारियों की मदद से 202 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इसके जवाब में लेसोथो की टीम 6.2 ओवर में सिर्फ 13 रन पर सिमट गई।






# आरसीबी-रॉयल्स मैच में नजरें शीर्षक्रम के बल्लेबाजों पर

**गुवाहाटी, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी से मिल रही आक्रामक शुरुआत के साथ राजस्थान रॉयल्स शुक्रवार को यहां गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल के मैच में अपना दबदबा कायम रखना चाहेगी जबकि आरसीबी की उम्मीदें फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल पर टिकी होंगी।

दो साल पहले टी20 क्रिकेट से विदा लेने के बावजूद आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में कमी नहीं आई है। उनके मार्गदर्शन में आरसीबी ने संतुलित शीर्षक्रम तैयार कर लिया है और पिछले मैच में फिल साल्ट ने भी उम्दा पारी खेली थी। तीसरे नंबर पर उतर रहे पडिक्कल ने घरेलू क्रिकेट का अपना फॉर्म कायम रखते हुए संतुलित आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी की है।

आईपीएल में अपने पदार्पण सत्र में आरसीबी के लिए 473 रन बनाने वाले पडिक्कल बाद में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के साथ उस सफलता को दोहरा नहीं सके थे। पिछले सत्र में वह आरसीबी में लौटे और पहली बार उसे आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस सत्र में भी उन्होंने पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 29 गेंद में 50 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 गेंद में 61 रन बनाए। कप्तान रजत पाटीदार और आस्ट्रेलिया के टिम डेविड मध्यक्रम को मजबूती देते हैं। आरसीबी के गेंदबाजों ने भी इस सत्र में प्रभावित किया है। जैकब डफी ने जोश हेजलवुड की कमी पूरी की है तो बीच के ओवरों में क्रृणाल पंड्या और सुयश शर्मा ने रन रोके हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

### टीम

**राजस्थान रॉयल्स** : रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** : रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की ओस्तवाल, सात्विक देसवाल।

### सूर्यवंशी असली सुपरस्टार बन सकते हैं : स्मिथ

**नई दिल्ली** : बेहद प्रतिभावान वैभव सूर्यवंशी के प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और अब दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ग्रीम स्मिथ ने आईपीएल 2026 में उनके प्रदर्शन के बाद 15 साल के इस भारतीय खिलाड़ी को ‘असली सुपरस्टार’ बताया है। सूर्यवंशी ने मंगलवार को बारिश से बाधित मैच में राजस्थान रॉयल्स की मुंबई इंडियंस पर 27 रन की जीत के दौरान दुनिया के सबसे अच्छे टी20 गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। इस युवा खिलाड़ी ने 14 गेंद में 39 रन की पारी के दौरान बुमराह के ओवर में दो छक्के जड़े। स्मिथ ने अपने ब्लॉग में लिखा आईपीएल ठीक वैसे ही शुरू हुआ है जैसा मैंने सोचा था, सपाट पिचों और बड़े स्कोर वाले मुकाबलों के साथ। हमेशा की तरह यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे पुराने सुपरस्टार कैसा प्रदर्शन करते हैं लेकिन मुझे लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी पर शुरुआती कुछ हफ्तों में नजर रखनी होगी।

**लिया पक्ष**

गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक रन न लेने की हो रही आलोचना, मुकाबले में दिल्ली ने गंवा दिया था मैच

# डेविड मिलर की मंशा में खोट नहीं निकाल सकते : गावस्कर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के रोमांचक मैच में एक रन लेने से इनकार करने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज डेविड मिलर का बचाव करते हुए कहा कि उनकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते ।

जीत के लिए 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को दो गेंद में दो रन की जरूरत थी लेकिन आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर मिलर ने एक रन लेने से इनकार कर दिया। वह आखिरी गेंद पर चूके लेकिन एक रन के लिये भागे लेकिन जोस बटलर के थ्रो पर कुलदीप यादव रन आउट हो गए। गावस्कर ने ''जियो हाटस्टार'' से कहा डेविड मिलर बहुत अच्छा खेल रहा था और उसे खुद पर भरोसा था कि वह मैच फिनिश करेगा। उसकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते।

प्रसिद्ध कृष्णा ने एक शानदार धीमा बाउंसर डाला जिसे वह खेल नहीं सका । दबाव के हालात में ऐसा हो जाता है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गावस्कर ने कहा कि दबाव के हालात में मैच की स्थिति को लेकर चौकस रहना काफी अहम है जो भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 1986 में टाई रहे मैच में दिखाई थी। चेन्नई में उस मैच में भारत 348 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा था। शास्त्री ने नाबाद 48 रन बनाये और सही समय पर एक रन लेकर भारत को 347 रन तक पहुंचाया जबकि आखिरी गेंद पर मनिंदर सिंह आउट हो गए। वह मैच ड्रॉ रहा। गावस्कर ने कहा इसी समय पर मैच के हालात को लेकर जागरूक रहना जरूरी है। मुझे इससे रवि शास्त्री का वह एक रन याद आता है जो 1986 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने सही समय पर लेकर स्कोर बराबर कर दिया था।

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान की तारीफ की जिन्होंने गुजरात के लिये चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने कहा राशिद खान ने जबर्दस्त गेंदबाजी की । लेकिन एक ईकाई के रूप में गुजरात की गेंदबाजी उतनी अच्छी नहीं थी लेकिन खेल में ऐसा होता है।

### अक्षर ने शांति बनाए रखने का किया आग्रह

**नई दिल्ली**। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने गुजरात टाइटंस के हाथों एक रन की दिल तोड़ने वाली हार के बाद अपनी टीम से शांत रहने और अपना हौसला बनाए रखने की अपील की। अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को मैच के बाद फ्रेंचाइजी द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में, अक्षर ने ड्रेसिंग रूम में अपने साथियों को संबोधित करते हुए, इस करीबी हार के बावजूद सकारात्मक बने रहने का आग्रह किया। अक्षर ने साथियों से कहा सीजन की शुरुआत में, मैंने कहा था, आप जानते हैं, अपनी भावनाओं पर काबू रखें और किसी भी स्थिति में शांत रहें। सभी, आप जानते हैं, दुखी हैं, बुरा महसूस कर रहे हैं। हम फिर भी मुस्कुरा सकते हैं, यह ठीक है। यह एक लंबा टूर्नामेंट है। मुझे लगता है कि अगर उसने वे छक्के नहीं मारे होते, तो मुझे नहीं लगता कि हम, आप जानते हैं, खेल में बने रहते। हम चेन्नई जाएंगे और फिर से शुरुआत करेंगे।





# प्रीति, मीनाक्षी के नेतृत्व में भारत की स्वर्णिम सफलता

**एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप**

**उलानबटोर (मंगोलिया), एजेंसी**

मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार के नेतृत्व में भारत ने बृहस्पतिवार को एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदकों की झड़ी लगा दी।

मीनाक्षी (48 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) के अलावा प्रिया घंघास (60 किग्रा) और ‘वर्ल्ड बॉक्सिंग कप’ की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) ने भी फाइनल जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारत को सबसे बड़ा झटका 57 किग्रा वर्ग में लगा, जहां मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लंबोरिया को थाईलैंड की दो बार की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पुनरावी रूएनरोस (पूर्व नाम जुतामास जितपोंग) से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारत को एक और रजत पदक अल्फिया पठान (80+ किग्रा) के रूप में मिला, जो फाइनल में कजाखस्तान की दीना इस्लामबेकोवा से 0-5 से हारकर उपविजेता रहीं। फाइनल में पहुंचने के साथ ही भारतीय मुक्केबाजों ने इस वर्ष होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए भी क्वालीफाई कर लिया, जो भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) की चयन नीति के अनुरूप है।



पदकों के साथ भारतीय मुक्केबाज। एजेंसी